TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 218
बुधवार 4 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 32°C
न्यूनतम 24°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# सूबे में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में 11 में से 10 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

**लखनऊ, 3 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में पूर्व अग्निवीरों को पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में आरक्षण देने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होम स्टे नीति-2025 को भी मंजूरी दे दी गई। लोकभवन के सभागार में आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति दी है।

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गयी सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी। वित्त मंत्री ने बताया कि भारत

**कैबिनेट फैसला**

- योगी कैबिनेट में पर्यटन विभाग की 'बेड एंड ब्रेकफास्ट व होम स्टे नीति-2025' का अनुमोदन
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत होगा अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण
- 5 मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति

सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है।

इसके तहत अग्नि वीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्नि वीरों को प्रदेश सरकार के इस



निर्णय का लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होम स्टे नीति-2025 को भी मंजूरी दे दी गई। इस नई नीति का उद्देश्य राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा उपलब्ध करना है। पर्यटन विभाग के इस प्रस्ताव से प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के आवास की समस्या का समाधान होगा। बीएंडबी एवं होम स्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार 7 दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी।

अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी। कैबिनेट फैसला की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे इकाइयों के लिए 500 रुपये से 750 रुपये तक का नाममात्र शुल्क लिया जाएगा।

वहीं, शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए दो हजार रुपये का आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के कारण यह राज्य विदेशी और घरेलू पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। राज्य में पहले ऐसी कोई नीति न होने के ■ शेष पेज 11 पर

# ट्रम्प का फोन आया, नरेंद्र तुरंत सरेंडर हो गए : राहुल

**भोपाल, 3 जून।** मध्य प्रदेश दौरे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के साथ सीजफायर में ट्रंप के दावों का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार से सवाल पूछे। भोपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, ट्रंप का एक फोन आया और नरेंद्र तुरंत सरेंडर हो गए। इतिहास गवाह है यही बीजेपी-आरएसएस का कैरेक्टर है, ये हमेशा झुकते हैं।

कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने कहा, भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं और कभी झुकते नहीं हैं।

इंदिरा गांधी के समय फोन कॉल नहीं सातवां बेड़ा आया था, लेकिन इंदिरा गांधी ने कहा मुझे जो करना है वो करूंगी। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल ये सरेंडर वाले लोग नहीं हैं, बल्कि



- अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था
- दवाब के कारण जाति जनगणना की बात बोल गई सरकार

सुपरपावर से लड़ने वाले लोग हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा एक तरफ कांग्रेस पार्टी है और देश का संविधान है। दूसरी तरफ बीजेपी-आरएसएस है, जो संविधान को खत्म करने में लगी है।

जातिगत जनगणना को लेकर भी उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दवाब के कारण बीजेपी और आरएसएस के लोग जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 4,000 से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित, 24 घंटे में पांच की मौत

**नई दिल्ली, 3 जून।** भारत में कोरोना की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। देश में मंगलवार तक कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 4,000 को पार कर गई। पिछले 24 घंटों में पांच लोगों की मौत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने केरल में एक, महाराष्ट्र में दो, तमिलनाडु में एक और पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति की कोरोना की वजह से मौत की पुष्टि की है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना संक्रिमत लोगों की संख्या 4026 है। सबसे ज्यादा संक्रमित लोग केरल में मिले हैं। इनकी संख्या 1416 है। महाराष्ट्र में संक्रमित लोगों की संख्या 494, गुजरात में 397 और दिल्ली में 393 है। हालांकि पिछले 24 घंटे में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संक्रमित लोगों की संख्या में 90 की कमी आई है। गुजरात में लहर बढ़ी है। संक्रमित लोगों की संख्या 59 का इजाफा हुआ है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 51.1 करोड़ की कोकीन बरामद

**मुंबई, 3 जून।** मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट की टीम ने मंगलवार को एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 52 करोड़ रुपये कीमत की कोकीन बरामद हुई है। उसने यह कोकीन अपने शरीर के अलग-अलग हिस्से में छिपा रखी थी। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम टीम कर रही है। कस्टम सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि उनकी एयर इंटेलिजेंस यूनिट को विदेश से ड्रग सहित तस्कर के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर कस्टम टीम मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी।

### पीएम ने सीएम को फोन कर असम की बाढ़ का जाना हाल

**गुवाहाटी, 3 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा को फोन कर असम में आई बाढ़ को लेकर बातचीत की। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि कुछ समय पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में बाढ़ की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए मुझे फोन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, मैंने उन्हें बताया कि किस तरह असम और आस-पास के राज्यों में लगातार बारिश के कारण बाढ़ आई है और इससे कई लोगों की जान पर असर पड़ा है। मैंने उन्हें राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत अभियान के बारे में भी बताया।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को फटकार लगाई

**बेंगलुरु, 3 जून।** कन्नड़ भाषा के खिलाफ अपने विवादित बयान के लिए माफी नहीं मांगने वाले कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में रिलीज में रुकावटें आ गई हैं। उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ। उनके इस बयान के बाद कर्नाटक सरकार ने उनकी फिल्म ठग लाइफ की रिलीज पर रोक लगा दी। इसके खिलाफ हासन ने हाई कोर्ट का रुख किया, लेकिन अब अदालत ने भी इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है। फिल्म के लिए सुरक्षा की मांग को लेकर कमल हासन की याचिका पर आज हाई कोर्ट ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान जस्टिस एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि आप माफी मांग लें, तो कोई समस्या नहीं होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष की विशेष सत्र की मांग

**आईएनडीआई गठबंधन की हुई बैठक**

**नई दिल्ली, 3 जून।** आईएनडीआई गठबंधन की कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में मंगलवार को बैठक हुई जिसमें 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

बैठक के बाद विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने संयुक्त तौर पर पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने विशेष सत्र की अपनी मांग को दोहराया। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पहलगाम हमला से लेकर ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर तक की घटनाओं और उसके बाद हुए डिप्लोमेटिक डेवलपमेंट पर चर्चा होनी चाहिए। भारत ने क्या पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग-थलग कर दिया है? यदि नहीं, तो आगे की रणनीति क्या है? इन सब मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। सत्र में सशस्त्र बलों को कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया जाए और उनकी वीरता को सलाम दिया जाए। साथ ही आगे की दिशा पर विचार किया जाए। समाजवादी पार्टी सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर की घोषणा कर दी।

# हमारी सेना ने आठ घंटे में फेल कर दी प्लानिंग

**नई दिल्ली, 3 जून।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि हमने 7 मई को सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि किसी भी मिलिट्री ऑपरेशन में नुकसान होना महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि सफलता लक्ष्य पाने से आंकी जाती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी मापदंडों के आधार पर विशेष डेटा निकाल कर इस संघर्ष में हुए नुकसान की जानकारी साझा की जाएगी।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान आज पुणे में सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी के रक्षा एवं रणनीतिक विभाग की ओर से 'फ्यूचर वार एंड वारफेयर' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

पिछले दिनों सिंगापुर में दिए गए बयान की चर्चा अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि उन्होंने आज कहा कि हमने 7 मई को सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को

**बोले सीडीएस**



- पाकिस्तान भारत को 48 घंटे में हराना चाहता था : सीडीएस

सूचित कर दिया था। इसके बाद जब पाकिस्तान की तरफ से बयानबाजी हुई, तो हमने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करता है, तो हम जवाबी हमला करेंगे, उन पर और भी जोरदार हमला करेंगे।

सिंगापुर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की तरफ से हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर सीडीएस ने कहा कि जब मुझसे हमारी तरफ से हुए नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं है।

परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। मान लीजिए आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने जाते हैं और आप किसी तरह से जीत जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका सवाल नहीं रह जाता है। तकनीकी मापदंडों के आधार पर हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और कितने रडार नष्ट किए। ■ शेष पेज 11 पर

# असम में बाढ़ से 22 जिले प्रभावित

**गुवाहाटी, 3 जून।** लगातार बारिश से असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ब्रह्मपुत्र (निमातीघाट, तेजपुर), सुबनसिरी (बड़ाटीघाट), बुरीदिहिंग, धनसिरी (नुमलीगढ़), कपिली (कामपुर, धरमटुल), बराक (छोटा बेकरा, फुलेर्टल, एपी घाट, बीपी घाट), रुकनी (धोलाई), धलेस्वरी (घरमुरा), कटाखाल (मातिजुरी) और कुशियारा (श्रीभूमि) नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ से 22 जिले प्रभावित हैं। जिनमें लखीमपुर, नगांव, कछार, डिब्रूगढ़, माजुली, तिनसुकिया, शिवसागर, दरंग, गोलाघाट, कामरूप, मोरीगांव, होजाई, हैलाकांदी, धेमाजी, जोरहाट, शोणितपुर, बिस्वनाथ, कामरूप (एम), कार्बी आंगलोंग, कार्बी आंगलोंग वेस्ट, डिमा हसाओ और श्रीभूमि जिले शामिल हैं। अब तक 1254 गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। 5,15,039 लोग प्रभावित हुए हैं। 12,610.27 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हुई है।

# यमुना में नहाने गईं छह लड़कियों की डूबने से मौत

**आगरा, 3 जून।** आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ। यमुना में नहाने गईं छह बहनों की डूबकर मौत हो गई। मौत से पहले बहनों ने रील बनाई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने घटनास्थल की ओर दौड़ लगा दी।

पुलिस- प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना मंगलवार सुबह 10:30 बजे की है। थाना सिकंदरा क्षेत्र में नगला नाथू के पास 18 वर्षीय मुस्कान अपनी छोटी बहन संध्या, दिव्या, चचेरी बहन नैना,

**हादसा**

- मौत से पहले बहनों ने बनाई रील
- आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी को निकाला बाहर

मौसी की बहन सोनम, सुहानी और चचेरे भाई दीपेश के साथ यमुना में नहाने गई थी। सभी बहन-भाई नदी में नहा रहे थे। अचानक संध्या गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के लिए मुस्कान और दिव्या गईं। वह भी गहरे पानी में चली गईं। छह लड़कियों के डूबने की सूचना पर पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी समेत तमाम अधिकारियों ने मौके की ओर दौड़ लगा दी। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी को गहरे पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक युवती सहित चार की मौत हो चुकी थी। दो बच्चियों की सांस चल रही थी। पुलिस ने बच्चियों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ देर के इलाज के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। ■ शेष पेज 11 पर

# हरिद्वार जमीन घोटाला में 10 अधिकारी निलंबित

**अब पूरे मामले की विजिलेंस करेगी जांच**

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर की गई यह कार्रवाई**

**देहरादून, 3 जून।** प्रदेश की धामी सरकार ने हरिद्वार में 54 करोड़ के जमीन घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। मामले में मंगलवार को दो आईएएस, एक पीसीएस अफसर समेत सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इसी के साथ विजिलेंस को जमीन घोटाले की जांच सौंप दी गई है।

हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हेक्टेयर भूमि को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर, रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। ■ शेष पेज 11 पर




लखनऊ के गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में दीप प्रज्जवलित करते सीएम योगी आदित्यनाथ। - छाया तरुणमित्र

# एसएससी की नई अधिसूचना को हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

**कोलकाता, 3 जून।** स्कूल सर्विस कमीशन द्वारा जारी की गई नई भर्ती अधिसूचना को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। इस बार मामला सीधे कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचा है, जहां 2016 की भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अभ्यर्थियों ने नई अधिसूचना को चुनौती देते हुए कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना है।

याचिकाकर्ता लुबाना परवीन ने हाईकोर्ट की गर्मी की छुट्टियों के विशेष पीठ के समक्ष याचिका दाखिल की है। मंगलवार को न्यायमूर्ति पार्थसारथी चट्टोपाध्याय ने केस दाखिल करने की अनुमति दी। अब यह मामला आगामी 5 जून को न्यायमूर्ति राजा बोस चौधुरी की पीठ में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। बंगाल, स्कूल सर्विस कमिशन ने 29 मई को नई भर्ती प्रक्रिया के नियम और 30 मई को 44 हजार पदों के लिए अधिसूचना जारी की थी।

**एक्सिओम मिशन 4 : भारत के अंतरिक्ष अभियान में बड़ी सफलता**

# 8 जून को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे शुभांशु

तरुणमित्र

**नई दिल्ली, 3 जून।** कैप्टन शुभांशु शुक्ला वो शख्सियत है जो इस 8 जून को एक्सिओम मिशन 4 के अंतर्गत फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए उड़ान भरेंगे। भारत के लिए अंतरिक्ष मिशन एक्सिओम मिशन 4 भारतीय अंतरिक्ष अनुसन्धान संस्थान इसरो के महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियान का अहम हिस्सा है।

यह मिशन भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। भारत के नामित 'गगनयात्री' ग्रुप कैप्टन शुभांशु स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन आईएसएस की यात्रा के लिए तैयार हैं।

**अभियान**

- 4 सदस्यीय दल में एकमात्र भारतीय अंतरिक्ष यात्री
- राकेश शर्मा के बाद गगन छूने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु
- फ्लोरिडा से होगी उड़ान, 14 दिन रहेंगे अंतरिक्ष स्टेशन में

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए इस मिशन के गहन महत्व को रेखांकित किया है, और कहा है कि यह वर्षों की योजना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 अगस्त, 2018 को गगनयान कार्यक्रम की घोषणा के साथ शुरू की गई रणनीतिक दृष्टि की परिणति का प्रतिनिधित्व करता है।

अब तक, मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत का अनुभव सीमित रहा है, केवल 1984 में राकेश शर्मा का मिशन ही एक मिसाल के तौर पर काम कर रहा है। मिशन के लिए चयन प्रक्रिया बहुत कठोर थी, जिसमें ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को मुख्य मिशन पायलट और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को बैकअप के रूप में चुना गया।

दोनों उम्मीदवारों को उनकी उत्कृष्टता के लिए मान्यता दी गई, लेकिन मिशन के लिए केवल एक का ही चयन किया जा सका। डॉ. नारायणन ने दोनों अंतरिक्ष यात्रियों पर पूरा भरोसा जताया और चयन प्रक्रिया की गहनता तथा इसरो की 20,000 पेशेवरों की टीम द्वारा अपनाए ■ शेष पेज 11 पर

# सीवान में आंधी-तूफान से तबाही, सात लोगों की मौत

**पटना, 3 जून।** बिहार में आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश से चौतरफा तबाही हुई है। सोमवार देर शाम राज्य के सीवान जिले में इस प्राकृति आपदा में सात लोगों की जान चली गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक बुजुर्ग शामिल हैं। आंधी-तूफान के बीच हुई तेज बरसात के बीच बड़ी संख्या में पेड़ गिर गए हैं। घरों की दीवारें और छतें भरभरा कर ढह गईं।

सीवान के बरहड़िया थाना के बहादुर गांव में 30 वर्षीय मजदूर शाहिद अख्तर की मौत तेज आंधी-तूफान में छत पर काम करते हुए संतुलन बिगड़ने से गिरकर हो गई। बसंतपुर थाना क्षेत्र के बसांव गांव के 55 वर्षीय नंदकिशोर सिंह पर एक नीम का पेड़ गिर गया। उनकी मौके पर मौत हो गई। बसंतपुर थाना क्षेत्र विशुनपुरा गांव में 40 वर्षीय अलीमुन बेगम पर महुआ का पेड़ गिर गया। वह मौके पर जान गंवा बैठे। लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र बाजितपुर गांव के 35 वर्षीय व्यवसायी यूसुफ अली के कार पर बरगद का पेड़ गिर गया।

इस हादसे में उनकी मौत हो गई। लखनौरा गांव में 52 वर्षीय कलपती देवी घर की दीवार गिरने से मलबे में दब गईं और उनकी जान चली गई। माधोपुर गांव में विजय प्रसाद की पत्नी चंद्रवंती देवी आंगन में थीं। तभी आम का पेड़ उन पर गिर गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जीबी नगर थाना क्षेत्र के सतवार गांव में 75 वर्षीय श्रीराम प्रसाद की झोपड़ी ढह गई।

# चौथे बड़े मंगल पर जगह-जगह भंडारा सम्पन्न

## श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया प्रसाद



रायबरेली, 03 जून (तरुणमित्र)। ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर शहर के अलग-अलग मोहल्लों, सरकारी व निजी संस्थानों में भंडारे का आयोजन किया गया। आईटीआई लिमिटेड के प्रशासनिक गेट पर एक विशाल भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पूजा का शुभारंभ आईटीआई लिमिटेड रायबरेली के इकाई प्रमुख राजीव कुमार श्रीवास्तव एवं मानव संसाधन प्रमुख ए एन सिंह एवं वित्त प्रमुख रजनीश भटनागर द्वारा पवनपुत्र हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष फूल माला चढ़ाकर पूजा अर्चन किया। पूजा का पूरा कार्यक्रम पुजारी वैभव शुभम मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया।

ततपश्चात हनुमानजी चालीसा के साथ ही हनुमानजी की आरती कर पूजा सम्पन्न हुई। मानव संसाधन प्रमुख ए एन सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से सभी लोगों में भक्ति के साथ-साथ धर्म के प्रति समन्वय स्थापित होता है।

इस अवसर पर कुलभूषण शुक्ला, आशुतोष तिवारी, राजेंद्र सिंह सेंगर, कवि राम लखन वर्मा, एन के शर्मा, मनोज कुमार पांडेय, केके चौधरी के अलावा संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस पूजा में बढ़चढ़ सहयोग किया। बजरंगबली जी के इस विशाल भण्डारे में संस्थान कर्मियों के अलावा आस-पास की क्षेत्रीय हनुमान भक्तों ने सैकड़ों की संख्या में महाप्रसाद ग्रहण किया। जिला पुस्तकालय के सामने भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य पीयूष जी ने हनुमान जी की पूजा और भोग अर्पण से कराई।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भंडारे मेंहजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारा एक ऐसा आयोजन है जहाँ हर समुदाय के लोग मिलकर भोजन बनाते हैं और प्रसाद के रूप में बांटते हैं। युवा समाजसेवी आशीष पाठक राष्ट्रीय महासचिव गौ रक्षा मंच ने बताया कि बड़े मंगल का भंडारा शहर में सौहार्द का प्रतीक बन चुका है।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन हनुमान जी को समर्पित है। यह सामाजिक समरसता को मजबूत करता है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की भंडारे में श्रद्धालुओं को चना लड्डू आम शरबत और ठंडे पानी का प्रसाद दिया गया। इस मौके पर कृष्ण कुमार, मनीष चौरसिया, विनय द्विवेदी, राकेश गुप्ता, विनय त्रिवेदी, कृपाल पाठक, ओम प्रकाश अवस्थी, प्रिंस त्रिपाठी, सनी मोदनवाल सहित तमाम भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

# शासकीय योजनाओं की पत्रावलियों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये : डीएम



प्रतापगढ़, 03 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एलडीएम ने शासकीय योजनाओं के प्रगति की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड वित्तीय वर्ष 2024-25 के कुल भौतिक लक्ष्य 114970 निर्धारित किया गया था, वर्तमान वित्तीय वर्ष में फसल के लिये कुल 167447 भौतिक आवेदन स्वीकृत हुये है जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड में पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सेन्ट्रल बैंक, ऑफ ऑफ इण्डिया, यूको बैंकों की प्रगति के सापेक्ष प्रतिशत कम पाया गया जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये और समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं बैंक मैनेजरों को निर्देशित किया गया कि ब्रान्चवार विवरण रखा जाये, कब-कब आवेदन पत्र ब्रान्च को भेजे गये है अपने डिस्ट्रिक्ट हेड और एलडीएम को भेजा जाये, इसकी समीक्षा एलडीएम सम्बन्धित ब्रान्च मैनेजर के साथ आयोजित करायें।

उन्होंने कहा कि बैंकों में जो भी पहले के आवेदन लम्बित पड़े है उनका यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाये, जिन बैंकों में सबसे ज्यादा लम्बित प्रकरण है सम्बन्धित अधिकारी बैंक से समन्वय कर अपने आवेदनों के प्रकरणों की जानकारी लें। उन्होंने कहा कि 15 दिन में जो भी आवेदन आये हुये है उनका निस्तारण करायें, जिनकी पात्रता की शर्तें पूरी नही है ऐसी पत्रावलियों को निरस्त किया जाये। डीएम ने कहा कि जिन आवेदन पत्रों में सारे कागजात न लगे हो सम्बन्धित विभाग को वापस भेजें और इन प्रकरणों पर मीटिंग में वार्ता की जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़, 03 जून (तरुणमित्र)।** सांगीपुर पुलिस ने मंगलवार की सुबह दुष्कर्म तथा धमकी के वांछित आरोपी को धर दबोचा। दरोगा सचिन पटेल फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। देउम चौराहे के पास दुष्कर्म तथा जानलेवा धमकी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी देउम पूरब निवासी पवन यादव पुत्र भगौती प्रसाद यादव को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया।

### आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 03 जून (तरुणमित्र)।** युवक की दुर्घटना में मौत को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बेलहा निवासी जयराम वर्मा के पुत्र राममूर्ति वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा है कि बाइस मई को उसका पुत्र नागेन्द्र कुमार वर्मा बाइक से नया का पुरवा बाजार गया था। घर लौटते समय बेलहा मोड़ पर नेशनल हाइवे के रानीगंज कैथौला की तरफ से आ रही दोपहिया बाइक ने पीछे से टक्कर मार दिया। दुर्घटना में घायल नागेन्द्र का प्रयागराज के स्वरूपरानी में इलाज के दौरान सत्ताईस मई को निधन हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने व गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

### दबंगों ने दलित के घर में घुसकर परिवार के पांच सदस्यों को पीटा

**खीरो, रायबरेली, 03 जून (तरुणमित्र)।** पुरानी रंजिश के कारण दबंगों ने एक दलित के घर में घुसकर पांच लोगों को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। मामला खीरों क्षेत्र के गांव सेवनपुर में सोमवार की रात 8:30 बजे का है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेवनपुर निवासिनी सर्वेश कुमारी ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते सोमवार की रात लगभग 8:30 बजे मेरे गाँव के सतीश यादव, कल्लू यादव, चन्द्रकिशोर यादव, पुनीत यादव, विनीत यादव, अनुराग यादव सुशील यादव, रामविलास यादव, अशीष यादव, सुशील यादव ने अवध असलहा लेकर मेरे घर में घुसकर जाति सूचक गालियाँ देते हुए लातघूसों व डण्डो से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस घटना में सर्वेश कुमारी, रामनरेश, धर्मपाल व खुशबू, मां राजवती गम्भीर रूप से घायल हो गयी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### व्यापारियों ने नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष व महामंत्री का किया स्वागत

**रायबरेली, 03 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश का उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश तिवारी एवं महामंत्री योगेंद्र दीक्षित का दीप पैलेस सभागार में भव्य स्वागत किया गया। जिला संरक्षक सरदार अवतार



सिंह छाबड़ा, महेंद्र अग्रवाल एवं संदीप जैन ने अध्यक्ष राकेश तिवारी का माल्यार्पण कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में कई उतार चढ़ाव के बाद ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष से व्यापारियों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। अध्यक्ष राकेश तिवारी ने सभी व्यापारियों के लिए प्राथमिकता देने को कहा। महामंत्री योगेंद्र दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों की कोई भी समस्या अब उनकी स्वयं की समस्या मान कर निराकरण किया जाएगा। इसअवसर पर मंडल के वरिष्ठ महामंत्री संदीप शुक्ला, महामंत्री प्रभाकर गुप्ता ,जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति, शकील अहमद, शिखर श्रीवास्तव, सोनू सिंह छाबड़ा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

### डीएम-एसपी ने किया प्रसाद वितरण

**सुलतानपुर, 03 जून (तरुणमित्र)।** ज्येष्ठ माह के मंगलवार के पावन अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और जनसेवा से जुड़े इस आयोजन की शुरूआत पूजन-अर्चन के साथ हुई, जिसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कुमार हर्ष, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने विधिवत पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। पूजन उपरांत तीनों अधिकारियों ने प्रसाद वितरण कर भंडारे की शुरूआत की। भंडारे की संपूर्ण व्यवस्था में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, एडिशनल एसपी सहित प्रशासनिक अमला पूरी तरह से जुटा रहा।

# डीएम की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों को ले शांति समिति की बैठक आयोजित

**अमेठी, 03 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाई-चारे के साथ त्योहार को मनाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न सम्प्रदायों के धर्मगुरु उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरुओं एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों, ग्राम प्रधानों, सभासदों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों विशेष रूप से बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षो में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही हैं उसी को कायम रखना है।

उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न दी जाए, तथा कोई भी कुबार्नी खुले में न हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि कुबार्नी के उपरांत अपशिष्ट/अवशेष को खुले में न डाला जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि नमाज के मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें।

# गोमती नदी में प्रदूषण का कहर सैकड़ों मरी मछलियां मिलीं

**सुल्तानपुर, 03 जून (तरुणमित्र)।** जीवनदायिनी कही जाने वाली गोमती नदी आज खुद ही जीवन संकट में फंसी नजर आ रही है। गोमती मित्र मंडल के लाख प्रयासों और बार-बार चेतावनी देने के बावजूद प्रशासन न तो फैक्ट्रियों से छोड़े जा रहे रासायनिक जल पर रोक लगा सका, न ही नालों के सीधे नदी में गिरने पर कोई ठोस कार्रवाई की गई। इसका भयावह परिणाम मंगलवार सुबह देखने को मिला।

हर दिन की तरह जब गोमती मित्र मंडल के सदस्य नियमित श्रमदान के लिए सीताकुंड धाम पहुंचे, तो वहां का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। नदी के तट पर सैकड़ों मरी हुई मछलियां पानी में तैरती हुई नजर आईं। यह नजारा किसी दुर्घटना या प्राकृतिक घटना का नहीं, बल्कि मानवजनित प्रदूषण का स्पष्ट प्रमाण था।

गोमती मित्र मंडल के अनुसार यह स्थिति अब सामान्य नहीं रही, बल्कि यह प्रमाण है कि नदी का प्रदूषण अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। यह जल जलीय जीवों के लिए जानलेवा बन गया है। इस प्रकार बड़ी संख्या में मछलियों का मरना न सिर्फ एक पर्यावरणीय त्रासदी है, बल्कि इसके कारण गंभीर बीमारियां भी फैल सकती हैं। नदी का जल नहाने वाले श्रद्धालुओं और मछलियों का उपभोग करने वालों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनता जा रहा है।

# पुष्पाभिषेक व आरती से पूजे गये हनुमान जी महराज, हुआ भण्डारा

**प्रतापगढ़, 03 जून (तरुणमित्र)।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित संकटमोचन धाम में भण्डारे में अधिवक्ताओं तथा अफसरो व समाज के विभिन्न संगठनो के लोगों को दिन भर प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। धाम में प्रातः सुन्दरकाण्ड का सुमधुर सामूहिक पाठ हुआ।

लहरी महराज के मंत्रोच्चारण के मध्य पंचमुखी हनुमान जी की पूजा अर्चना श्रीराम व संत हनुमन्त के जयघोष के मध्य पुष्पाभिषेक कर भण्डारे का शुभारंभ हुआ। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी के मीडिया प्रभारी मुक्तेश्वरनाथ ओझा मुक्कू, जिलाध्यक्ष

### विधायक ने संकटमोचन धाम में अधिवक्ताओं को दी सौगात, डीएम एसपी समेत कईयों का हुआ सम्मान

अंजनी सिंह बाबा व जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने भगवान बजरंगबली की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में शामिल हुए सदर विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने पूजन उत्सव को सराहते हुए अधिवक्ताओ के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपए भवन निर्माण के लिए दिये जाने की घोषणा की। भण्डारे में जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी, एसपी डा0 अनिल कुमार, एडीएम आदित्य प्रजापति भी शामिल हुए।

वही आयोजन समिति की ओर से संयोजक मुक्कू ओझा व पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, डीएम शिवसहाय अवस्थी, एसपी डा0 अनिल कुमार व आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष भानु सिंह, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल सिंह, उपभोक्ता भण्डार लिमिटेड के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, चकबंदी अधिकारी विनय श्रीवास्तव, गड़वारा नगर पंचायत अध्यक्ष शीलू सिंह, जिपंअ प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, एआईजी स्टाम्प राघवेन्द्र द्विवेदी, रजिस्ट्रार विनोद सिंह, पूर्व अध्यक्ष रोहित शुक्ला को श्रीहनुमान पटिटका व सुंदरकाण्ड पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संतोष तिवारी निशुल्क ने किया। इस मौके पर अनुपम श्रीवास्तव, शक्ति सिंह, दिवाकर सिंह, प्रणव त्रिपाठी, शिवम सिंह, दिग्विजय सिंह, अश्विनी सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत दुबे, विनय सिंह, आशीष केसरवानी, अतेन्द्र सिंह आदि रहे।

# डंपर चालक ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

**खीरों, रायबरेली, 03 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के कस्बा खीरों के शास्त्रीनगर में ब्लाक मुख्यालय के पास मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे एक बाइक सवार युवक की बाइक में एक डंफर चालक ने जोरदार टक्टर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गया और डंफर युवक को कुचलता हुआ डंफर लेकर भाग गया। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना कर भाग रहे डंफर चालक को कस्बा खीरों के मुख्य चौराहे पर मौजूद खीरों थाने के पुलिसकर्मियों ने रोक कर हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।

स्थानीय लोगों ने युवक को सीएचसी खीरों पहुंचाया तो डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रनापुर पहरौली निवासी दीपांशु सिंह (26) पुत्र जगत बहादुर सिंह मजदूरी करता है। मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे वह अपने ही गांव के मित्र शिवाकांत मिश्रा (25) पुत्र नमोशंकर मिश्रा की बाइक से दोनों लोग खीरों आए थे।

दीपांशु सिंह बाइक लेकर अपने साथी शिवाकांत मिश्रा के साथ कस्बा खीरों के शास्त्रीनगर में स्थित ब्लाक मुख्यालय के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रहे डंफर के चालक ने उसकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्टर मार दी। जिससे दीपांशु सिंह सड़क पर गिर गया और डंफर चालक उसे कुचलता हुआ भाग गया। जिससे दीपांशु सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फिर भी स्थानीय लोगों ने खीरों पुलिस को घटना की सूचना देते हुए उसे सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना कर भाग रहे डंफर चालक को कस्बा खीरों के मुख्य चौराहे पर मौजूद खीरों थाने के पुलिसकर्मियों ने रोक कर हिरासत में ले लिया और थाने पहुंचाया। परिजनों से प्राप्त सूचना के आधार पर खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मृतक की मां बबली सिंह, पिता जगत बहादुर सिंह, भाई शिवम सिंह, हिमांशु सिंह, मोनू सिंह, समरजीत सिंह, मयंक सिंह, बहन नीतू सिंह, रेशम सिंह और रोशनी सिंह सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों से मिली सूचना के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चालक सहित डंफर को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# लालगंज चौक की शुरू हुई ऑपरेशन त्रिनेत्र से निगरानी

**लालगंज, प्रतापगढ़, 03 जून (तरुणमित्र)।** नेशनल हाइवे के लालगंज चौक की निगरानी आपरेशन त्रिनेत्र से अब नजर आयेगी। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने तहसील एवं दीवानी मुख्यालय के चौक एरिया में चार सीसी टीवी कैमरे व एक हाई क्वालिटी राउण्डेड कैमरे का संचालन शुरू कराया है। पुलिस प्रशासन के द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र की प्रभावी निगरानी होते देख मंगलवार को बाजार में लोगों में भी राहत व खुशी का माहौल दिखा। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने बताया कि एसपी डा0 अनिल कुमार के निर्देशन में चौक पर व्यापारियों तथा स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए इन कैमरो से चौबीस घण्टे निगरानी का बंदोबस्त किया गया है। वही प्रभारी निरीक्षक ने बाजार के लोगों व प्रतिष्ठानों पर भी सीसी कैमरे को प्रभावी बनाए जाने की जागरूकता प्रदान की।

# अधीक्षण अभियंता की टीम ने उखाड़ी भ्रष्टाचार की परतें, जांच शुरू



**ऊँचाहार, रायबरेली, 03 जून (तरुणमित्र)।** लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों में धांधली किये जाने की शिकायत विधायक द्वारा याचिका समिति में की गई थी, दो अधीक्षण अभियन्ताओ की अगुवाई में पहुंची टीम ने जांच की, जांच में सड़क मानक के विपरीत पाई गई ।वहीं भ्रष्टाचार छिपाने के लिए जांच अधिकारी बयान देने से कतराते नजर आए। क्षेत्रीय विधायक डॉ मनोज कुमार पांडेय ने कुछ दिनों पूर्व क्षेत्र में लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाई गई लगभग आधा दर्जन सड़को में भ्रष्टाचार किये जाने की शिकायत विधानसभा की याचिका समिति में की थी।

सोमवार की दोपहर लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग से मीरा सवैया गाँव तक लगभग 39 लाख की लागत से बीते वर्ष बनी डेढ़ किलोमीटर सड़क की जांच में अधीक्षण अभियंता भगवान दास व एनके वर्मा की अगुवाई में टीम पहुंची। जहां कई जगहों पर टीम ने सड़क खोदकर सामग्री की जांच की, जांच में भ्रष्टाचार उजागर हो गया।सड़क निर्माण में जमकर धांधली किये जाने व मानकों की अनदेखी साफ नजर आई। वहीं इस मामले पर बयान देने के बजाय अधीक्षण अभियंता कतराते नजर आए।

# रिफाइंड भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा

**अमेठी, 03 जून (तरुणमित्र)।** रिफाइंड आयल से भरा तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गया। टैंकर के पलटते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुँचे और तेल को डिब्बे और बाल्टी में भरकर अपने घर रवाना हो गए। हादसे में टैंकर चालक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। टैंकर सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रहा था।

कमरौली थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कठौरा के पास का है जहाँ आज सुबह सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रहा है रिफाइंड आयल से भरा तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गया। टैंकर पलटते ग्रामीणों में तेल लूटने की और मच गई और बड़ी संख्या में डिब्बे और बाल्टी के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तेल को भरने लगे। हादसे में टैंकर चालक रामराज पुत्र राम मिलन निवासी बहादुरपुर हैदरगढ़ जिला बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे इलाज के किये जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

घटना को लेकर कमरौली थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि घायल ड्राइवर को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ ग्रामीण तेल को बर्तनों में भरने लगे थे जिन्हें मौके से हटा दिया गया है। मौके पर यातायात सामान्य है।

# जनपद में चल रहे निर्माण कार्यो की डीएम ने की समीक्षा

**अमेठी, 03 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में निमार्णाधीन परियोजनाओं को लेकर समीक्षा किया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है।

# जिला कांग्रेस कौशांबी की मासिक बैठक संपन्न

**कौशाम्बी, 03 जून (तरुणमित्र)।** जिले में कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कौशांबी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पांडे ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई, बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता अपने अपने घर पर हर घर झंडा अभियान के तहत 5 तारीख तक झंडा लगाएं और साथ ही साथ पदाधिकारी प्रत्येक बूथ को मजबूत करने पर कार्य करें, जिलाध्यक्ष ने अपने ब्लाक अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वह जिले के पदाधिकारियों के साथ मिलकर बूथ कमेटी बनाए और न्याय पंचायत को मजबूत कर बूथ का गठन करें।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी ने कहा कि संगठन ही पार्टी की नींव होती है और संगठन से ही पार्टी को मजबूती मिलती है उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों से अपील की कि हर बूथ पर कांग्रेस के कार्यकर्ता मजबूती से खड़े हों। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आज भी घर घर में कांग्रेस है और लोगों की भावनाएं कांग्रेस पार्टी के साथ है आज भी लोगों के दिलों में कांग्रेस है, पुराने बुजुर्गों ने जिन्होंने कांग्रेस का शासन देखा है वह आज भी कांग्रेस का लोहा मानते हैं, बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बरसाती लाल पंडा ने कहा कि आज केंद्र में बैठी बीजेपी सरकार धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम कर रही है और समाज में नफरत का बीज बोने का काम कर रहे हैं जो कि बेहद निंदनीय है।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेत्री संगीता सरोज ने कहा कि आज महिलाएं मंहगाई से बुरी तरह त्रस्त हैं और रसोई चलाने में नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं, कांग्रेस नेत्री ने बताया कि आज जो आपरेशन सिन्दूर के नाम पर बीजेपी सिंदूर के नाम पर नौटंकी कर रही है वो बेहद निंदनीय है और बीजेपी सिंदूर के नाम पर महिलाओं को अपमानित करने का काम कर रही है। बैठक में संगठन की मजबूती सहित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

# डीएम ने की कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक




**कौशाम्बी, 03 जून (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में कृषि, लघु सिंचाई, कृषि संवर्गीय एवं पशु पालन विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विगत वर्ष के सापेक्ष लाभान्वित किये गये कृषकों के सापेक्ष वर्तमान वर्ष में कम से कम 25 प्रतिशत अधिक किसानों को लाभान्वित किये जाने की योजना बनायी जाय।

उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग से तालाब निर्माण व मत्स्य पालन के क्षेत्र को बढ़ाया जाय, जनपद में बागवानी के लिए केला, ऑवला, नीबू, ड्रेगन फ्रूट, पपीता व सब्जी के उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाये जायें व कृषकों को प्रशिक्षित किया जाय। मृदा परीक्षण, जैविक खेती एवं प्रदर्शन के लिए अधिक से अधिक क्षेत्रों का चयन किया जाय।

उन्होंने कहा कि सिंचाई के प्रति कृषकों को जागरूक कर कम से कम जल के उपयोग करके अधिकतम क्षेत्र को सिंचित किया जाय, जिसमें स्प्रिंकलर, सोलर, रेन गन आदि तकनीक का उपयोग किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा कृषि एवं कृषि एलाइड के अन्य विभागों को किसानों को हर सम्भव लाभ दिलाये जाने के लिए यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया व इसके लिए माइक्रो प्लान बनाने के भी निर्देश दिये गये।

उन्होंने कृषक उत्पादक संगठनों को निर्देशित किया कि वे अपने उत्पाद को मार्केट में विक्रय के लिए प्रचार-प्रसार करें, ताकि एफपीओ से जुड़े हुए किसानों की आर्थिक दशा में सुधार लाया जा सके। उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मत्स्य विभाग की संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाय, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। सभी योजनाओं में शासन की ओर से जो लक्ष्य प्राप्त हुए है, उससे भी ज्यादा लोगों को लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को हर ब्लाक में जहॉ पर सबसे ज्यादा गोवंश संरक्षित हो, उनको चिहिन्त करते हुए सीसी टीवी कैमरा लागाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण करते हुए खेत, तालाब के लक्ष्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर बताया गया 17 खेत तालाब का लक्ष्य है, उन्हांने उसका लक्ष्य बढाते हुए 50 खेत तालाब चिहन्त कर जल्द से जल्द बरसात से पूर्व खोदाई करने के निर्देश दिए। बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा खेत तालाब के सम्बन्ध में गलत जानकारी दिये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई की समीक्षा करते हुए रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग योजना की जानकारी प्राप्त की। इस पर उन्हें अवगत कराया गया कि 55 स्थानों पर टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाया जाना है, जिस पर जिलाधिकारी ने टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाये जाने वाले स्थानों की सूची मांगी, सूची में गड़बड़ी पाये जाने पर उन्होंने सर्वप्रथम कौशाम्बी के सभी सरकारी दफ्तरों, कार्यालयों, कालेजों एवं विद्यालयों में लगाये जाने के निर्देश देते हुए सम्बन्धित एई एवं जेई का वेतन तब तक न आहरित किया जाय जब तक इन सभी स्थानों में टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग न लग जायें। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए कहा नहरों की शिल्ट सफाई जहॉ कहीं पर भी रह गई हो, उसे जल्द से जल्द पूर्ण करायें एवं नहरों में टेल तक पानी पहुँच रहा है कि नहीं, इसकी जानकारी फोटोग्राफ सहित उपलब्ध करायें।

जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद के 35 नहरां में से 22 नहरों में पानी पहुँच चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिचांई को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी 35 नहरों में पानी जल्द से जल्द पहुँचाया जाय, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि सत्येन्द्र कुमार तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गौ-तस्कर गिरफ्तार

## दोनों अभियुक्तों के पैरों में लगी गोली, जिला अस्पताल भर्ती

**शाहजहांपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद में प्रतिबन्धित पशुओं की तस्करी व अवैध शस्त्र व शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना निगोही क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चक्रमली में एक बन्द पड़े मकान के सामने कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंशीय पशुओ का वध करने के उद्देश्य से बोलेरो मैक्स पिक अप गाड़ी पर लादा जा रहा था।

इस बात की सूचना जब पुलिस को मिली तो पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, पुलिस पार्टी को आता देख रात्रि का फायदा उठाकर अज्ञात अभियुक्तगण अपनी बोलेरो मैक्स गाड़ी मौके पर छोड़ कर भाग गये थे। मौके पर बोलेरों मैक्स पिक अप वाहन पर चढ़कर पुलिस द्वारा देखा गया तो पाँच गोवंशीय पशु (नंदी) के मुँह व पैर बुरी तरह से रस्सियों से बंधे हुये थे। जिनको भागे हुये अज्ञात तस्कर इन गौवंशी पशुओं का वध करके मांस को विक्रय करने के इरादे से आये थे। पुलिस द्वारा गौवंशी पशुओं के पैर व मुँह में बंधी रस्सीयो को चाकू से काटा गया था सभी गौवंशी पशु गाडी के अन्दर तडप रहे थे। जिनको पुलिस वालो द्वारा बड़ी मसक्कत के साथ खड़ा किया गया था पुलिस द्वारा बरामद सभी गौवंशीय पशुओं (नंदी) को ग्राम प्रधान रामलड़ैते वर्मा पुत्र बाबूलाल के सुपुर्द कर गौशाला में भेजने हेतु तथा उचित देखरेख करने हेतु अवगत कराया गया था।

जिसके क्रम में आज मुखबिर की सूचना के आधार पर दो अभियुक्तगण मो0 शानू पुत्र रहीस अहमद निवासी ग्राम मुढ़िया जागीर थाना देवरनिया जनपद बरेली, अनीश पुत्र लल्लू उर्फ हिरना निवासी मो0 ग्यासपुर कस्बा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को ग्राम इनायतपुर वाले रोड पर पुरानी नहर कोठी के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्तगणों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। जिसमें पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसके परिणामस्वरूप अभियुक्तगण मो0 शानू पुत्र रहीस अहमद निवासी ग्राम मुढ़िया जागीर थाना देवरनिया जनपद बरेली के दाहिने पैर के घुटने में नीचे पीछे के साइड एक गोली लगी तथा अभियुक्त अनीश पुत्र लल्लू उर्फ हिरना निवासी मो0 ग्यासपुर कस्बा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत के बाये पैर के घुटने में नीचे के साइड गोली लगी है।

अभियुक्तगणों ने बताया कि दिनाँक 31.05.2025 को हम दोनो तथा हमारे साथी मो0 शाकिर पुत्र मो0 जाबिर निवासी ग्राम मुढिया जागीर थाना देवरनिया हाल निवासी ग्राम पीर बहोड़ा थाना इज्जत नगर जनपद बरेली व धर्मवीर पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम ज्योति नगर थाना नवाबगंज जनपद बरेली ने ग्राम चक्रमलि से एक पिकअप बोलेरो मैक्स मे गौवंशीय पशुओ को लादने के बाद ले जाने की फिराक में थे तभी अचानक पुलिस आ गई जिन्हे देखकर हम लोग पिकअप बुलेरो मे बंधे/लदे गौवंशीय पशुओ को छोडकर भाग गये थे, गौवंशीय पशुओ को जिन्हे हम लोग दूसरे राज्यों में ले जाकर अधिक दामों में बेच देते है तथा कभी कभी हम लोग भी गौवंशीय पशुओ का वध कर उनके मांस को भिन्न भिन्न जगहों पर बेच देते है। जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण मो0 शानू पुत्र रहीस अहमद निवासी ग्राम मुढ़िया जागीर थाना देवरनिया जनपद बरेली, अनीश पुत्र लल्लू उर्फ हिरना निवासी मो0 ग्यासपुर कस्बा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत, मो0 शाकिर पुत्र मो0 जाबिर निवासी ग्राम मुढिया जागीर थाना देवरनिया हाल निवासी ग्राम पीर बहोड़ा थाना इज्जत नगर जनपद बरेली, धर्मवीर पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम ज्योति नगर थाना नवाबगंज जनपद बरेली का नाम प्रकाश मे आया है।

### मजदूरों को बिना रुपया दिए फरार हुआ ईंट भट्ठा मालिक

**राठ, हमीरपुर 03 जून (तरूणमित्र)।** क्षेत्र के रिगवारा गांव के निवासी ईंट भट्ठों के मजदूरों को ईंट भट्टे का मालिक उनकी मजदूरी दिये बगैर ही चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद सभी मजदूरों ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। क्षेत्र के रिगवारा गांव के निवासी मजदूर मानिकचंद, महेंद्र, चेतराम, रिंकी, शीला, संतोष, गायत्री, गोविंद, सावित्री, बाबूराम, जानकी व माता प्रसाद सहित अन्य तमाम लोगों ने मंगलवार दोपहर करीब कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि वह लोग ईट भट्ठों में मजदूरी का काम करते हैं।उन लोगों ने इटावा में संचालित ईंट भट्ठे में मजदूरी का कार्य किया है। ईंट भट्ठा मालिक के द्वारा भेजे गये मिनी ट्रक से वह कस्बा राठ आये थे। मजदूरों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ईंट भट्ठा मालिक ने उन्हें दिलासा दिया था कि कस्बा राठ में पहुंचकर वह सभी लोगों को उनकी मजदूरी के रुपए दे देगा।लेकिन एट भट्ठा मालिक रास्ते से ही चकमा देकर गायब हो गया है।

## उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग योजनाओं की दी जानकारी

**प्रतापगढ़, 03 जून (तरूणमित्र)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 दिनांक 29 मई से 12 जून तक आयोजन किया जा रहा है।

जनपद विकास खण्ड कुण्ड़ा में ग्राम सभा मऊदारा, करेटी, बुलाकीपुर, विकास खण्ड़ विहार में ग्राम सभा छतर, पुवासी, मलावा छजईपुर, विकासखण्ड़ बाबागंज में ग्राम सभा मीरापुर, खानवारी एवं काजीपुर कुसेर कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा कृषकों को डीएसआर एवं विभाग की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में पशुपालन विभाग, फसल बीमा के कर्मचारियों के साथ ही भाजपा किसान मोर्चा के धर्मेंद्र मिश्रा ने प्रतिभाग किया। विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 जनपद के विकास खण्ड-विहार की ग्राम सभा छतरपुर में आयोजित विशेष कृषि संगोष्ठी एवं जागरूकता का कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया है, जिसमें किसानो को सम्बोधित करते हुए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के हित में चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ उठाकर किसान न अपनी आय दोगुनी कर सकते है बल्कि किसी को लाभकारी व्यवसाय में बदल सकते है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ0 एन0के0सिंह, डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह, डॉ0पी0के0 सिंह, डॉ0 ए0के0 सिंह, डॉ0 प्रेसजीत देवनाथ, डॉ0 एम0पी0 सिंह एवं डॉ0 यतेन्द्र कुमार द्वारा कृषकों पशुपालन एवं खरीफ में धान की सीधी बुवाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। नवीनतम खेती करने की जानकारी दी गयी।

दिनांक 04.06.2025 को विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ में ग्राम सभा रामपुर खास, पूरे करनराय, पूरे साधोराम, विकास खण्ड़ कालाकांकर में ग्राम सभा सहिजनी, समसपुर सैलवारा, मुहम्मदपुर, विकासखण्ड़ लालगंज में ग्राम सभा अमावा, असैनापुर एवं डगरारा में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025' का आयोजन किया जायेगा।

## मंगल कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई श्रीमद् भागवत कथा



**हरदोई, 03 जून (तरूणमित्र)।** श्री शिवकृपा सेवा समिति नेवलिया के तत्वाधान में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ प्राचीन शिव मंदिर नेवलिया में हुआ। पीले परिधानों में सजे ग्रामवासी और सभी के पास मंगल कलश अनोखी छटा बिखेर रहे थे। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत हुआ। कथा आयोजक श्री शिवकृपा सेवा समिति द्वारा बताया गया कि यात्रा के साथ ही श्रीमद भागवत कथा महोत्सव प्रारंभ हो गया है। कथा 03 से 10 जून तक चलेगी। कथा का समय प्रातः 9 से 11 बजे और सायं 7 बजे से 11 बजे तक रहेगा।कथा व्यास पंडित कृष्ण मुरारी शुक्ला के मुखारबिंद से सभी भक्त कथा श्रवण करेंगे। आज मंगल कलश यात्रा में समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पोषण समिति की बैठक

**हरदोई, 03 जून (तरूणमित्र)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निमार्णाधीन आँगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण जल्द पूरा कराया जाये। धीमी प्रगति के लिए सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाये।




पोषाहार वितरण में अनावश्यक देरी न की जाये। होम विजिट की संख्या बढ़ाई जाये। सैम व मैम बच्चों को सुपोषित कराया जाये। एनआरसी में कुपोषित बच्चों को रखा जाये। सुपोषण का बच्चावार स्पष्ट डाटा रखा जाये। सप्ताह में एक या दो बार आँगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को अलग से पूरक आहार दिया जाये। केन्द्रो पर नवाचार को प्रोत्साहित किया जाये। केन्द्रो पर हर्बल गार्डन विकसित किये जाएं। मिशन कायाकल्प में 18 बिन्दुओं के संतृप्तीकरण पर कार्य को तेजी से किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने जनसुनवाई में सुनी जनता की समस्याएं

**शाहजहांपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गजानन सेवा समिति ने किया भव्य भंडारे का आयोजन

**हरदोई, 03 जून (तरूणमित्र)।** गजानन सेवा समिति के तत्वावधान में बस बिल्डिंग के सामने स्थित प्रकाश गन हाउस पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साधक सत्संग परिवार के डॉ. राजेंद्र दत्त मिश्र ने हनुमानजी के चित्र के समक्ष पूजन-अर्चन कर किया। समिति के अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि यह भंडारा हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें जरूरतमंदों को प्रसाद वितरित किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल,उमेश अग्रवाल,बबली महिंद्रा,संजीव गुप्ता,डॉ. नवीन सक्सेना,बबलू कपूर,दीपक त्रिवेदी,अरुण मिश्रा,अमित गुप्ता (बघौली), प्रभाकर पाठक,आदेश सिंह,मोनू गुप्ता,गगन चतुर्वेदी, आशीष सोलंकी और अहिरौरी ब्लॉक प्रमुख पन्ने सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भंडारे में श्रद्धा और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला।

### दो भाइयों को पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**हरपालपुर/ हरदोई, 03 जून (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के मुर्चा बाग गांव निवासी सतीश 28 वर्ष पुत्र वृजराज ने कोतवाली मे दी गई तहरीर मे बताया कि रविवार की शाम करीब 5 बजे खेत में अपनी भैंसे चरा रहा था। तभी गांव के ही महेश, सुभाष राजाबाबू व भोजराज अपने खेत मे खड़ी खरबूजा की फसल में भैंस जाने का झूठा आरोप लगाते गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लात घूसो व लाठी डंडो से मारा पीटा है।उसे बचाने आये उसके भाई मोरपाल उम्र 25 को भी लाठी डंडो से मारा पीटा।जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जॉच की जा रही है।

### ई-रिक्शा सवार की जेब काट कर 40 हजार रुपये उड़ाए

**हरपालपुर /हरदोई, 03 जून (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के पलिया गांव में घूरेलू सामान खरीदने के लिए उतरे ई रिक्शा सवार की आज्ञात व्यक्तिओ ने जेब काटकर 40 हजार रुपये पार कर दिये। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही हैं। अरवल थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी मुनेश्वर लाल पुत्र जगन्नाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया क सोमवार की करीब 10 वजे वह ककरा तिराहे पर लाल रंग के ई रिक्शा पर बैठकर अपने घर जा रहा था। तभी बाजार से कुछ आगे ई रिक्शा पर हरपालपुर में ही दो अज्ञात युवक बैठ गये। दोनों लोग जोधनपुरवा स्थित मन्दिर के पास उतर गये। वह पलिया गॉव में उतरकर कुछ घरेलू सामान खरीदने लगा। तभी जेव पर नजर गयी तो कटी मिली, जेब में रखे 40 हजार रुपये गायब थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## चौथे बड़े मंगल पर गूंजे बजरंगबली के जयकारे, पिहानी में हुए भंडारे



**हरदोई, 03 जून (तरूणमित्र)।** ज्येष्ठ माह में कहीं हनुमान चालीसा तो कहीं सुंदरकांड का पाठ हुआ। कस्बे से लेकर गांवों तक भंडारों की धूम रही। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह शिविर लगाकर शीतल जल,पूरी सब्जी छोले चावल, बूंदी और शर्बत का वितरण किया गया। बजरंगबली के जयकारों से गूंजते रहे। भंडारों में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर हर्षित कुमार, शिवाशू, सनी, राहुल, शुभम तथा मोहल्ला अम्बेडकर नगर में विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा, अशोक कुमार, सुरेश कुमार आदि लोगों ने प्रसाद वितरण किया।

### सुरसा क्षेत्र में जगह जगह हुए भण्डारे



**हरदोई, 03 जून (तरूणमित्र)।** सुरसा विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत बड़े मंगलवार को जगह जगह भंडारों का आयोजन हुआ,जिसमें भक्तगणों ने शरबत पूड़ी हलुआ आदि का प्रसाद छका।इसी क्रम में कराही पुरवा में पत्रकार रामचंद्र सक्सेना द्वारा,संकटमोचन हनुमान मंदिर भिरिया में विद्यासागर गुप्ता द्वारा,बरहा में राहुल यादव द्वारा, पचकोहरा बस स्टाप पर दीपक गुप्ता व प्रशांत शुक्ला द्वारा,पचकोहरा में नरेश पाल सिंह द्वारा,पैडापुर में प्रधान प्रतिनिधि शानू मिश्रा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया,सभी ने विधि विधान से हवन पूजन के बाद भंडारे में प्रसाद वितरण किया, रामचन्द्र सक्सेना द्वारा बताया गया कि कराही में प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन होता आ रहा है, जिसमे सभी लोग मिलकर भागीदारी करते है, इस मौके पर संजय सिंह भिरिया, अभिषेक सिंह,उत्कर्ष सिंह, अजबीर यादव, अखिलेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह, प्रवेंद्र सिंह, पुनीत गुप्ता, अमर प्रताप, अनिल गुप्ता, अर्जुन सिंह, राघवेंद्र सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

**राठ, हमीरपुर 03 जून (तरूणमित्र)।** चिकासी थाना क्षेत्र के जिगनी गांव में घरेलू कार्य करने के दौरान करंट की चपेट में आने से छत्तीस वर्षीय एक महिला झुलसकर घायल हो गई। तभी उसी दौरान मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में महिला को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार चिकासी थाना क्षेत्र के जिगनी गांव की निवासी 36 वर्षीय महिला भारती पत्नी रामस्वरूप जो कि आज मंगलवार की सुबह करीब 5:00 बजे अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी। तभी अचानक उसी दौरान करंट की चपेट में आने से वह झुलसकर घायल हो गई।

## इविवि के चीफ प्राक्टर व तत्कालीन कर्नलगंज थाना प्रभारी को नोटिस

**प्रयागराज, 03 जून (तरूणमित्र)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर राकेश सिंह व तत्कालीन कर्नलगंज थाना प्रभारी बृजेश सिंह को नोटिस जारी की है और राज्य सरकार सहित सभी विपक्षियों से याचिका पर जवाब मांगा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने छात्र विवेक कुमार की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता आशुतोष कुमार तिवारी ने बहस की। मालूम हो कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के परास्नातक छात्र व आइसा के इकाई अध्यक्ष रहे छात्र विवेक कुमार अक्टूबर 2023 में विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी गेट पर छात्रों के एक शांतिपूर्ण धरने में बैठे थे। चीफ प्रॉक्टर राकेश सिंह ने विवेक कुमार पर जाति सूचक शब्दों में गाली देते हुए मार पीट की। मौके पर मौजूद पुलिस ने बीच-बचाव किया, किंतु न तो एफआईआर दर्ज किया न ही विवेक का मेडिकल कराया। शाम 6 बजे विवेक खुद बेली हास्पिटल के इमरजेंसी में मेडिकल कराया तथा थाना कर्नलगंज और पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को कंप्लेंट दिया। फिर भी एफआईआर दर्ज नही हुई। विवेक ने प्रयागराज के स्पेशल एससी-एसटी कोर्ट में 156(3) में एफआईआर दर्ज करने हेतु अर्जी दाखिल की। किंतु स्पेशल एससी-एसटी कोर्ट ने घटना को संदिग्ध कहते हुए एक लाइन के आदेश में अर्जी खारिज कर दिया।

## मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**खुदागंज/शाहजहांपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** कमलापुर सिद्ध बाबा के मंदिर पर बजरंगबली की मूर्ति स्थापना से पूर्व निकली गई कलश यात्रा इस मौके पर मूर्ति स्थापित करने वाले सुनील कुमार सक्सेना ने बताया कि सनातन धर्म में मूर्ति को जीवित बनाने के लिए पहले उसमें शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा होती है अनुष्ठान के जरिए मूर्ति को शक्तिमान बनाया जाता है वह सनातन धर्म में भगवान की उपासना से शरीर को शक्ति तो मन को शांति मिलती है।



भगवान में परमात्मा का वास होता है परमात्मा के इसी रूप को मन में धारण कर पूजा करने के विशेष फल प्राप्त होती है कमलापुर सिद्ध बाबा के मंदिर पर 5 दिन से लगातार पूजा पाठ व हवन किए जा रहे हैं तथा आज 3 जून दिन मंगलवार को बजरंगबली की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा व भंडारे का आयोजन होगा कलश यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कलश यात्रा कमलापुर सिद्ध बाबा के मंदिर से शुरू होकर खुदागंज होते हुए महादेवन पर होते हुए वापस कमलापुर सिद्ध बाबा के मंदिर पर वापस आकर प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर एडवोकेट सुनील सक्सेना वीरेंद्र कुमार पवेंद्र कुमार सिंह विजेंद्र कुमार नरेश सक्सेना रानी देवी अनुभा मीनाक्षी प्रियंका दीपा सक्सेना शिखा सक्सेना मुन्नी देवी कृष्णा सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए 'यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप' की अहम भूमिका

### चालू वित्तीय वर्ष में यूटीएस ऐप से 1.73 लाख टिकटों से लगभग 6.20 लाख ने की यात्रा

**प्रयागराज, 03 जून (तरूणमित्र)।** रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए उपलब्ध करायी गयी 'यूटीएस मोबाइल ऐप' से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट की सुविधा अब यात्रियों के बीच में लोकप्रिय हो गई है। प्रयागराज मण्डल में पर्यावरण संरक्षण एवं पेपरलेस टिकट के लिए चलाए गए जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में यूटीएस ऐप से 1.73 लाख टिकटों से लगभग 6.20 लाख यात्रियों ने यात्रा की।

उल्लेखनीय है कि, स्टेशनों पर लम्बी लाइन से बचने के लिए रेलवे द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप सर्विस शुरू की गई। प्रयागराज मण्डल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 यूटीएस ऐप से 8.62 लाख टिकटों से लगभग 34.52 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 9.52 करोड़ 51 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

एनसीआर के जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार यह ऐप एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इसका उपयोग करने के लिए उपयोगकर्ता को पहले यह एप्प प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड करना होगा। डाउनलोड करने के पश्चात इसमें उपयोगकर्ता को अपना पंजीकरण करना होगा, पंजीकरण के लिए उपयोगकर्ता को मोबाइल नंबर, नाम, पासवर्ड, जेंडर, जन्मतिथि एवं पहचान पत्र इत्यादि की आवश्यकता होगी। पंजीकरण के पश्चात उपयोगकर्ता इस एप्प के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। इस ऐप से यात्रा टिकट, प्लेटफार्म टिकट, मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक सीजन टिकट बनाए जा सकते हैं एवं इन सीजन टिकटों का नवीनीकरण भी किया जा सकता है। यह ऐप जियोफेंसिंग आधारित एप्प है अतः टिकट बुकिंग के लिए ट्रैक एवं स्टेशन परिसर से लगभग 20-50 मीटर की दूरी से ही टिकट बुक करें।

यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुक करने से यात्रियों को प्रोत्साहन एवं सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा मिल रहा है और साथ ही यात्रियों को काउंटर टिकट की लाइन में लगने से निजात मिल रही है। इस ऐप पर किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 से सम्पर्क कर सकते हैं।

### दबंगों ने घर में घुसकर दम्पति व उनके पुत्र के साथ की मारपीट

**राठ, हमीरपुर 03 जून (तरूणमित्र)।** नगर के मुहल्ला पठानपुरा में बीती रात घर की छत पर सो रहे दम्पति व उनके पुत्र के साथ दबंगों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया है। जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में की है।

नगर के मुहल्ला पठानपुरा गंज निवासी कमलेश सोनी ने बताया कि बीती सोमवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे जब वह अपने पति प्रदीप सोनी व पुत्र राज सोनी के साथ अपने मकान की छत पर सो रहे थे। तभी मुहल्ले के बृंदावन यादव, उसके पुत्र रीतेश यादव उर्फ भोलू व रितिक तथा पप्पू यादव पुत्र राम अवतार, तीन अज्ञात लोगों के साथ धारदार हथियार व डंडे लेकर उसके घर में घुस आये और उसे, उसके पति व पुत्र के साथ गाली गलौच कर जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी तत्काल शिकायत 112 नंबर डायल कर पुलिस को बुलाया गया। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही उक्त दबंग जान से मारने की धमकी दे भाग गये। जिसकी लिखित शिकायत पीड़िता ने राठ कोतवाली में की है।


## कार्यालय : जिला पंचायत जालौन स्थान उरई

पत्रांक- 232 / जि0पं0 / 2025-26 दिनांक : 03-06-2025

### ई-निविदा सूचना

जिला पंचायत के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों के साथ-साथ राज्य सरकार के सिचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, 15वें केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत (टाइड ग्रांट) वर्ष 2024-25 की धनराशि से 01 कार्य की पुनः ई-निविदा एवं विकास खण्ड कदौरा के ग्राम आटा में प्रस्तावित दुकानों की नीलामी से प्राप्त प्रीमियम की धनराशि से 02 कार्यों की ई-निविदा जिला पंचायत बोर्ड बैठक दिनांक 03.02.2022 के प्रस्ताव सं0-04 द्वारा अनुमोदित कार्य योजना में से मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा चयनित कार्यों की ई-निविदा प्रपत्र बेबसाइट etender.up.nic.in पर दिनांक 05-06-2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते हैं तथा ऑनलाइन ई-निविदा की अन्तिम तिथि 26-06-2025 को सांयकाल 05:00 बजे तक आमंत्रित की जानी है, तथा दिनाक 27-06-2025 को अपरान्ह 12:00 बजे जिला पंचायत कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष निविदायें खोली जायेगी । निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ब्याने की धनराशि का अलग-अलग बैंक ड्राफ्ट / ऑन लाईन भुगतान जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत जालौन (उरई) के पक्ष में भुगतान हेतु देय होगी, की स्केन प्रतियां, प्रत्येक निविदादाता द्वारा रू0 100/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र निर्धारित प्रपत्र पर आनलाइन स्कैन करते हुये निविदा में लगाया जायेगा। निर्माण कार्यो का विवरण एवं शर्तो की जानकारी ई-टेण्डर की बेबसाइड पर देखी जा सकती है साथ ही निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ई0 नगीनाराम | मनोज कुमार शर्मा | डा0 घनश्याम अनुरागी |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, जालौन | जिला पंचायत, जालौन | जिला पंचायत, जालौन |

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
बुधवार, 4 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष- नवमी

# बांग्लादेश में राजनीतिक अराजकता

पिछले साल अगस्त में हुए विद्रोह और तख्तापलट के बाद सत्ता में टिके रहने की राष्ट्रपति यूनुस की सनक के चलते बांग्लादेश एक बार फिर अराजकता की ओर बढ़ रहा है। देश में यूनुस को हटाने और चुनाव कराने को लेकर तीव्र प्रदर्शनों का दौर जारी है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से हटना नहीं चाहते, फिर भी उन्होंने विरोधियो व सेना के दबाव में इस्तीफे की पेशकश की। यूनुस के समर्थक भी चाहते हैं कि वे अगले पाँच साल तक इस पद पर बने रहें, जो संभव नहीं। बांग्लादेश के रोडमैप को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच मतभेद है। ज्यादातर पुराने राजनीतिक दल जल्द से जल्द चुनाव चाहते हैं, पर उसके पहले संवैधानिक सुधारों को लेकर मतभेद हैं। प्रमुख विपक्षी पार्टी बीएनपी ने सरकार से विशिष्ट चुनावी रोडमैप माँगा है। बीएनपी ने भी तख्तापलट के समय अंतरिम सरकार को सपोर्ट दिया था लेकिन अब वह जल्द से जल्द देश में निष्पक्ष चुनाव चाहती है। यूनुस की सहयोगी समझी जा रही एनसीपी ने भी कहा है कि उन्हें चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं। हाल में हुई सभी राजनीतिक दलों की बैठक में सभी दलों के बीच चुनाव दिसंबर से 30 जून के बीच कराए जाने पर सहमति बन गई है लेकिन यूनुस सरकार चुनाव को लेकर टालमटोल के मूड में है। इस दौरान सेना की भूमिका को लेकर भी कयास हैं। पिछले साल देश में हुए छात्र विद्रोह के नेता नाहिद इस्लाम जो एनसीपी के अध्यक्ष भी हैं, ने भी राष्ट्रपति यूनुस के इस्तीफा की बात की है। नाहीद अंतरिम सरकार में भी शामिल थे और इस साल के शुरू में नई पार्टी बन जाने के बाद सरकार से बाहर आ गए। बीएनपी यूनुस के इस्तीफा को लेकर सर्वाधिक मुखर है। इस बीच हालिया स्थिति का राजनीतिक दल अलग-अलग तरीकों से स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं। अवामी लीग पर प्रतिबंध लग जाने के बाद अब देश में बीएनपी, जमात और एनसीपी, ये तीन प्रमुख दल रह गए हैं। तीनों के बीच तनाव है क्योंकि तीनों की निगाहें देश की सत्ता पर हैं। शुरूआत में विशाल स्तर पर सबका समर्थन मिलने के बावजूद यूनुस सरकार पर विफलता का आरोप लग रहा है। यूनुस सत्ता में बने रहने की खातिर बांग्लादेश में तख्ता पलट में मुख्य भूमिका निभाने वाली छात्र शक्ति को अधिक शह दे रहे हैं। यह देश में एक बार फिर अराजकता को न्योता दे सकता है। बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद जब छात्र नेतृत्व ने राजनीतिक पार्टी एनसीपी का गठन किया था तब भी यूनुस सरकार ने उन्हें समर्थन दिया था। पिछले साल अगस्त के महीने में शेख हसीना की सरकार गिरने के पीछे एक बड़ा कारण यह भी था कि सेना ने आंदोलनकारी छात्रों के दमन से इनकार कर दिया था। आंदोलनकारी छात्रों ने करीब सात महीने बाद नया राजनीतिक दल बनाकर अपने राजनीतिक कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रवेश किया था। बांग्लादेश लगातार राजनीतिक और सांस्कृतिक अंतर्विरोधों से घिरा रहा है, जो तय नहीं कर पाया है कि 1947, 1971और 2024 में से किस तारीख को वह अपनी पहचान मानकर चले। कहना मुश्किल है कि फरवरी के अंत में हुए नए राजनीतिक दल का उदय इस पहेली को सुलझाने में कामयाब होगा या नहीं जातीय नागरिक पार्टी के गठन से देश की उथल-पुथल भरी राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो गया। इस नए संगठन की परीक्षा संसदीय चुनाव में होगी।

# भारत के दम को आजमाने की भूल न करे पाक



ललित गर्ग

**भारत ने पहलगाम के नृशंस एवं बर्बर आतंकी हमले का जिस पराक्रम एवं शौर्य से बदला लिया, लेकिन विडम्बना है कि उस एकदम स्पष्ट सन्देश से पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं लिया, पाकिस्तान की ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से भी अक्ल नहीं आयी।**

पाकिस्तान ऐसे कुत्ते की दूम है, जिसे चाहे कितना ही तरोड़ों-मरोडो वह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहने वाली है। लेकिन इस बार भारत ने एक बड़ा सबक लिया है कि पाक के किसी भी झांसे एवं घड़ियाली आंसुओं में वह नहीं आयेगा। इसीलिये भारत हर मोर्चे पर सतर्क एवं सावधान है। भारत ने गैर-सामरिक एवं सामरिक मोर्चे पर सर्तकता दिखाते हुए तमाम समीकरण ही नहीं बदले हैं बल्कि भारत की सुरक्षा एवं आतंकवाद के खिलाफ सख्ती को तीक्ष्ण धार दी है। अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की चुनौती के रूप में लिया जाएगा और उसकी कड़ी एवं विध्वंसक प्रतिक्रिया ही होगी। भारत किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आतंकियों और उनके समर्थकों में कोई भेद नहीं किया जाएगा।

भारत आतंकवाद एवं कश्मीर के मामले में किसी भी महाशक्ति की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। भारत ने हाल की स्थितियों में जो भी निर्णय लिये स्व-विवेक से लिये, अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। पाक भारत के दम को कमतर न आंके और उसे आजमाने की भूल न करें।

भारत के कतिपय राजनीतिक दल एवं कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब भारत विजयी स्थिति में आगे बढ़ रहा था तब उसने शांति की पहल क्यों स्वीकार की? भारत ने बड़ी जीत हासिल कर ली थी और उससे भी बड़ी जीत के लिये उसकी तैयारी थी तो संघर्ष विराम क्यों किया? इसका जवाब भारत के शीर्ष नेतृत्व ने एकदम सरल तरीके से दिया है कि भारत ने अपने सभी लक्ष्य हासिल किए।

भारतीय सेना को छह-सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। लाहौर और सियालकोट के एयर डिफेंस ध्वस्त कर दिए गए। 11 पाकिस्तानी एयरफील्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। इनमें रावलपिंडी स्थित सामरिक महत्व वाला नूर खान बेस, सरगोधा में मुशाफ बेस और जैकबाबाद में शाहबाज बेस प्रमुख हैं। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई-भारत से भी और अमेरिका से भी। लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई रोकने में कोई भूमिका नहीं थी।

भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके आगे की कार्रवाई में पाक की जनता को ही अधिक नुकसान एवं परेशानी झेलनी थी। भारत ऐसा नहीं चाहता था कि पाक आकाओं की नासमझी का शिकार आम-जनता हो। भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया और जब पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया तब भी भारतीय प्रतिक्रिया संयमित एवं उचित दायरे में रही। पाक दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए खुद प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस गए। वह जिस सी-130जे सुपर हरक्युलिस से उतरे वही पाक के दावों को झुठलाने के लिए बहुत था। पाक के झूठे दावे अनेक बार तार-तार हुए है। अब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि आतंकियों और उनके आकाओं की कोई भी हरकत के परिणाम उनकी कल्पनाओं से भी परे होंगे। भारत कभी झूकेगा नहीं, युद्ध जैसी स्थितियां अस्तित्व बचाने के लिये ही है, किसी पर आधिपत्य करने के लिये नहीं।

भारत- पाक के बीच सैन्य टकराव रुक जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह श्रेय लेने में देर नहीं लगाई कि उनके हस्तक्षेप के कारण दोनों देश हमले रोकने को राजी हुए। यह दावा झूठा ही नहीं, बल्कि बेबुनियाद था। ट्रंप ने इसे संघर्ष विराम की संज्ञा देते हुए कहा कि मैंने व्यापार का हवाला देकर दोनों देशों की लड़ाई रोकी। इस पर भारत ने साफ कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति से व्यापार को लेकर कोई बात नहीं हुई।

ट्रंप का दावा उस समय थोथा भी साबित हो गया, जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने उनकी इस दलील को ठुकरा दिया कि उन्होंने ट्रेड की बात करके ही भारत और पाक के बीच सैन्य टकराव थामा। न्यूयार्क स्थित इस संघीय अदालत ने उनकी टैरिफ नीति को भी अवैध बता दिया। इससे सिद्ध हो गया कि ट्रंप जो कुछ कह रहे, वह सही नहीं, राजनीतिक महत्वाकांक्षा का बेहूदा प्रदर्शन है। भारत अभी भी पाक लिये सख्त बना हुआ है, क्योंकि उसकी भूलें अक्षम्य है। भारत की पाक के खिलाफ सख्त कार्रवाइयों में मुख्य हैं सबसे प्रमुख सिंधु जल समझौते को स्थगित करना, चूंकि पाक सिंचाई संबंधी आवश्यकता के लिए एक बड़ी हद तक सिंधु और उसकी सहायक नदियों के पानी पर निर्भर है, इसलिए भारत के फैसले से उसे बड़ा झटका लगना स्वाभाविक है। पाक की कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिए इस फैसले के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इसके साथ ही भारत ने पाक के साथ तमाम व्यापारिक रिश्ते

समाप्त कर दिये हैं। जिससे पाक की अर्थ-व्यवस्था प्रभावित हो रही है। भारत की ऐसी जवाबी कार्रवाइयों से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। लेकिन इन सबके बावजूद पाक सुधरने को तैयार नहीं है। पाक की दुनियाभर में तीव्र भर्त्सना और निन्दा हो रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले रेजिस्टेंस फोर्स की लानत-मलानत ही हुई, पाक की किसी भी बात को तवज्जो नहीं दी गयी, बल्कि उसे फटकार लगी। पाक का टूटना बिखरना खयाली पुलाव नहीं, बल्कि यह उसके आतंकी षडयंत्रों की नियति है।

पहलगाम की घटना स्पष्ट रूप से यह एक सोची-समझी आतंकी साजिश थी। इसका मकसद सांप्रदायिक तनाव को भड़काना और कश्मीर में फल-फूल रहे पर्यटन को नुकसान पहुंचाना था। वहां शांतिपूर्ण चुनाव होने एवं चुनी हुई सरकार का सफलतापूर्वक चलना भी पाक के लिये नागवार गुजर रहा था।

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अथक प्रयासों से आ रही शांति एवं समृद्धि के दम पर हालात सामान्य होते जा रहे थे। उसे पाक आका एवं आतंकी छिन्न-भिन्न करना चाहते थे। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 25 मई को स्काई न्यूज पर साक्षात्कार में आतंकी ढांचे से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, 'हम तीन दशकों से आतंक को पालना-पोसने का गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन के लिए करते आए हैं।' पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी आतंकी ढांचे के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए कहा कि पाकिस्तान का एक अतीत रहा है। जबकि वास्तविकता यही है कि आतंक पाक का अतीत ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी है। यह उसकी मौजूदा नीति है, इसी के तहत पाक समय-समय पर भारत की शांति को क्षत-विक्षत करने की कुचेष्ठा करता रहा है। अपनी कार्रवाई में भारत ने नागरिक या सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन आतंकी ढांचे पर सटीक एवं प्रभावी प्रहार किया। अपनी विश्वसनीयता के लिए भारत ने साक्ष्य भी प्रस्तुत किए कि यह कोई खुफिया अभियान न होकर एकदम खुली चेतावनी थी। भारत अब भी अपनी बात पर कायम है कि अगर पाक शांति चाहता है, पडोसी धर्म को निभाना चाहता है तो पहले उसे अपने यहां आतंकी ढांचा समाप्त करना होगा। आतंक के साथ न वार्ता हो सकती है और न व्यापार।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# गंभीर संकट का संकेत है ग्लोबल वार्मिंग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

जलवायु परिवर्तन या यों कहे कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मानव अस्तित्व पर आ रहे संकट की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि 2 जून को समूचे विश्व में ग्लोबल हीट एक्शन डे मनाया जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणाम तेजी से हमारे सामने आने लगे हैं।

लाख प्रयासों, शिखर सम्मेलनों और संकल्पों के बावजूद पृथ्वी पर तापमान की बढ़ती दर को रोकने में हम पूरी तरह से विफल रहे हैं। 1850 से अब तक के रेकार्ड के अनुसार विश्व में अब तक का सबसे गर्म साल 2024 रहा है। वर्कले अर्थ द्वारा जारी रिपोर्ट में भी इस बात की पुष्टि होती है कि सर्वाधिक गर्म साल 2024 रहा है। मजे की बात यह है कि यह सब तो तब है जब ग्लोबल वार्मिंग को लेकर वैश्विक सम्मेलन लगातार आयोजित हो रहे है और पृथ्वी के बढते तापमान को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग का सीधा सीधा अर्थ धरती के तापमान में बढ़ोतरी होना है। इस साल 2025 के ग्लोबल हीट डे की थीम रिकागनाइजिंग एण्ड रेस्पोडिंग टू हीट स्ट्रोक रखा गया है। दुनिया के देष 2050 तक ग्लोबल वार्मिंग दर को 50 प्रतिशत कम तक लाना है। दरअसल 1896 में ही स्वीडिस मौसम विज्ञानी ने ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से चेता दिया था।

1975 में ग्लोबल वार्मिंग को लेकर सबसे पहली रिपोर्ट आई और 1988 में अमेरिका की सीनेट में नासा वैज्ञानिक जैम्स हेनसेन से चर्चा करते हुए आने वाले संकट को स्पष्ट कर दिया था। ग्लोबल वार्मिंग के चलते आज दुनिया के देशों, समुद्र किनारे के शहरों, जंगलों की जैव विविधता और बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से ग्रसित लोगों के सामने गंभीर संकट आ गया है।

कहने का अर्थ यह है कि यह संकट किसी एक स्थान या एक नागरिक विशेष पर ना होकर समूची मानव जाति और अस्तित्व पर आ गया है। इसके दुष्परिणामों को तो इस तरह से समझा जा सकता है कि ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं, इससे समुद्र का जल स्तर लगातार बढने लगा है। मौसम के हालात अस्पष्ट होते जा रहे हैं। गर्मी और अधिक लंबी व गर्म होती जा रही है तो मौसम चाहे सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात हो चरम स्थिति में होने लगा है। रेगिस्तान बढ रहा है तो जलवायु परिवर्तन या यों कहें कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते नित नए चक्रवात, तूफान, बरसात के दिन कम होने के बावजूद एक ही समय में अत्यधिक बरसात, सर्दियों में अधिक बरसात आदि सामने आ रहे हैं।

मौसम विज्ञानियों ने पहले ही चेता दिया था कि औद्योगिक क्रान्ति और उसके चलते हमारी जीवन शैली में बदलाव से ग्लोबल वार्मिंग के हालात बनते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग का सबसे प्रमुख कारण जीवाश्म ईंधन का अत्यधिक उपयोग रहा है। कोयला, तेल, गैस आदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग से अंतरिक्ष की परत प्रभावित हुई है और उसके चलते तापमान में बढ़ोतरी के हालात बनते जा रहे हैं। हमें भूलना नहीं चाहिए कि जीवाश्म ईंधन के साथ ही कुछ अन्य कारण भी है जिनके चलते तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अत्यधिक शहरी करण और लोहे सीमेंट के उपयोग के कारण गगनचुंबी इमारतों से कंक्रिट के जंगल का विस्तार, आबादी का अत्यधिक दबाव होने के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक व बेरहमी से दोहन, सुविधा के लिए नित नए इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का अत्यधिक उपयोग, पंखें या कूलर के स्थान पर एयर कण्डीशनरों का उपयोग, रसोई में फ्रीज व अन्य उत्पादों का उपयोग और इसी तरह के अन्य वस्तुओं के उपयोग के चलते तापमान में बढ़ोतरी का कारण बनता जा रहा है। मजे की बात यह है कि आज जिसे बेहतर व उपयोगी बताया जा रहा है कुछ समय बाद ही उसे हानिकारक बताने में भी नहीं हिचका जा रहा। आज जापान आदि देशों में माइक्रोवेव ओवन या आरओ आदि के उपयोग को हानिकारक बताया जाने लगा है। पहले प्लास्टिक को बढ़ावा दिया गया और अब उसके दुष्परिणाम सामने हैं। इसी तरह से जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रुप में ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के साथ ही दबे स्वर में यह रिपोर्ट आने लगी है कि ईवी का भी असर तापमान बढ़ोतरी पर पड़ेगा। हालात यहां तक होने लगे हैं कि हीट स्ट्रोक के कारण लोगों की ही नहीं जानवरों की भी जान जाने लगी है। ग्लोबल हीट एक्शन डे के आयोजन के पीछे लोगों को हालात की गंभीरता से सजग करना और अत्यधिक हीटवेव से बचने के लिए सतर्क और सजग करना है। तापमान की बढ़ोतरी का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि स्थानीय निकायों द्वारा तापमान अधिक होने पर आमनागरिकों को राहत देने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव करवाया जाने लगा है तो जयपुर सहित कई शहरों में सिग्नल वाले रास्तों पर गर्मी से राहत के लिए हरा पर्दा टांगा जाने लगा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## जोर है लगाया !

उलटफेर करने को ।
जोर है लगाया ।।
है पूरा प्रयास ।
करें जो फरमाया ।।
हैं हम ही अब बेहतर ।
पुनः याद दिलाया ।।
कसी कमर है जनता ।
उनका तय सफाया ।।
चिंतन मनन जारी है ।
लेने को कमान ।।
ठान लिया है जनता ने ।
देना ही सम्मान ।।
देखते पर ये दावे ।
लेते कैसा रुप ?
जनता ने है तय किया ।
इनके कुछ अनुरुप ?



कृष्णेन्द्र राय

## सूडोकु नवताल- 7450

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7449 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# खाटी समाजवादी की खट्टी-मीठी यादें



प्रो0 के0के0 त्रिपाठी

लुटियन दिल्ली का 3 कृष्ण मेनन मार्ग पर वह अकेला बंगला जिसमें गेट पर कोई सुरक्षाकर्मी नहीं रहता था, जो आम और खास के लिए बराबर खुला रहता था। यह बंगला देश के तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नाडिंस का था। यही नहीं उनके बंगले के अन्दर भी सरकारी सेवक नहीं थे, केवल दो निजी सहायक थे जो आगंतुकों को चाय पानी कराया करते थे। कई बार लोग उनके घर के सामन के दरवाजे से घुस कर और सभी कमरों में उन्हें तलाशते हुए पिछले दरवाजे से बिना रोके-टोके बाहर निकल जाते थे। ऐसा नहीं था कि बंगला सुनसान रहता था जॉर्ज फर्नांडिंस इतना लोकप्रिय थे कि देश-विदेश से लोग आकर बरामदे में बैठ जाते थे, आम और खास में कोई अंतर नहीं था। गैस पर हमेशा चाय बनती रहती थी वह एक्टिविस्ट पहले ने ता बाद में थे।

यही वजह थी कि बतौर केंद्रीय मंत्री मिला सरकारी बंगला म्यानमार विद्रोहियों का दिल्ली में स्थाइ पता बन गया। भारत सरकार एक और म्यांमार सरकार से राजनीतिक रिश्ते सुधार रही थी, वहीं जॉर्ज फर्नाडिंस विद्रोहियों की सहायता किया करते थे। उनकी खुद की पहचान विद्रोही नेता के तौर पर ही थी। इसके बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई उन पर पूरा भरोसा करते थे वह अटल बिहारी सरकार के संकटमोचक थे। अटल बिहारी वाजपेई देश व अंतरराष्ट्रीय मसले पर जॉर्ज फर्नाडिंस से जरूर मशवरा किया करते थे।

1999 में 22 सहयोगी दलों को मिलाकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) बनाया तो संयोजक की जिम्मेदारी जॉर्ज को ही दी गइ। देश के मजदूर आंदोलन को आगे बढ़ाने का काम जार्ज फर्नाडिंस ने बढ़-चढ़ कर किया। उन्हीं दौरान राम मनोहर लोहिया के समर्थन में आकर सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया। वे जीवन भर समाजवादी रहे और समाजवाद को अपने जीवन में उतारने का भरसक प्रयास किया। भाजपा का साथ होने के बावजूद उन्होंने समाजवादी विचारधारा से समझौता नहीं किया। यह प्रखर वक्ता थे।

वर्ष 1977 में जितने सशक्त तरीके से उन्होंने जनसंघ वर्तमान भाजपा का विरोध कर मोरारजी देसाई सरकार को छोड़कर जाने को विवश किया, वहीं भाजपा के साथ आने पर उन्होंने उतनी ही ताकत से उसका बचाव भी किया, संसद के अंदर भी और बाहर भी। हमेशा बिना प्रेस किया खादी का कुर्ता पायजामा और बिखरे घुंघराले बाल जॉर्ज को प्रखर क्रांतिकारी राजनेता बनाते थे। पहले वह जमीनी पकड़ वाले मजदूर नेता थे। चाहे वह होटल और रेस्टोरेंट मालिकों के खिलाफ आंदोलन हो या ट्रांसपोर्टरों के मनमानी के खिलाफ हड़ताल। उनकी पहचान एक जबरदस्त मजदूर नेता की थी।

वह मुंबई के टैक्सी यूनियन के भी नेता थे। जब चाहते थे मुंबई में चक्का जाम हो जाता था। जाम शब्द का प्रयोग मुंबई की हड़ताल से ही शुरू हुआ जिसका श्रेय मजदूर नेता जार्ज फर्नाडिंस को जाता है। 1967 में वह दक्षिण मुंबई से लोकसभा चुनाव लड़े और कट्टर कांग्रेस नेता एस०के० पाटिल को हराया। जबकि एस0के0 पाटिल ने घोषणा की थी कि, 'मुझे भगवान भी नहीं हरा सकता', लेकिन जॉर्ज फर्नाडिंस ने उनको हराकर भारतीय राजनीति में इतिहास रचा। भारतीय रेल मजदूर संघ के अध्यक्ष रहते 1974 में उनके आह्वान पर 20 दिन तक चली रेल कर्मियों की हड़ताल में देश भर में ट्रेनों का चक्का जाम कर दिया था। आपातकाल के दौरान उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश नाकाम रही। वह पगड़ी बांधकर सिख भेष में घूम-घूम कर सरकार के खिलाफ आंदोलन को हवा देते रहे, तत्कालीन प्रधानमंत्री ने एड़ी चोटी तक का जोर लगाकर उन्हें कोलकाता से गिरफ्तार कराया। विदेशी मीडिया ने पूरे विश्व में इस घटना को फैलाने का काम किया जिसमें जॉर्ज का जीवन बचा। 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर बिहार के मुजफ्फरपुर से चुनाव जीते व केंद्रीय उद्योग मंत्री बने। विदेशी मुद्रा विनियम कानून फेरा के उल्लंघन पर और कोकाकोला जैसे नामी-गिरामी कंपनियों को देश छोड़कर जाने का आदेश दिया।

बतौर रक्षा मंत्री सियाचीन पहुंचने वाले पहले केंद्रीय मंत्री थे। अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने 30 बार से ज्यादा सियाचिन का दौरा किया। उन्होंने ना सिर्फ सैनिकों की समस्याएं समझी, बल्कि उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए 1999 में उनके नेतृत्व में ही सेना कारगिल की लड़ाई जीती। जॉर्ज के ऊपर कुछ आरोप भी लगे लेकिन सभी आरोपों से वह बरी हुए।

उन्होंने समता पार्टी का विलय जनता दल यू में करके जीवन की भारी भूल की जिसको उन्होंने स्वीकार किया। उनके जीवन यात्रा की कहानी बड़ी रोचक रही। वह सभी के लिए शुभ रहे उनको गाड़ी-बंगला का मोह नहीं था। कभी कभी संसद वह पैदल चले जाया करते थे और कभी अपनी फिएट गाडी से जाते थे। उन्होंने समाजवाद को अपने आचरण में उतारने का भरसक प्रयास किया। देश ऐसे समाजवादी नेता का सदैव ऋणी रहेगा।

जॉर्ज जैसे नेता दुनिया में बार-बार नहीं आते। पहचान की राजनीति के इस दौर में तो कल्पना भी मुश्किल है कि बैंगलुरु से आया एक कोंकणी भाषी कैथोलिक मुंबई या बिहार से लोकसभा चुनाव जीत सकता है या अहंकार रहित किसी ऐसे भारतीय राजनेता की कल्पना जिसके साथ बस ड्राइवर से लेकर रेलवे का सिगनल मैन सहज महसूस करें, उनकी यही विशेषताएं थी, जिनकी वजह से जो आज भी जिंदा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## कृषक की गाथा-मिट्टी से मन तक

मिट्टी की महक से है उसकी आराधना,
खेत-खलिहान में वो करता नित नमन।
धूप-छाँव में जो तपे, जो झूके न कभी,
कृषक है धरती का सबसे बड़ा सजन।
खून-पसीने से लिखी उसकी यह कहानी,
संघर्ष की लौ में जलती है आह्वान।
फसलें बोए, सपने रोपे, मन के वीर,
हरियाली से भर दे वह वीरान मैदान।
बूंद-बूंद में समेटे अमृत सावन के,
हवा की मादक छुअन में बसी है जान।
वर्षा की थाप से गूँज उठे खेतों की रागिनी,
जिसमें हर बीज फूले, फलें आन-बान।
पर अब आए संकट, जुल्म और परेशानियाँ,
खतरा मंडरा रहा मिट्टी के इस मान।
कीटनाशक, प्रदूषण ने मारा तन-मन,
बूंद-बूंद में घुला विष, हो गया विस्तार।
पर किसान न हार मानता, ना झुकता कभी,
रखे जोश अटल, अडिग, सीना तान।
धरती माँ की पुकार सुने, नई राह चुने,
प्रकृति संग करे संवाद, ले जीवन ज्ञान।
परिवार का भार, ऋण का दंश, सब झेले,
फिर भी मुस्कुराए, आशा की ज्योति जलाए।
साझा करे सपनों को, बाँटे सुख-दुख,
कृषक के मन में नव युग के संदेश गूंजे।

— प्रियंका सौरभ

## आज का राशिफल

**मेष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**वृष** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मिथुन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**सिंह** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**कन्या** : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुला** : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

**धनु** : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मकर** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

**कुम्भ** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मीन** : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# सूबे में पंचायत चुनाव अकेले मजबूती से लड़ेंगे -संजय

## आम आदमी पार्टी का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न, कार्यकर्ताओं में दिखा जोश

फिरोजाबाद, 03 जून (तरूणमित्र)। आम आदमी पार्टी का संकल्प शिविर सोमवार को संपन्न हुआ जिसमें आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं को बौद्धिक एवं सांगठनिक प्रशिक्षण की कार्यशाला में आगामी पंचायत चुनाव के लिए तैयार किया गया।

इस मौके पर आप सांसद संजय सिंह ने डॉ. राममनोहर लोहिया के सामाजिक व आर्थिक विचारों को बताते हुए भाजपा सरकारों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने दिल्ली की अपनी पूर्व सरकार के बारे में कहा कि केजरीवाल सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों पर जो कार्य किये है, उनकी मिसाल पूरे देश में आज भी दी जाती है। संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल सरकार की तरह ही अब वही जनहितकारी राजनीति उत्तर प्रदेश में भी लाने का संकल्प पार्टी ने लिया है।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 'वे सिर्फ मंदिर-मस्जिद, हिन्दू-मुस्लिम और सामाजिक ध्रुवीकरण की सियासत करते हैं, जबकि आम आदमी पार्टी जनता के मुद्दों की बात करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की जिन राज्यों में सरकार हैं वहां 'भ्रष्टाचार बचाओ अभियान' ही असल एजेंडा बन चुका है। इसका जवाब उत्तर प्रदेश की जनता भविष्य में आने वाले चुनावों में जरूर देगी।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि पार्टी ने अगले साल होने वाले जिला पंचायत और गांव पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। वह इस चुनाव को किसी दल के साथ गठजोड़ करके नहीं बल्कि अकेले लड़ेंगे। पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेंगी। कहा कि संकल्प शिविर का आयोजन प्रदेश में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का पहला लक्ष्य पंचायत चुनाव है। पूरी ताकत और मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। पंचायत चुनाव के नतीजे आने के बाद पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ निर्णय लेकर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर अगला कदम उठाएंगे। कार्यक्रम में दिल्ली के पूर्व विधायक दिलीप पांडेय और प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी विपिन पाठक, उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी व दिल्ली के विधायक अनिल झा, सह प्रभारी व दिल्ली के विधायक सुरेंद्र चौधरी, सह प्रभारी व दिल्ली के विधायक विशेष रवि ने भी विचार व्यक्त किये।

शिविर के समापन पर बृज प्रांत की प्रभारी डॉ हृदेश चौधरी ने संगठन विस्तार और जनसंघर्ष की सियासत पर विस्तार से बात की।

शिविर के अंत में सांसद संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यकर्ता का उत्साहवर्धन किया। शिविर में मुख्य रूप से प्रदेश निवर्तमान अध्यक्ष सभाजीत सिंह, निवर्तमान महासचिव दिनेश पटेल, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे, जनक प्रसाद,शिलेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें अधिकारी-डीएम




बिजनौर, 03 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में महात्मा विदुर सभागार में उत्तराखण्ड सीमावर्ती ग्रामों, पीएम जनमन और वर्तमान में किये जा रहे ग्रामों के भ्रमणों /निरीक्षणों /चौपालों में दिये गये निर्देशों का अनुपालन तथा मालन नदी का कायाकल्प की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्म वीर सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार सिंह अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों सहित खण्ड विकास अधिकारी व तहसीलदार, संबंधित ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सीमावर्ती 18 गांवों को प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, आशा बहू, सफाई कर्मी नियुक्त नहीं है, वहां शत प्रतिशत रूप से कार्मिकों को तैनात करना सुनिश्चित करें ताकि विकास की प्रगति किसी भी स्तर पर प्रभावित न होने पाए।

# बख़्शे नहीं जाएंगे आईजीआरएस के गुनहगार, नोटिस जारी

- बिजली विभाग और शिकायतकर्ता से संपर्क ना करने से आईजीआरएस रैंकिंग में पिछड़ा जनपद
- शासन से जारी रैंकिंग में 25वें पायदान पर आया जिला, डीएम नाराज

बरेली, 03 जून (तरूणमित्र)। मंगलवार को शासन से जारी आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद बरेली की स्थिति उम्मीद के मुकाबले अच्छी नहीं रही। माह मई की प्रदेश स्तर पर 25वीं रैंक आई है। जो अप्रैल माह के मुकाबले अच्छी नहीं रही। अप्रैल में 17वीं रैंक आई थी। डीएम अविनाश सिंह ने रैंक अच्छी ना होने पर बेहद नाराजगी जताई है। बताया जाता है कि रैंक खराब होने में बिजली विभाग और निस्तारण कर्ता अधिकारी द्वारा आवेदक से संपर्क किए जाने में लापरवाही रही है। रैंकिंग में पिछड़ने का कारण बने बिजली विभाग के दो अफसरो को कारण बताओं नोटिस जारी किया जा रहा है।

बता दें कि मुख्यमंत्री कार्यालय से बिजली विभाग को 2 सी श्रेणी मिली है, जिस कारण 10 में से चार नंबर कट गए। इसी तरह निस्तारण कर्ता अधिकारी द्वारा आवेदक से संपर्क न किए जाने को लेकर 10 में से 6 नंबर कट गए। तो वहीं एक नंबर डिफाल्टर संदर्भ होने से भी कटा है। इन्हीं वजह से जनपद की रैंकिंग बिगड़ गई। डीएम ने आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही बरत रहे गुनहगारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बिजली विभाग के एक्सईएन नगरीय थर्ड और एक्सईएन ग्रामीण प्रथम को नोटिस जारी किया जा रहा है।

### तहसील बहेड़ी, फरीदपुर और मीरगंज ने किया सुधार

प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में माह मई में अप्रैल के मुकाबले तहसील बहेड़ी, फरीदपुर और मीरगंज में सुधार आया है। पिछले महीने (अप्रैल) में जहां बहेड़ी 96वें नंबर पर थी, इस बार प्रदेश में 12वें नंबर पर है। तहसील फरीदपुर अप्रैल में 44वें नंबर पर थी, इस बार 31वे नंबर पर है। पिछले माह तहसील मीरगंज की स्थिति बेहद खराब रही थी, सुधार करते हुए 228 नंबर से इस माह 59वे नंबर पर आई है। यह भी एक इत्तेफाक है कि सुधार करने वाली तीनों तहसीलों की एसडीएम महिलाएं हैं। उधर, नवाबगंज (113) में भी कुछ सुधार हुआ है, तो वही आंवला (118) और तहसील सदर (222) पिछड़ गई।

# आईजीआरएस रैंकिंग : लगातार दस माह से बरेली रेंज प्रदेश में अव्वल

बरेली, 03 जून (तरूणमित्र)। पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय साहनी के निर्देशन में शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर शासन द्वारा जारी रैंकिंग में माह मई2025 में बरेली परिक्षेत्र ने उत्तर प्रदेश में 'प्रथम स्थान' प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि विगत 10 माह (अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर-2024 व जनवरी, फरवरी, मार्च,अप्रैल,मई-2025) में लगातार बरेली परिक्षेत्र द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। माह मई 2025 में बरेली परिक्षेत्र के जनपद बदायूँ ने 25 वां ,जनपद शाहजहांपुर ने 13 वां, जनपद



पीलीभीत ने प्रथम और जनपद बरेली ने 22 वां स्थान प्राप्त किया है तथा परिक्षेत्र के जनपद बरेली के सीबीगंज, फतेहगंज पूर्वी, जनपद बदायूँ के कुवरगांव, अलापुर, बिसौली, जनपद पीलीभीत के महिला थाना, थाना हजारा, न्यूरिया, गजरौला, माधोटांडा, बरखेड़, करेली, कोतवाली, जहानाबाद, अमरिया, सुनगढ़ी, सेहरामऊ उत्तरी, घुंघचाई, बीसलपुर, बिलसंडा,दियूरिया कलां, पूरनपुर, जनपद शाहजहाँपुर के थाना रामचंद्रमिशन, जलालाबाद, कलान व सदर बाजार ने संयुक्त रुप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में लगातार विगत 10 माह में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत आईजीआरएस कर्मी उ0नि0 शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार व आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा । परिक्षेत्र के जिन जनपदों / थानों का आईजीआरएस के जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदर्शन संतोषजनक नही रहा है उनके कार्यो की समीक्षा की जायेगी।

### ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

फिरोजाबाद, 03 जून (तरूणमित्र)। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2 पर एक अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आकर कटकर मौत हो गयी जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया और पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लेकर आई है प्लेट फॉर्म नम्बर 2 परएक अज्ञात युवक की आरपीएफ थाने के सामने किसी ट्रेन की चपेट में आने की बजह से कटकर मौत हो गयी, युवक के कटने की सूचना मिलते ही मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गयी। जीआरपी और आरपीएफ के जवान भी मौके पर पहुंच गये , जिन्होंने शव को कब्जे में कर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीदामई में टीबी मरीजों को गोद लेकर वितरित की पोषण पोटली

फिरोजाबाद, 03 जून (तरूणमित्र)। प्रदेश के राज्यपाल की मंशानुसार एवं जिलाधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीदामई में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक द्वारा की गयी। इस दौरान 35 टीबी मरीजों को गोद लिया गया और उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई, जिससे मरीजों को उनके स्वास्थ्य में पोषण सम्बन्धी सहायता उपलब्ध हो सके।



इस अवसर पर जिला पी.पी.एम. समन्वयक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने मरीजों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें समय-समय पर दवा लेने, संतुलित आहार लेने और नियमित जांच कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए भी सभी को जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चेयरपर्सन फात्मा रजा ने किया उद्घाटन

बदायूं, 03 जून (तरुणमित्र)। मंगलवार को चेयरपर्सन फात्मा रजा ने इन्द्राचौक से ट्रेड शॉपिंग मॉल होते हुए स्टेशन तिराहा तक नई मॉडल हॉटमिक्स सड़क और सड़क की सुरक्षा हेतु लगाए गए रोड कैट्स आई, सफेद पट्टियों तथा 17 आक्टागोनल पोलों पर नई लाइटिंग का उदघाटन किया। चेयरपर्सन फात्मा रजा ने कहा कि नगर में जनसुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। रात के समय सड़क पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए कैट्स आई और सफेद पट्टियाँ लगाई गई हैं, जिससे वाहन चालकों को मार्ग का स्पष्ट पता चलेगा और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। इसके अलावा, आक्टागोनल पोलों पर लगाई गई अत्याधुनिक लाइटों से क्षेत्र पूरी रात रोशन रहेगा, जिससे आमजन की सुरक्षा और सुविधा में वृद्धि होगी। चेयरपर्सन ने सभी को भरोसा दिलाया कि शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह के विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से कराए जाएंगे ताकि शहर को आधुनिक और सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि योजना न केवल सड़क की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के मानकों को भी ऊंचा करेगी, जिससे स्थानीय लोगों को सुरक्षित और आरामदायक आवागमन का लाभ मिलेगा।

### गगा दशहरा के अवसर पर घाटों पर मजिस्ट्रेट नामित

बदायूं, 03 जून (तरुणमित्र)। जनपद में ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा का पर्व 05 जून को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस अवसर पर कछला गंगा घाट सहित जिले के अन्य प्रमुख घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय द्वारा विभिन्न घाटों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए हैं कि मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र के घाटों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने, साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। नगर पंचायत द्वारा मुख्य मार्गों व घाटों की सफाई तथा ठंडे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक घाट पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। घाटों पर नावों एवं गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इसके अतिरिक्त कछला पुल पर यातायात सुचारु रखने हेतु बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिसकी निगरानी भी कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### केंसर से पीड़ित व्यक्ति की मौत

फिरोजाबाद, 03 जून (तरूणमित्र)। थाना मक्खनपुर क्षेत्र में 45 वर्षीय व्यक्ति की केन्सर रोग के कारण मौत हो गयी जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी, पुलिस उसके शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल आयी है, जहां शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है थाना मक्खनपुर क्षेत्र के गांव नगला मुखराम निवासी 45 वर्षीय भानु प्रताप पुत्र शम्भू सिंह काफी दिनों से केन्सर जैसी बीमारी से परेशान था, जिसकी मंगलवार को सुबह मौत हो गयी। परिजनों ने उसकी सूचना थाना मक्खनपुर को दी, पुलिस परिजनों के बताए अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लेकर आयी है। जहां उसके शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है। जिसके बारे में जानकारी थाना मक्खनपुर से की गयी तो उन्होंने बताया कि भानु प्रताप काफी दिनों से केन्सर जैसी बीमारी से पीड़ित थे, जिनकी आज मृत्यु हो गयी है, परिजन उनके शव का पोस्टमार्टम कराना चाहते है।

# महिला सफाई मित्रों का महापौर सहित अन्य अधिकारियों एवं पार्षदों ने किया सम्मान

फिरोजाबाद, 03 जून (तरूणमित्र)। नगर निगम के जीवाराम हॉल में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सफाई मित्रों का सम्मान समारोह के साथ उनके स्वास्थ्य का परीक्षण हेतु एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया

पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर शासन के निदेर्शानुसार नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा जीवाराम हॉल में एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत महिला सफाई मित्रों को सम्मानित कर उनके योगदान को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना था।कार्यक्रम का आयोजन स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नोडल अधिकारी संदीप भार्गव एवं प्रभारी अरविंद भारती के निर्देशन में संपन्न हुआ। समारोह में महापौर कामिनी राठौर, उपसभापति विजय कुमार शर्मा, पार्षदगण पूनम शर्मा, रेखा यादव , श्याम सिंह यादव, देशदीपक यादव, अजय वर्मा, सुनील वर्मा स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एंबेसडर अनुपम शर्मा, हरिओम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। महापौर कामिनी राठौर ने अपने संबोधन में रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे 18वीं शताब्दी की एक न्यायप्रिय, प्रजावत्सल एवं दूरदर्शी शासिका थीं, जिन्होंने नारी नेतृत्व की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की। उनके शासनकाल में समाज कल्याण हेतु अनेक मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं एवं जलस्रोतों का निर्माण कराया गया।उन्होंने महिला सफाई मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे ही हमारे शहर की असली नायिकाएं हैं, जो दिन-रात परिश्रम कर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महिला सफाई मित्रों के सहयोग से ही नगर निगम फिरोजाबाद ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

### वीआईपी कल्चर: पुलिस के रूट डायवर्जन से जनता होगी परेशान

पीलीभीत, 03 जून (तरूणमित्र)। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कल पीलीभीत आगमन के दौरान जिले की पुलिस ने जो रूट डायवर्जन कार्यक्रम जारी किया है उसे जनता काफी परेशान होगी। शहर को नाकेबंदी कर पूरे किले में कैद कर दिया जाएगा। सभी रास्तों पर पुलिस का पहरा होगा। एक ओर केंद्र और प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार वीआईपी कल्चर के खिलाफ है। मंत्रियों की लाल बत्तियां उतार दी गई हैं तो दूसरी ओर वीआईपी कल्चर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कल बुधवार को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जिले के दौरे पर आ रही हैं वह गांधी सभागार में कई बैठकों में शामिल होंगी जिसको लेकर जिले की पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है जिसके तहत पूरे शहर को सील कर दिया जाएगा। माधो टांडा रोड पूरी तरह बंद किया गया है। बाईपास से आवागमन होगा। इसी तरह बरेली से खटीमा जाने वाले वाहन खकरा होते हुए धनकुना रोड से मझोला पहुंचेंगे। इसी तरह बीसलपुर की ओर से आने वाले वाहनों को बाहर ही रोक दिया जायेगा।

# बंधक बनाकर लूटपाट मामले में बदमाशों पर रिपोर्ट दर्ज

पीलीभीत, 03 जून (तरूणमित्र)। छत के सहारे घर में घुसकर लूटपाट के मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज किया गया है। वर्कआउट को लेकर कई टीमें लगाई गई है। पुलिस पड़ोसियों सहित कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। नकाबपोश बदमाशों ने दरवाजा खोलने के बाद युवती के मुंह में कपड़ा बांधकर वारदात को अंजाम दिया था।कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी विधवा कनीज बेगम की पुत्री चमन छत पर बने कमरे में सो रही थी। तभी रात करीब दो बजे दो नकाबपोश बदमाशों ने असलहा लेकर छत पर कमरे का दरवाजा खटखटाया था। चमन के दरबाजा खोलने पर बदमाशों ने उसका मुंह कपड़े से बाध दिया था। इसके बादधक्का-मुक्की और मारपीट की थी। डर से वह चीख भी नहीं सकी थी। इसके बाद दोनों बदमाशों ने गन प्वाइंट पर लेकर संदूक से 24 हजार रुपये नकद, बहन के निकाह के लिए रखे सोने की दो चेन, सोने की अंगूठी, सोने का नाक का फूल, चांदी की पायल समेत अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो गए थे। दोपहर एसपी अविनाश यादव, एएसपी विक्रम दहिया ने घटना का निरीक्षण किया था। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, एसओजी सर्विलांस टीम भी क्लू तलाशे थे। मामले में चमन की ओर से पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज किया है। वारदात के खुलासे को लेकर पुलिस, सर्विलांस, एसओजी लगी हुई है। मामले में आधा दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर चुकी है।

मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के खुलासे को लेकर पुलिस लगी है। शीघ्र वर्कआउट कर बदमाशों को जेल भेजा जाएगा।

**प्रतीक दहिया, सीओ, पूरनपुर**

**वारदात से पड़ोसी सहमें पुलिस काट रही चक्कर**

वारदात से पड़ोसियों में दहशत हैं। पुलिस साक्ष्य जुटाने के लिए लगातार शेरपुर में चक्कर लगा रही है। छत के सहारे घुसे बदमाशों के बारे में पड़ोसियों से भी जानकारी की जा रही है। शाम को कुछ पड़ोसियों को हिरासत में लिया गया था। पड़ोस के व्यक्ति को पुलिस कब पूछताछ के लिए बुला ले। कुछ कहा नहीं जा सकता है। इससे सभी सहमे हुए हैं। वर्कआउट को लेकर पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रहीं है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,**
**लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग**
**लखनऊ**

पत्रांक: 3705/523(2)सी-एल०वृ०/2025 दिनाँक: 29/05/2025

**ई-निविदा**

राज्यपाल महोदय, उ०प्र० की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में "**भवन**" कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी "ए एवं बी" ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र० सं० | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | श्रेणी | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी + जी०एस०टी० (रू० लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | सेवा समर्पण संस्थान, बिन्दौवा, मोहनलालगंज लखनऊ में अत्याधुनिक तीरंदाजी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 80.75 | 6.04 | ए एवं बी | नि० मूल्य = 300 स्टे० चार्जेज = 2000 जीएसटी = 414 कुल = 2714/- | 12 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि, लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि.लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (म०क्षे०), लो०नि०वि०, लखनऊ |

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुए तथा जी०एस०टी० को छोड़कर लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 05/06/2025 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 12/06/2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है, एवं दिनांक 12/06/2025 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 12/06/2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या-1/2018/3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(राजेश कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**निर्माण खण्ड-2, लो०नि०वि०,**
**लखनऊ**

**(जे०पी० सिंह)**
**अधीक्षण अभियन्ता,**
**लखनऊ वृत्त, लो०नि०वि०,**
**लखनऊ**
For on behalf of Governor of UP

U.P. 234523 dt. 02/06/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : जिलाधिकारी

## डीएम ने की एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा

बरेली, 03 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा 47.53 लाख रुपए की लागत से क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसे पूर्ण करने की तिथि 30 जून निर्धारित है तथा समय से कार्य पूर्ण ना होने पर रैंक प्रभावित होगी। जिस पर कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि लागत के सापेक्ष 39 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं और 90.6 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, कार्य पूर्ण करने की तिथि आगे बढ़ाने के लिए पत्र भेजा गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम (नगरीय) की शीशगढ़ नगर पंचायत में पुर्नगठन पेयजल योजना, बिशारतगंज नगर पंचायत में




पुर्नगठन पेयजल योजना, आंवला नगर पालिका परिषद (जोन-1) पुर्नगठन पेयजल योजना तथा पेयजल योजना वार्ड-23 इंदिरा नगर के कार्य को गुणवत्तापरक करने के निर्देश दिए। फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत पुर्नगठन पेयजल योजना (अमृत 2.0 कार्यक्रम) के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि उक्त योजना हेतु हाइवे क्रास करके 500 मीटर लाइन डाली जानी है, जिस हेतु एनएचएआई की अनापत्ति की आवश्यकता होगी, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित के साथ बैठक बुलाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि तहसील बहेड़ी रिछा में राजकीय महाविद्यालय का कार्य, राज्यकर विभाग में फायर फाइटिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, हैण्डओवर की प्रक्रिया गति में है। इसी प्रकार राजकीय पौधशाला डेलापीर, किसान कल्याण केन्द्र फरीदपुर/बिथरी चैनपुर का भी पूर्ण हो चुका है। बैठक में कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी एस ने अवगत कराया कि स्वालेनगर में चार्जिंग स्टेशन इसी माह पूर्ण हो जाएगा। बचपन डे केयर का कार्य पूर्ण करने की तिथि 18 अप्रैल 2026 है। राजकीय पॉलिटेक्निक सेंथल का कार्य चल रहा है, धनराशि मात्र 75 लाख रुपए मिली है। सम्भागीय परिवहन कार्यालय में सारथी हाल का निर्माण कार्य भी 01 जुलाई 2027 तक पूर्ण हो जाएगा। बैठक में अवगत कराया गया कि बदायूं सिंचाई परियोजना का प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग नई दिल्ली को प्रेषित की गयी है जो कि परीक्षणाधीन है। उपरोक्त कारणों से परियोजना लंबित है।

बैठक में अवगत कराया गया कि नदियों से होने वाले कटान को रोकने के दृष्टिगत देवहा नदी के दायीं ओर कटान निरोधक कार्य, रामगंगा नदी के दायीं ओर कटान निरोधक कार्य, बहगुल नदी के बायीं ओर कटान निरोधक कार्य, दोजोरा नदी के किनारे कटान निरोधक कार्य सहित कुल 09 बाढ़ निरोधक कार्य बाढ़ खण्ड द्वारा कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य से पूर्व और कार्य के बाद की ड्रोन वीडियोग्राफी कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी कार्य निमार्णाधीन हैं या जो कार्य होने हैं उन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए और कार्य की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

# जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने ग्राम डहाना में लगाई जन चौपाल

- खसरा-खतौनी की नकल देने पर किसानों से ज्यादा रुपये लेने पर लेखपाल सस्पेंड
- अधिकारी ग्रामवासियों की समस्याओं का समय निस्तारण करें : पांडेय




हापुड़, 3 जून (तरुण मित्र)। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम डहाना के ग्राम प्रधान के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को दी गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से गांव की समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया गया तथा जो समस्याएं लंबित रह गई हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों द्वारा विभिन्न समस्याएं जैसे पानी की उपलब्धता, बिजली की समस्या, शौचालय की साफ सफाई, स्कूलों की जर्जर हालत, शमशान घाट का पुनः नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण, जर्जर सड़कों की मरम्मत, पानी का भराव तथा पानी के निकासी की समस्या आदि के बारे में ग्रामीणों द्वारा जिला अधिकारी को अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा खसरा-खतौनी की नकल निकलवाने हेतु निर्धारित धनराशि से अतिरिक्त धनराशि वसूलने को लेकर लेखपाल की जिलाधिकारी से शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल द्वारा जिन लोगों से नकल सवाल देने के लिए निर्धारित धनराशि से अतिरिक्त धनराशि ली गई उन लोगों के बयान लेते हुए तत्काल उप जिला अधिकारी हापुड़ को निर्देश दिए गए कि संबंधित लेखपाल के विरुद्ध सस्पेंड की कार्रवाई करते हुए प्रकरण की जांच की जाए। दोषी पाए जाने पर संबंधित लेखपाल पर आगामी कार्रवाई हेतु पत्र शासन में प्रेषित किया जाए' जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा ग्राम प्रधान को निर्देश देते हुए कहा एएनएम तथा आशाओं से समन्वय में बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के टीकाकरण हेतु अभियान चलाया जाए।

उन्होंने ग्राम में कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को पोषित की श्रेणी में लाने के निर्देश दिए। जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों द्वारा पानी की टंकी लीकेज होने की समस्या से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया इस पर जिलाधिकारी ने गांव में संचालित पानी की टंकी में लीकेज की समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण करने के संबंधित को निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम सचिव तथा ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में नाली व तालाब की साफ-सफाई की व्यवस्था समय-समय पर की जानी चाहिए' जन चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी हापुड़ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# साले के हत्यारे जीजा को आजीवन करावास, 50 हजार का जुर्माना

फतेहपुर, 03 जून (तरूणमित्र)। अपर जिला जज कोर्ट नंबर दो की विद्वान न्यायाधीश ने मंगलवार को नाबालिग की हत्या के मामले की अंतिम सुनवाई करते हुये हत्यारोपी बहनोई को आजीवन कारावास की सजा के साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड़ अदा करने का फैसला सुनाया।

अभियोजक एडीजीसी प्रमिल कुमार श्रीवास्तव ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ओरम्हा गांव में 16 अगस्त 2016 को वादी सीतराम उर्फ कल्लू के नाबालिग पुत्र विजय 14 वर्ष की गला दबा कर उसके बहनोई ने हत्या कर दी थी, जिसका शव धुन्नी सिंह के गन्ना के खेत से बरामद हुआ था। उन्होने हत्या के पीछे की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वादी ने अपनी पुत्री छाया उर्फ शालिनी की शादी घटना से एक वर्ष पूर्व खखरेरू थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी बाबूलाल उर्फ बब्लू के साथ की थी। बब्लू शराब पीने का लती था और शादी के बाद से ही पुत्र छाया के साथ आए दिन मारपीट, गाली-गलौज करता था। जिसके चलते छाया मायके चली आई और पिता के पास रहने लगी। साथ ही उसने अपने पति के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज करा दिया था। अभियोजक ने बताया कि घटना वाले हत्यारोपी ओरम्हा उसके घर मुकदमा वापस कराने के लिये आया था। वह छाया को साथ ले जाने की बात कहने लगा, लेकिन छाया ने पति के साथ जाने से मना कर दिया।

# त्योहारों पर सोशल मीडिया की अफवाहों से रहें दूर : जिलाधिकारी

आजमगढ़, 03 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-II की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी गंगा दशहरा, बकरीद एवं निकट भविष्य में पड़ने वाले त्यौहारों को सकुशल शांतिपूर्ण, भाईचारे, प्रेम, एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी उप जिलाधिकारी, सभी क्षेत्राधिकारी पुलिस, सभी थानाध्यक्ष, सभी खंड विकास अधिकारी, सभी विभागीय अधिकारी एवं जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र से आए हुए पीस कमेटी के सदस्यों एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की गई। जिलाधिकारी ने कहा की सभी उप जिलाधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पीस कमेटी की बैठक सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं नगर पालिका तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों एवं अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को गंगा दशहरा के दिन लगने वाले मेले / स्नान पर्व को देखते हुए सभी नदी एवं बड़े तालाबों के तटों पर स्थित घाटों एवं मंदिरों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि घाटों पर जाने वाले मार्गो एवं मंदिर मार्गों की सफाई एवं चूना छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नदी घाटों की गहराई को देखते हुए गोताखोर, रस्सी, नाव आदि की व्यवस्था स्नान वाले दिन सुनिश्चित करें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रयोग में लाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद उल अजहा (बकरीद) दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धर्मगुरु, प्रबुद्धजनों एवं संभ्रान्त नागरिकों से सहयोग का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए तथा कोई भी कुर्बानी खुले में न हो।



जिलाधिकारी ने समस्त धर्म गुरुओं से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार की सोशल मीडिया की अफवाहों से दूर रहे, जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई सोशल मीडिया के माध्यम से गलत अफवाह फैलता है तो तत्काल उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट/अवशेष पदार्थों को खुले में न डाला जाए। उन्होंने कहा कि अपशिष्ट पदार्थों को निर्धारित गहराई तक गड्ढा खोदकर डिस्पोजल करें। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि नमाज के मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर झुके विद्युत पोल एवं जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्बाध संचालित रहे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गंभीर सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, समस्त एसडीएम/सीओ, एसीएमओ, डीपीआरओ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न धर्मो के धर्मगुरू उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

एटा, 03 जून (तरूणमित्र)। जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी गंगा दशहरा, बकरीद सहित अन्य त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर चर्चा की गई।

डीएम ने कहा कि सभी पर्व पारंपरिक ढंग से, आपसी तालमेल व भाईचारे के साथ मनाए जाएं। किसी नई परंपरा की शुरूआत न होने दी जाए और सभी तहसीलों में सतर्कता बरती जाए। बकरीद के मौके पर साफ-सफाई, अपशिष्ट निस्तारण और निर्धारित स्थलों पर ही कुबार्नी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो से बचने और ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। एएसपी राजकुमार सिंह ने संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस व पीएसी तैनात किए जाने की जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व धर्मगुरुओं ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

# अंतिम संस्कार कर लौट रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

एटा, 03 जून (तरूणमित्र)। बागवाला थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। हादसा धूमरी पुल के पास नगला रंजीत में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से हुआ।

मृतक की पहचान सतीश (45) के रूप में हुई है, जो अपने ससुर के अंतिम संस्कार से दरियावगंज से लौट रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर सवार यश (19) और सुमन, धूमरी के बुधरे गांव में एक शादी समारोह में जा रहे थे। हादसे की सूचना राहगीरों ने तत्काल बागवाला पुलिस को दी। एम्बुलेंस से घायलों को वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सतीश को मृत घोषित कर दिया।

# श्रीराम कालेज में प्रतियोगिता आयोजित

मुजफ्फरनगर, 03 जून (तरूणमित्र)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पूर्व विस्तारित प्राविधिक श्रृंखला के अंतर्गत 'आईआईसी-एसआरजीसी' द्वारा आज मिनी हैंड्स ऑन (ए प्रोटोटाइप मेकिंग कम्पीटीशन) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

प्रोटोटाइप का अर्थ है किसी तकनीक, सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर का एक प्रारम्भिक मॉडल, जो हैकथॉन में प्रतिभागियों द्वारा सीमित समय में बनाया जाता है ताकि एक नये विचार या समाधान का परीक्षण और प्रदर्शन किया जा सके। हैकथॉन में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी न केवल उत्पाद और विचार बनाने पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, बल्कि प्रायोजकों के साथ जुड़ते हैं। इस प्रतियोगिता में अक्सर एक तकनीकी चुनौती या समस्या का समाधान प्रस्तुत किया जाता है। हैकथॉन में दिये गये समाधान का विशेषज्ञों ने निर्धारित मापदण्डों के आधार पर मूल्यांकन किया।

प्रोटोटाइप, हैकथॉन प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये विचारों को व्यक्त करने, परीक्षण करने व सुधार करने का एक मूल्यवान उपकरण है। इस तकनीकी कार्यक्रम का उद्देश्य इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों के बीच स्टार्टअप व प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों की 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी व अदिति को, द्वितीय पुरस्कार खुशी आर्या, कनक व सनी को तथा तृतीय पुरस्कार तुषार, ऋषभ व पारस को प्राप्त हुआ।

# आपसी भाईचारे के बीच मनाएं गंगा दशहरा व बकरीद का पर्व: डीएम

फतेहपुर, 03 जून (तरूणमित्र)। आगामी पांच जून को होने वाले त्योहार गंगा दशहरा एवं सात जून ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने हेतु कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के संयुक्त तत्वाधान में जनपद के धर्म गुरूओ एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

डीएम ने समस्त जनपदवासियों को आगामी त्योहारो की बधाई देते हुए कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें। उन्होंने नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों, ग्रामीण क्षेत्रों में अधिशाषी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी गंगा घाटों व मस्जिदों के आसपास की साफ सफाई व चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने की हिदायत दी। संबंधित अधिशाषी अभियंता पर्व मनाए जाने वाले स्थानों पर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए साथ ही ढीले/लटकते हुए तारों को टाइट करवा दिया जाए ताकि त्यौहारों में कोई असुविधा न हो। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगा घाटों में आवश्यकतानुसार गोताखोर व महिलाओं हेतु अस्थाई कपड़े चेंजिंग रुम बनवाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका आपस में समन्वय बनाते हुए यातायात, सड़क सुरक्षा आदि अन्य व्यवस्थाओ की तैयारी कर ले। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशो को गौशालाओं में संरक्षित किया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि त्योहारों के दृष्टिगत स्वास्थ्य केंद्रो में पर्याप्त मैनपावर के साथ ही फर्स्ट एड, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही पुलिस विभाग व संबंधित तहसील के अधिकारियों के मोबाइल नंबर शेयर किए जाये। उन्होंने कहा कि बकरीद के पर्व में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं दी जाए, कुर्बानी बन्द स्थानों पर दी जाये। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से कहा कि जिला स्तर व तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की जाय। पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि धर्म गुरुओं द्वारा बताई गई समस्याओं, सुझाओं का नियमानुसार अमल में लाया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों से त्यौहारों के दृष्टिगत की गई तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी बनाए रखे। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस पुलिस कर्मी की ड्यूटी जहां पर लगाई गई है, पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्यो का निर्वाहन करे। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। कुर्बानी देते वीडियोग्राफी न करें और न ही सोशल मीडिया पर वायरल करे अन्यथा ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था कर ली गई है। माहौल बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्र संगठन ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

फतेहपुर, 03 जून (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के बैनर तले बैठक कर बोर्ड परीक्षा के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने सभी मेधावी बच्चों के माता पिता का फूल माला पहना कर सम्मान किया। साथ ही कहा कि शिक्षा के इस दौर में अल्प मानदेय के बावजूद आप सब बच्चों को प्रगतिशील बना रहे हैं। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। साथ ही साथ बच्चों को भी आशीर्वाद दिया और कहा कि आप सब शिक्षामित्र समाज का गौरव हैं। सबके आगे बढ़ने से हमारा हौसला और बढ़ रहा है।

तत्पश्चात जिला टीम ने इस सत्र में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण अपने साथियों के मेधावी बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया गया और उनके माता-पिता को भी संगठन की ओर से बधाई देते हए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई।



बैठक का संचालन अजय सिंह ने किया और साथ ही बच्चों से ये वादा लिया कि आप नित्य प्रति दिन माता पिता की आशा पर खरा उतने का प्रयास करेंगे। जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि बच्चे आगे बढ़े, जहां पर माता पिता को उनकी पढ़ाई में कठनाई समझ मे आये जिला संगठन आप के साथ खड़ा है आप की हर तरह की मदद की जायेगी। इसके बाद बच्चों का मुँह मीठा करवाया गया। इस मौके पर अजय सिंह, अखिलेश गुप्ता, ओम पटेल, भानू सिंह, विशाल शुक्ला, सुनील मिश्रा, मनोज गुप्ता, रामसुमेर, अनिल श्रीवास्तव, अतर राजावत, आशुतोष द्विवेदी, जयंती देवी, माया देवी, शशिकांती, सतेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र, मनोज यादव, अन्नपूर्णा भी मौजूद रहीं।

# बसपा प्रतिनिधि मंडल ने चार लोगों की मौत पर दी सांत्वना

एटा, 03 जून (तरूणमित्र)। रविवार सुबह अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र में दिल्ली-कानपुर हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मारहरा के चार लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने से मारहरा कस्बा में शोक की लहर दौड़ गई।

हादसे में चार लोगों की मौत पर बसपा प्रतिनिधि मंडल ने शोक संतप्त परिवार से भेंट कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि इस दुख की घड़ी में पार्टी उनके साथ खड़ी है। ज्ञात हो कि ईद पर दिल्ली बिक्री के लिए भेड़-बकरी लेकर जा रही एक कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में मारहरा निवासी हजारीलाल (65), अमर सिंह (33), हरिश्चंद्र (32) और रविंद्र की मौत हो गई। जब दूसरी कैंटर के लोग मदद को पहुंचे तो अचानक एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर चार और लोगों की जान चली गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। बसपा प्रतिनिधि मंडल में मण्डल प्रभारी अलीगढ़ अनिल बघेल, पूर्व मंडल प्रभारी राजू राम रतन,

पूर्व मंडल प्रभारी कालीचरण पुष्कर, अनार सिंह बघेल, विधानसभा प्रभारी कासगंज, रामदास सबिता, जिला महासिचव एटा बसपा, राकेश लोधी, वीरबहादुर सिंह, जितेंद्र कुमार फौजी, राधेश्याम सिंह, राज बहादुर शामिल रहे।

# बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ भंडारा

- श्री बालाजी बड़े हनुमान मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ

फतेहपुर, 03 जून (तरूणमित्र)। लोक निर्माण विभाग की ओर से ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अनिल कुमार, मनोज कुमार सैनी, बलराम सिंह, गोपाल शुक्ला, मनोज सिंह, राजेश सिंह, सतेंद्र सिंह, राहुल कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला, पवन कुमार, अंकुश श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार, शिवा, रामचंद्र, आलोक, अनुज के अलावा अन्य समस्त अधिकारी कर्मचारी व ठेकेदार बन्धु उपस्थित रहे।

इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट स्थित श्री बालाजी बड़े हनुमान मंदिर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे, मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंदिर परिषद में सुंदरकांड का पाठ किया गया। उसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अभय प्रताप सिंह, प्रभाकर दीक्षित, संतोष सिंह चौहान एडवोकेट, प्रमोद सिंह चौहान एडवोकेट सहित तमाम अधिवक्ता साथी मौजूद रहे। वहीं सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ द्वारा भी बड़े मंगल के अवसर पर शर्बत वितरण किया गया। जिसमें आशीष कुमार जनपद सचिव राकेश कुमार जनपद अध्यक्ष रौनक गुप्ता शैलेंद्र कुमार मनोज सिंह मनोज वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# डीएम ने सोन प्रेरणा बाजार का फीता काटकर किया शुभारंभ

- सोन प्रेरणा बाजार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की, की जायेगी बिक्री

सोनभद्र, 03 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज कलेक्ट्रेट मोड़ लोढी, रॉबर्ट्सगंज पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के बिक्री के लिए सोन प्रेरणा बाजार का शुभारंभ जिलाधिकारी बद्रीनाथ के द्वारा फीता काट करके किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं अन्य जनपदीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने बताया कि सोन प्रेरणा बाजार के खुल जाने से न केवल समूह की महिलाओं को रोजगार सृजन की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त होगा बल्कि इनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के बिक्री के लिए एक निश्चित स्थान भी निहित हो रहे हैं। इस दुकान के खुल जाने से समूह द्वारा बनाए गए सभी तरह के उत्पाद आपको एक ही जगह पर उपलब्ध होंगे।

जनपद में वर्तमान समय में डेढ़ लाख से ज्यादा महिलाएं समूह से जुड़ी हुई हैं जिसमें से ज्यादातर महिलाएं कोई ना कोई उत्पाद बनाकर स्थानीय बाजार में बेचती हैं। जिसका उचित मूल्य उन्हें नहीं मिल पाता इस दुकान से उनके उत्पादों का उन्हें उचित मूल्य मिल पाएगा और महिलाओं की आमदनी में वृद्धि होगी। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी के द्वारा बताया गया कि समूह द्वारा बनाए जा रहे सभी तरह के उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, मीशो पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के द्वारा व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए कहा गया कि महिलाओं के द्वारा जो भी उत्पाद बनाए जा रहे हैं यह पूरी तरीके से शुद्ध है इन उत्पादों की आपूर्ति जल्द ही पुलिस विभाग के द्वारा आयोजित किए जाने वाले बड़े कार्यक्रमों में कराया जाएगा जिससे कि इन महिलाओं को विभागीय सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त स्वतः रोजगार महोदया ने बताया कि जनपद में समूह के द्वारा 100 से ज्यादा तरह के उत्पाद बनाए जा रहे हैं, हमारा यह प्रयास होगा कि हम समूहों से उच्च क्वालिटी का गुणवत्तापूर्ण बनाए गए उत्पादों को सोन प्रेरणा बाजार पर उपलब्ध करा सके जिससे की न केवल महिलाओं की आमदनी बढ़े बल्कि आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से भी सहायक सिद्ध हो सकेगा।

जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार एवं अन्य अधिकारीगणों के द्वारा लगभग 10000 की खरीदारी भी सोन प्रेरणा बाजार से की गई। सभी लोगों से अनुरोध भी किया गया कि आप लोगों को यदि शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं अन्य उत्पाद चाहिए तो आप लोग सोन प्रेरणा बाजार पर आ करके सामग्री का क्रय कर सकते हैं।



# समस्याओं को ले भारतीय किसान संघ ने किया प्रदर्शन

- डीएम को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन



फतेहपुर, 03 जून (तरूणमित्र)। जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर जमकर हल्ला बोल किया। ज्ञापन लेने के लिए एडीएम व एसडीएम पहुंचे लेकिर डीएम को बाहर पोर्टिको में बुलाने को लेकर संघ के पदाधिकारी अड़ गए। जिस पर डीएम पोर्टिको पहुंचे और ज्ञापन लिया। डीएम ने आश्वासन दिया कि मांगों को पूरा कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट आए और जमकर प्रदर्शन करते हुए डीएम को दिए गए तीन सूत्रीय ज्ञापन में मांग किया कि जिले में आवारा एवं निराश्रित पशुओं व बंदरों के अबाध विचरण से फसलों को हानि पहुंच रही है। जिसकी समुचित व्यवस्था की जाए। खरीफ फसल हेतु आवश्यक खाद, बीज की जिले में समुचित आपूर्ति की व्यवस्था की जाए जिससे किसानों व किसानी को लाभ प्राप्त हो सके। धान की फसल को ध्यान में रखते हुए सिंचाई हेतु ट्यूबवेल, नहरों व रजबहों से अंतिम टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था कराई जाए। संघ के पदाधिकारियों का कहना रहा कि यदि मांगे पूरी न की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सुनील लोधी, राज सिंह चौहान, रमाकांत द्विवेदी, शिव प्रकाश, सुशील सिंह, योगेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, भाष्कर सिंह भी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत व राजस्व ग्रामों की पुनर्गठन सम्बन्धी बैठक सम्पन्न

**बहराइच , 03 जून (तरुणमित्र)।** वर्ष 2021 में सम्पन्न पंचायत सामान्य निर्वाचन के उपरान्त नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद/नगर निगम के सृजन/सीमा विस्तार के कारण जनपद के प्रभावित विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों/राजस्व ग्रामों को संशोधित अधिसूचना के माध्यम से हटाए जाने एवं अवशेष ग्रामों को आवश्यकतानुसार निकटस्थ ग्राम पंचायत में सम्मिलित करने के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायती राज निदेशालय के स्तर से प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों का भली प्रकार से अध्ययन कर निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलब्ध करा दें। डीएम ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित कर लें कि जनपद में नगरीय निकाय के सृजन/सीमा विस्तार के उपरान्त विभाग द्वारा प्रभावित विकास खण्ड की संशोधित अधिसूचना निर्गत कराने से ने कहा गया हो।डीएम ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी संयुक्त हस्ताक्षर से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे कि विकास खण्ड की ग्राम पंचायत/राजस्व ग्राम का कोई ग्रामीण क्षेत्र पंचायत क्षेत्र में सम्मिलित होने से शेष नहीं रह गया है। डीएम ने कहा कि जनपदों के प्रभावित विकास खण्ड की ऐसी ग्राम पंचायतों के ऐसे राजस्व ग्राम जो नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद/नगर के सृजन/सीमा विस्तार के उपरान्त ग्रामीण क्षेत्र में अवशेष रह गये हैं, को निकटस्थ ग्राम पंचायतों में सम्मिलित कर ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की कार्यवाही करते समय निदेशालय के दिशा निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन किया जाय।डीएम ने कहा कि पुनर्गठन की कार्यवाही करते समय यदि ऐसी ग्राम पंचायत जिसका एक राजस्व ग्राम नगरीय निकाय में समाहित हो गया है और केवल एक ही राजस्व ग्राम बचा है और ग्राम पंचायत बनाने का मानक पूरा नहीं करता है, तो उसे किसी निकटस्थ ग्राम पंचायत में सम्मिलित कर दिया जाये। यदि कोई ग्राम पंचायत नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित हो जाता है ।



और उसका सम्मिलित राजस्व ग्राम, ग्राम पंचायत बनाने के लिए मानक पूर्ण करता है, तो उस दशा में उस राजस्व ग्राम को ग्राम पंचायत बनाया जा सकता है। एकल राजस्व ग्राम के नाम से गठित ग्राम पंचायत यदि आंशिक रूप से प्रभावित हुई है एवं जनसंख्या यथासंभव 1000 हो, तो उस दशा में वह ग्राम पंचायत यथावत शेष बनी रहेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल, डीपीआरओ व सर्वेश कुमार पाण्डेय, सम्बन्धित बीडीओ, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद प्रमीता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**अंबेडकर नगर , 03 जून (तरुणमित्र)।** आगामी बकरीद पर्व (07 जून 2025) को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय पीस कमेटी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बकरीद पर्व पर किसी भी स्थिति में बाहर अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न की जाए। कोई नई परंपरा न शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद बचा हुआ अवशेष इधर-उधर न फेंका जाए, बल्कि नगर पालिका और पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर सही तरह से निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी कुर्बानी स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने तथा ब्लीचिंग, चुना, फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव आदि कराने के निर्देश दिए। कुर्बानी स्थलों पर पर्याप्त पेयजल की समुचित व्यवस्था एवं त्योहार के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी से गंगा-जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी धर्म या समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखें, मिल जुलकर रहें, सकारात्मक भाव से त्योहार को मनाएं, अफवाहों पर ध्यान न दें, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों को किसी भी दशा में बक्शा नहीं जाएगा, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल को एक्टिव मोड में रखा गया है और किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट पर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बकरीद के दिन शहर और गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से गश्त पर रहेंगे। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में जनपद को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

**श्रावस्ती, 03 जून, (तरुणमित्र)।** शासन द्वारा आई0जी0आर0एस0 माह-मई, 2025 की रैंकिंग जारी की गयी है, जिसमें जनपद श्रावस्ती ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि जनपद में जनशिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रतिदिन 10 बजे से जनसुनवाई एवं प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की दैनिक समीक्षा की जा रही है। आगामी 03 दिवस के लंबित संदर्भों के निस्तारण की दैनिक 05 बजे एवं असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के गुणवत्ता का परीक्षण हेतु दैनिक सायं 09 बजे समीक्षा की जा रही है। जनपद में शासन की मंशानुरूप जनशिकायतों की निस्तारण की गुणवत्ता के परीक्षण हेतु नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं, जिनके माध्यम से निस्तारण आख्या का परीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण की गुणवत्ता का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। जनशिकायतों के निस्तारण के वास्तविक स्थिति की जानकारी हेतु कॉल सेंटर के माध्यम से शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी प्राप्त किया जा रहा है। शासन की मंशानुरूप जनपद में जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए समस्त अधिकारीगण को आम जनमानस की समस्या के समाधान हेतु प्रयास किए जाने हेतु निरंतर अनुश्रवण एवं निर्देशित किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप जनपद को यह स्थान प्राप्त हुआ है। जनसमस्याओं के निस्तारण में टॉप-5 में अपनी जगह बनाते हुए लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिले के सभी विभागीय अधिकारियों के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हुई है, इसके लिए सभी अधिकारी बधाई के पात्र है। उन्होने बताया कि आगे भी हमारा यही प्रयास रहेगा कि शासन की मंशानुरूप सभी विभाग आमजनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें ,इसके लिए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सतत रूप से मेहनत करने की जरूरत है ।जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है, ।

# डीआईओएस व बीएसए ने किया विशाल भंडारे का शुभारंभ

**अंबेडकर नगर, 03 जून (तरूणमित्र)।** मंगलवार को ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को नगर में लगभग एक दर्जन स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शरबत, पूड़ी,सब्जी, दाल, चावल ,हलवा प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। वहीं पुरानी तहसील तिराहा हनुमान मंदिर, सब्जी मंडी शहजादपुर संकट मोचन हनुमान मंदिर, इंद्रलोक कॉलोनी ,पटेल नगर तिराहा, बस स्टॉप, चौक शहजादपुर सहित लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के बसखारी रोड स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में भी जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश डॉक्टर तारा वर्मा की उपस्थिति में आयोजन किया गया।भंडारे का विधिवत शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मंत्रोच्चार एवं वैदिक विधियों के साथ पूजन-अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद वितरित करते हुए जनकल्याण, सुख-समृद्धि एवं सामाजिक सौहार्द की मंगलकामना की। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व श्रद्धा, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने प्रशासनिक परिवार एवं जनसामान्य के



बीच आत्मीयता की भावना को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर पत्रकारगण, समाजसेवी, तहसील प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत, सुचारु प्रसाद वितरण व्यवस्था एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को एक दिव्य एवं गरिमामय वातावरण की अनुभूति हुई। यह आयोजन प्रशासनिक समर्पण, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक चेतना का अनुपम संगम बनकर उभरा।इस अवसर पर जिला समन्वयक माध्यमिक जितेंद्र पांडेय, जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश डॉ तारा वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा, जिला सचिव डॉक्टर अभय कुमार मौर्य, भारत स्काउट और गाइड की सरस्वती देवी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 को

**बहराइच , 03 जून (तरूणमित्र)।** जनपद की नहरों की समुचित साफ-सफाई, कटिंग एवं तेल तक पानी पहुंचाने, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों के संचालन, बन्द नलकूपों की समीक्षा, सिचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण तथा शासन स्तर से प्राप्त क्रियान्वयन के उद्देश्य से 10 जून 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक आयोजित की गयी है।

### बारात के दौरान लूट

**आजमगढ़ , 03 जून (तरूणमित्र)।**जनपद आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है। मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के शहरोज गांव निवासी गणेश राय ने थाना सिधारी में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पुत्र मंगलेश राय की बारात के दौरान अज्ञात चोर ने 1 लाख 50 हजार रुपये नकद और दो सोने की अंगूठियों से भरा बैग छीन लिया।घटना 1 जून 2025, रविवार की शाम को उस समय हुई, जब बारात हरबंशपुर, आजमगढ़ के फ्र मैरेज हॉल, परानापुर (फ्ळड ऑफिस के निकट) में पहुंची थी। शिकायत के अनुसार, द्वारपूजा के दौरान बारात फ्ळड ऑफिस से परानापुर रोड पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर बाजे-गाजे के साथ जा रही थी। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति गणेश राय के पास से बैग छीनकर फरार हो गया।गणेश राय ने सिधारी थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट (ऋक्क्र) दर्ज करने और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी का कहना है कि वे एक शांतिप्रिय व्यक्ति हैं और इस घटना से उन्हें गहरा आघात पहुंचा है। ऋक्क्रका लेखन कांस्टेबल मुंशी वीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक चोर की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस ने आसपास के उउळश फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### भाजपा नेता अम्बर शरण का भंडारा धूम धाम से संपन्न

**त्रिवेदीगंज/बाराबंकी, 03 जून (तरूणमित्र)।** विकास खंड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के भिलवल हनुमान मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। एक दिन पहले से ही तैयारी शुरू हो गई थी।भाजपा नेता अम्बर शरण जायसवाल ने भंडारे को विशाल व भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भक्तों के लिए कुर्सी मेज,गर्मी न लगे जिससे चारों तरफ बड़े कूलर व पंखा लगाए गए। भंडारे की शुरूवात पूर्व जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा जायसवाल,भाजपा नेता अम्बर शरण जायसवाल,सुशील पटेल लंबरदार ने 11 बजे से ही हनुमान जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित के ज्योति प्रचलित कर भंडारे की शुरूवात की। वही भंडारे में भाजपा विधायक दिनेश रावत,जिलाध्यक्ष सहित कई दिग्गज नेता पहुंच कर भंडारे की शोभा बढ़ाई। भाजपा नेता अम्बर शरण जायसवाल ने बताया कि कई सालों से लगातार इस भंडारे का आयोजन किया जाता है,जब तक प्रभु की इक्षा होगी तब तक निरंतर भंडारा होता रहेगा। वही भाजपा नेता सुशील पटेल ,दिलीप पटेल ,जय ,राज सिंह ने बताया कि 11 बजे से भंडारे की शुरूवात हुई है लगातार भक्त प्रसाद ग्रहण करने के लिए चले ही आ रहे है। कतार टूटने का नाम नहीं ले रही है। आपको बताते चले को ऐसा विशाल भंडारा त्रिवेदीगंज क्षेत्र ही नहीं पूरे जिले में नहीं हुआ होगा। भंडारे में छोला ,चावल,पुड़ी ,पनीर,बुंदिया,कोल्ड्रिग, पना सहित कई व्यंजन बनाए गए। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के बाद भक्तों में तरह तरह की चचाएंं।

### पास्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर, 03 जून (तरूणमित्र)।** थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त पंकज पाल पुत्र स्व0 आशाराम पाल नि0 ग्राम खालिसपुर दुर्गा छीतेपट्टी थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्या मय हमराह का0 मनी कुमार, का0 राघवेन्द्र चाहर व का0 अजय चौधरी द्वारा मु0अ0सं0 98/2025 धारा 64(1)/331(4) व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना मालीपुर से सम्बन्धित अभियुक्त पंकज पाल पुत्र स्व0 आशाराम पाल नि0 ग्राम खालिसपुर दुर्गा छीतेपट्टी थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 21 वर्ष को ग्राम बैरागल पुल के पास से 03 जून 2025 को समय करीब 5.40 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया । अभियुक्त को सम्बन्धित न्यायालय अम्बेडकरनगर भेजा गया । गिरफ्तारकर्ता टीम में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्या , का0 मनी कुमार ,का0 राघवेन्द्र चाहर ,का0 अजय चौधरी थाना मालीपुर शामिल रहे।

### चली गोली, घायल मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती

**देवरिया, 03 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के खोराराम में गोली चलने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायलावस्था में उसे मेडिकल कालेज पहुँचाया गया। चिकित्सकों ने इलाज हेतु गोरखपुर मेडिकल कालेज भेजा गया जहां उसका इलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द वर्मा ने बताया कि 112 पर सूचना मिली कि जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के खोराराम गांव में विजय कुमार नाम के एक व्यक्ति पर कुछ लोग हमलावर हो गये जिनमें बजरंगी विश्वकर्मा व उनके साथी शामिल हैं, उन्होंने उन पर गोली चलाई जिससे उनके हाथ और है।

# कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न

**देवरिया, 03 जून (तरूणमित्र)।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यशैली, रणनीति निर्धारण और पार्टी से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री मल्ल ने बताया कि संगठन की मजबूती को लेकर सुझाव लेने का काम भी करेंगे जिससे कांग्रेस संगठन जिला स्तर से बूथ स्तर तक आमजन से जुड़ सके और संगठन को मजबूती मिले। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसियों ने भी अपने - अपने विचारों को व्यक्त किया।

इसी क्रम में हिन्दु युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित हरिहर त्रिपाठी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश नेतृत्व के समक्ष सदस्यता ग्रहण किया जिनका कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। शशि चंद्र यादव, आदित्य मिश्रा, शशिकांत त्रिपाठी,राज दुबे, भरत त्रिपाठी, अंकुश मिश्रा, अनिल उपाध्याय, एजाज अहमद, हरिओम त्रिपाठी, समीर अहमद, अभिषेक त्रिपाठी, ऋषिकेश यादव, विजय वर्मा, अंकित ठाकुर,छोटू कुमार सहित दर्जनों लोगों ने कांग्रेस के दामन को थामते हुए कांग्रेस कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में जयदीप त्रिपाठी, विजय प्रताप सिंह, नागेंद्र शुक्ला, अरविन्द शाही, नौशाद अहमद खान एपी, सुभाष राय,संजीव कुमार मिश्रा, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, विजय शंकर मिश्रा, रत्नेश मल्ल पिंटू, मनोज मणि, महेंद्र अंबेडकर,आलोक त्रिपाठी राजन, चंदू वर्मा,जुलेखा खातून, रामप्रवेश सिंह,सुनील कुमार तिवारी, धर्मेंद्र पाण्डेय,सच्चिदानंद मिश्रा, जयप्रकाश पाल,दीनदयाल यादव, सत्य प्रकाश मणि आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर पार्क में योगा मंच के निर्माण को लेकर विवाद

**आजमगढ़, 03 जून (तरूणमित्र)।** आजमगढ़ जनपद में शासन के निर्देश पर 15 जून से 21 जून तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसे लेकर नगर पालिका द्वारा कलेक्ट्रेट क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में योगा मंच का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी होने पर बसपा के नेता और कार्यकर्ता इसका विरोध करने लगे।जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 15 जून से 21 जून तक विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके लिए शासन की ओर से नगर पालिका क्षेत्र के तीन पार्कों में योगा मंच के निर्माण का निर्देश दिया गया है। नगर पालिका अधीन आने वाले अंबेडकर पार्क में सोमवार की शाम से नगरपालिका ने योगा मंच के निर्माण का कार्य शुरू किया। इसकी जानकारी होते ही बसपा के नेता और कार्यकर्ता निर्माण का विरोध करने लगे। इस दौरान कार्यकताओं ने निर्माण के लिए



खोदे गए गड्ढे को मिट्टी गिराकर भरने का काम शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर नरेंद्र गंगवार, सीओ सिटी गौरव शर्मा और ईओ नगरपालिका विवेक त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गया।

पुलिस और प्रशासन के पहुंचने पर कार्यकर्ता डा. बलिराम के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। समाचार लिखे जाने तक बसपा कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं और मौके पर पुलिस बल तैनात है।पूर्व सांसद डा. बलिराम ने बताया कि उन्हें मंच बनाए जाने की सूचना सोमवार की रात को ही मिल गई थी। उन्होंने इसके लिए डीएम को फोन किया था। मंगलवार को जब वह डीएम को ज्ञापन देने के लिए पहुंचे तो डीएम ने उन्हें आफिस से बाहर निकलने को बोला। पूर्व सांसद ने कहा हमारी मांग है कि पार्क को जैसे हैं वैसे ही रहने दिया जाए। अगर मंच बनाना है तो उसे अस्थायी बनाया जाए। उन्हें इससे कोई एतराज नहीं है।नगरपालिका ईओ विवेक त्रिपाठी ने बताया कि शासन की तरफ से नगरपालिका क्षेत्र के तीन पार्कों में योगा मंच के निर्माण का निर्देश मिला है। जिसके क्रम में इसका निर्माण कराया जा रहा है। जो लोग विरोध कर रहे हैं उनसे वार्ता की जा रही है। कार्य जारी है। इस संबंध में डीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि शासन के निर्देश पर इस कार्य को कराया जा रहा है। यह एक स्थायी निर्माण है। हमको राजनीति से दूर रखिए। हम शासन के निदेर्शों का पालन कर रहे हैं।

# नगर पंचायत कटरा में भ्रष्टाचार ,डीएम व कमिश्नर से शिकायत

**गोंडा , 03 जून (तरूणमित्र)।** जिले की नगर पंचायत कटरा बाजार के सभासदों ने जिलाधिकारी और मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा को विभिन्न बिंदुओं पर शिकायत पत्र देकर नगर पंचायत अध्यक्ष समा परवीन और कर्मचारियों पर भ्ष्टाचार,वित्तीय अनियमितताओं और तानाशाही का गंभीर आरोप लगाया है। सभासदों ने उच्च स्तरीय जांच और अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग की है। आला अधिकारियों को दिये गये पत्र में पत्र में सभासदों प्रतिनिधियों ने विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि नगर पंचायत के मुख्य गेट पर ? सलाहकार? लिखा गया है, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने इसकी जांच और तत्काल हटाने की मांग की है।वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य वित्त आयोग की धनराशि से 45 कार्यों के लिए टेंडर पत्रांक संख्या-547 जारी किया गया था, लेकिन 90% कार्य पूरे नहीं हुए। सभासदों का दावा है कि या तो धन निकाल लिया गया है या कार्य शुरू ही नहीं हुआ। ठेकेदार कंपनी को 30 दिन का समय दिया गया था, लेकिन दो वर्ष बाद भी कोई कार्य नहीं हुआ है। कंपनी की सिक्योरिटी जब्त न करने और ब्लैक लिस्ट न करने पर सवाल उठाए गए हैं। सभासदों ने इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पिछले 15 वर्षों में केवल दो नाले बनाए गए, जिनमें से एक हनुमानगढ़ी मंदिर और दूसरा सम्मयथान मंदिर के पास है। इन नालों का निर्माण धार्मिक स्थलों को गंदा करने वाला बताया गया है।अध्यक्ष के घर के 5-6 लोग बिना कार्य किए वेतन ले रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। अध्यक्ष के ड्राइवर के नाम पर ?के.के.कंस्ट्रक्शन? नामक फर्म बनाकर 10 लाख से कम के कार्य दिखाकर ऑफलाइन भुगतान किया जाता है। यह बिना कार्य किए धन निकासी का तरीका बताया गया है। सभासदों ने अपने अधिकारों और कर्तव्यों के हनन का आरोप लगाया है,जिसे गंभीर विषय बताया गया है।पत्र में सभासदों ने मांग की है कि इन आरोपों की गहन जांच हो और दोषी पाए जाने पर अध्यक्ष समा परवीन को पद से हटाया जाए।

## बड़े मंगल पर जगह-जगह भंडारो को आयोजन

**रामनगर/बाराबंकी, 03 जून (तरूणमित्र)।** ज्येष्ठ माह चौथे बड़े मंगल के अवसर पर जगह-जगह भंडारे के आयोजन किए गए। कहीं पर पूड़ी सब्जी कहीं पर छोला चावल और कहीं पर बूंदी कहीं पर शरबत आदि प्रसाद का वितरण किया गया।ग्राम प्रधान सिरौलीकलां श्रीकांत शुक्ला द्वारा मलिहामऊ मंदिर पर विधि विधान से बजरंगबली की पूजा अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ कराया।रानीबाजार जाने वाले ग्रामीणों और राहगीरों को रोककर पूड़ी सब्जी और छोले चावल आदि का प्रसाद वितरित कराया।इस अवसर पर राजू शुक्ला, अनिल शुक्ला, रवि शुक्ला, रामचंदर वर्मा, रुपेश शुक्ला, रामजी शुक्ला, सुनील वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।राकेश ट्रेडर्स रानीबाजार द्वारा आयुष फैमिली हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन समारोह एवं बड़ा मंगल पर भंडारा कराया गया।

जिसमें छोले चावल और पूड़ी सब्जी और बूंदी का प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अवधेश कुमार वर्मा उर्फ पिंटू, डॉक्टर आकाश वर्मा, प्रदीप वर्मा, पूर्व प्रधान अमर सिंह वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधित्व भैसुरिया विनोद वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।गंगा हॉस्पिटल रानीबाजार में डॉक्टर विपिन यादव के संयोजन में पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरण कर विशाल भंडारा कराया गया।

# प्रा .वि .अमलोरा में कृषि संकल्प अभियान का आयोजन

**रामनगर/बाराबंकी, 03 जून (तरूणमित्र)।** ग्राम पंचायत अमलोरा के प्राथमिक विद्यालय में कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत अभियान का सफल आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुभाषचंद्र रावत, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉक्टर श्यामनाथ एवं केवीके हैदरगढ़ बाराबंकी के वैज्ञानिक अभिषेक राज रंजन, अपर जिला कृषि अधिकारी प्रीतम सिंह, अपर जिला सहकारी अधिकारी प्रीती त्रिपाठी, एडीओ ऐजी डॉक्टर दलवीर सिंह यादव, एडीओ सहकारिता निरंकार सिंह यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी अंकित वर्मा, कुलदीप दीक्षित प्राविधिक सहायक, एटीएम राजेश यादव, कृषि सखी नीलम देवी एवं पूनम पाल प्रगतिशील कृषक कैलाश यादव एवं विजय मिश्रा, जगदीश प्रसाद आदि भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। विकसित कृषि अभियान का मुख्य उद्देश्य खेती की बात खेत में की परिकल्पना के साथ किसानों को वैज्ञानिकों के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई एवं किसान वैज्ञानिक परिचर्चा में किसानों के सवाल का जवाब वैज्ञानिकों के द्वारा दिया गया किसान की आय कैसे दुगनी हो कैसे किसान अपने खेती में लागत कम कर उत्पादन कैसे बढ़ा सकते हैं। महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं एकीकृत कीटनाशक/खरपतवार नाशक, जीवामृत,परली प्रबंधन,नैनो यूरिया/डीएपी,दलहन तिलहन,मोटा अनाज आदि विषय भी शामिल रहे।

# डीएम ने जनपद के क्षय रोगियों के सभी पहलुओं का समीक्षा बैठक में जाना हाल

**अंबेडकर नगर, 03 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की पोष्टिक आहार प्रतिमाह जब तक क्षय रोगी, क्षय रोग की दवा खाएं को स्वेच्छा से पोष्टिक आहार प्रदान किए जाने संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2025 तक भारत में टीवी का उन्मूलन करने का लक्ष्य रखा गया है, इसी क्रम में महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन द्वारा क्षय रोगियों को गोद लेकर उनका दुःख- दर्द बांटने एवं उनको स्वेच्छा से पोष्टिक आहार प्रदान करने का आवाह्न किया है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने जनपद में कुल चिन्हित क्षय रोगियों को पोष्टिक आहार स्वेच्छा से उपलब्ध कराने की स्थिति, जनपद में क्षय रोगियों की पहचान करने हेतु रोजाना जांच की संख्या, क्षय रोगियों को उपलब्ध कराए जा रहे उपचार की सुविधा, जागरूकता ,बचाव एवं प्रभावी रोकथाम आदि संबंधी विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/क्षय रोग अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 852 ग्राम पंचायत में 3700 क्षय रोगी हैं। 47 ग्राम पंचायत टीवी मुक्त हैं। 3700 टीवी रोगियों में से 3507 टीवी रोगियों को गोद लिया गया है, विगत माह 172 टीवी रोगियों को पोषण पोटली तथा 350 टीवी रोगियों को डीवीटी से पैसा उनके खाते में न उपलब्ध कराये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी मरीजों को ससमय पोषण पोटली व डीबीटी के माध्यम से पैसा उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिए। बैठक में प्रत्येक ब्लॉक में तैनात सीनियर असिस्टेंट सुपरवाइजर द्वारा अपने दायित्वों का गंभीरता न निभाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।बैठक में अवगत कराया गया कि विकासखंड रामनगर के ग्राम पंचायत मसेना मिजार्पुर में 12, जलालपुर के नागपुर में 16 सक्रिय मरीज हैं। जिलाधिकारी ने जनपद में सभी हॉटस्पॉट को प्राथमिकता पर लेते हुए अभियान चलाकर अधिक से अधिक टेस्टिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉटस्पॉट पर जहां अथवा जिन परिवारों में मरीज है वहां आसपास शत प्रतिशत लोगों का टीवी जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 2 माह में कम से कम 6 लाख लोगों की जांच का लक्ष्य लेकर प्रत्येक ग्राम पंचायत में कैंप, मोबाइल वैन व अधिक से अधिक टीम लगाकर जांच करने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी को सभी मरीजों को आगामी तीन दिवस में मास्क उपलब्ध कराने और नियमित समय से मास्क को उपलब्ध कराते रहने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी ग्राम पंचायत में आगामी तीन दिवस में सभी मरीजों को नियमित मास्क लगाने की अनिवार्यता सुनिश्चित करने, सभी 3700 मरीजों के घर तथा संबंधित पंचायत भवन पर लाल पर्चा जिस पर टीवी रोग से बचाव एवं इलाज के विभिन्न बिंदु अंकित हो को चस्पा कराने, जिन ग्राम पंचायत में मरीज हैं उनमें लगातार एक सप्ताह तक लाउडस्पीकर से मुनादी कराने और पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान आदि के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। समीक्षा में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रामानंद सिद्धार्थ द्वारा क्षय रोग अभियान का संचालन योजनाबद्ध तरीके से न करने , जांच का कोई लक्ष्य निर्धारित न करने एवं अपने जिम्मेदारियां का समयबद्ध निर्वहन न करने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए।बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकासखंड एवं जनपद पर आशा,ॅँङ्क, ॅड्ढ, जिला क्षय रोग अधिकारी आदि की जिम्मेदारी तय करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाकर अधिक से अधिक जांच कर प्रत्येक टीवी रोगी की पहचान कर, समुचित एवं प्रभावी इलाज सुनिश्चित करने, लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए ।साथ ही रोजाना की जांच की स्थिति आदि की मॉनिटरिंग करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपील की कि टीवी का इलाज संभव है,।

## जनता दर्शन ए एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**श्रावस्ती, 03 जून, (तरुणमित्र)।** अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों/समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान 04 भूमि विवाद, 01 मारपीट, 01 पारिवारिक, 01 लेनदेन 02 पति- पत्नी व 17 अन्य विषयों से संबंधित कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से प्रत्येक पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती, 03 जून, (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष सौरभ सिंह थाना हरदत्त नगर गिरण्ट जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 55/2025 धारा 419,420,467,468,471 आईपीसी से संबंधित एक नफर अभियुक्त संजय श्रीवास्तव पुत्र स्व0 राम रघुवीर श्रीवास्तव (बर्खास्त स0अ0) प्राथमिक विद्यालय अहिरन देवरा दा0 देवरा थाना हरदत्त नगर गिरण्ट जनपद श्रावस्ती स्थाई पता ग्राम व पोस्ट थान्हा खास थाना हरैया जनपद बस्ती जिसके द्वारा फर्जी शैक्षिक अभिलेख के आधार पर प्रा0वि0 विद्यालय अहिरन देवरा दा0 देवरा थाना हरदत्त नगर गिरण्ट जनपद श्रावस्ती मे नौकरी कर रहा था ,जो काफी दिनो से फरार चल रहा था जिसको 15000 /-रुपये की राशि से पुरस्कार घोषित किया गया है, जिसको मुखबिर खास की सूचना पर दोदीगांव तिराहा के पास से अभियुक्त संजय श्रीवास्तव पुत्र स्व0 राम रघुवीर श्रीवास्तव उपरोक्त को थाना स्थानीय की पुलिस टीम गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय रवाना किया।

# मण्डलायुक्त ने आयुष विश्वविद्यालय निर्माण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

**गोरखपुर , 03 जून (तरूणमित्र)।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने जिलाधिकारी, गोरखपुर के साथ महायोगी गुरू गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। आयुष विश्वविद्यालय के गेट का कार्य 10 दिवस में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एडमिन व एकेडमिक ब्लाक में अधूरे कार्यो को युद्ध स्तर पर दिनांक 15 जून 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिये गये। ऑडोटोरियम का कार्य भी समयान्तर्गत पूर्ण कर लिया जाये।

पंचकर्मा कटिंज की फिनिशिंग एवं उसके आस-पास की लैण्ड स्केपिंग का कार्य भी 15 दिवस में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कार्य समय से पूर्ण न करने की स्थिति में कार्यदायी फर्म के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। भटहट से बांसस्थान फोर लेन का कार्य भी तीव्र करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग, कार्यखण्ड-3 के अधिशासी अभियन्ता को दिये गये। निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, भवन के अधिशासी अभियन्ता एवं कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहें।



## चार की जगह दो हाजमोला देने पर 60 हजार क्षतिपूर्ति का आदेश

**संतकबीरनगर, 03 जून (तरूणमित्र)।** जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह व महिला सदस्य संतोष ने हाजमोला के पैकेट में चार टैबलेट की जगह दो टैबलेट मिलने के मामले को गंभीरता से संज्ञान लिया है। हाजमोला की कीमत एक रुपए क्रय करने के दिनांक से वास्तविक भुगतान की तिथि तक 10% ब्याज के साथ अदा करने का आदेश कंपनी व विक्रेता को दिया है। इसके साथ ही क्षतिपूर्ति के रुप में रुपए 60 हजार अतिरिक्त अदा करना होगा।मुखलिसपुर रोड निवासिनी तान्या श्रीवास्तव ने अधिक लीगल कंसल्टेंसी के माध्यम से वाद दाखिल कर कहा कि उन्होंने ओम मेडिकल स्टोर से दिनांक दो जुलाई 2024 को दो रुपए में हाजमोला का दो पैकेट क्रय किया। पैकेट के अंदर चार हाजमोला का होना ऊपर लिखा हुआ था।

# डीएम की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक आयोजित

**संत कबीर नगर , 03 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 07 जून 2025 को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाई-चारे के साथ त्योहार को मनाने हेतु शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित धार्मिक प्रबुद्धजनों एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों, ग्राम प्रधानों, सभासदों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों विशेष रूप से बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिसक प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षो में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही हैं उसी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न दी जाए, तथा कोई भी कुबार्नी खुले में न हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि कुबार्नी के उपरांत अपशिष्ट/अवशेष प्रदार्थो को खुले में न डाला जाए।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि नमाज के मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में न आए एवं साफ सफाई की विशेष व्यवस्था रहे। उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकार पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए ।

# निर्माणाधीन एयरपोर्ट के विभिन्न कार्यो का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर , 03 जून (तरूणमित्र)।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने जिलाधिकारी, गोरखपुर के साथ महायोगी गुरू गोरखनाथ सिविल एयरपोर्ट पर एयर कमांडो तथा एयरपोर्ट एथारिटी के अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट स्टेशन पर निर्माणाधीन एम0ई0एस0 आफिस एवं एस0टी0पी0 तथा टाईप-3, टाईप-2 एवं टाईप-1 आवासों के निर्माण कार्य की समीक्षा की।

समीक्षा के उपरान्त मौके पर चल रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ किया। निरीक्षण के समय मानसून के दृष्टिगत कार्यदायी फर्म को मजदूरों की संख्या दोगुनी करके प्रत्येक दशा में कार्य को 15 जुलाई, 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ निर्माण स्थल पर लैण्ड स्केपिंग करके उसे ठीक करने तथा बरसाती पानी को सुचारू रूप से निकालने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये गये



## उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता – डीएम

**बस्ती , 03 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। उन्होने निवेशमित्र पोर्टल पर विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत निस्तारित करें। उन्होने बैठक में उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देषित किया कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता,, औद्योगिक इकाईयों की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था योजना की समीक्षा करते हुए उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।व्यापार बंधु की बैठक में विभिन्न व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी समस्या रखी गयी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने संबधित विभागों को निर्देशित करते हुए ।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**बस्ती , 03 जून (तरूणमित्र)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विक्रमजोत ब्लॉक के ग्राम रानी गांव, औरंगाबाद एवं अकवारा में कृषक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं नवीन कृषि तकनीकों से अवगत कराना है, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में जनपद के जिला कृषि रक्षा अधिकारी रतन शंकर ओझा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आर. वी. सिंह तथा हरिओम मिश्र ने किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने, कीट एवं रोग प्रबंधन, जैविक तथा प्राकृतिक खेती की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।स्टेट बैंक के ऋषभ कुमार वित्तीय परामर्शदाता ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, साइबर फ्रॉड किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से बैंकों का सहयोग कैसे लें उसके बारे में जानकारी दी गई। उद्यान निरीक्षक आशीष कुमार ने उद्यानिक फसलों को बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी कृषि राकेश वर्मा एवं बीटीएम, एटीएम ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सहायक, सफाई कर्मचारी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में किसानों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अनुभव साझा किए और खेती संबंधी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती के खिलाफ सपाईयों ने तरयासुजान उपकेंद्र पर दिया धरना

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 03 जून (तरूणमित्र)।** बिजली कटौती,लो बोल्टेज व जर्जर तार पोल बदलने सहित सात सूत्रिय मांगों को लेकर मंगलवार के दिन समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व विधायक प्रत्याशी उदयनरायण गुप्ता के नेतृत्व में तरयासुजान विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन किया गया।हलांकि एसडीओ के आश्वासन के बाद धरना को सपाईयों ने स्थगित कर दिया। सपाईयों ने उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते हुए विभाग के एसडीओ को सात सूत्रिय मांग पत्र एक्सिएन को सौंपा।सौपे गए मांग पत्र में सपाईयों ने लिखा है की एक सप्ताह के अन्दर बिजली कटौती,लो बोल्टेज,जर्जर तार और पोल को बदला जाय, बिजली की कटौती रोका जाय।इस दौरान सपा विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव,बी एन सिंह कुशवाहा,तीर्थराज गिरी, प्रदीप यादव,आसिफ अली फीरोज,सद्दाम हुसैन, कुतुबुद्दीन,धुआं सिंह,जितेंद्र राय,हरकेश यादव,विनोद गुप्ता आदि सपाई मौजूद रहे।

### दो वर्षीय बच्ची को लेकर महिला गायब

**उतरौला/ बलरामपुर, 3 जून (तरुणमित्र )।**27 वर्षीय महिला पूनम दो वर्षीय बच्ची के साथ लगभग दो महीने से लापता है। साथ में लिए मोबाइल भी बंद बता रहा है। वह 10 अप्रैल को दवा लेने के लिए घर से निकली थी। उसके पति सालिक राम पत्नी व बच्ची की वापसी के इंतजार में है। विगत 10 अप्रैल को दवा लेने की बात कह कर घर से उतरौला के लिए निकली 27 वर्षीय महिला लगभग दो महीने बाद भी घर नहीं वापस आ सकी, जिससे पति सालिक काफी परेशान हैं। पति उसकी तलाश में हर जगह भटक रहा है। पत्नी व बच्ची के इंतजार में पति की आंखें पथरा सी गई हैं। रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनाबाद ग्रिंट निवासी सालिक राम ने रेहरा थाने में तहरीर देकर कहा है कि उसकी 27 वर्षीय पत्नी पूनम बीते दस अप्रैल को सुबह 9 बजे दो साल की बच्ची को लेकर घर से दवा लेने की बात कह कर उतरौला के लिए निकली थी, लेकिन अभी तक वापस नहीं आई। परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। सालिक राम ने बताया कि वह पूर्व में भी कई बार दवा लेने उतरौला जाती रहती थी हर बार वह दवा लेकर घर वापस आ जाती थी। लेकिन इस बार वह वापस घर नहीं लौटी। बहुत तलाश व खोज किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। 12 अप्रैल को पत्नी व बच्ची के गायब होने की सूचना रहरा थाने पर दी। मुकदमा पंजीकृत हुआ लेकिन पत्नी व बच्ची का कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित पति ने एसपी, डीएम व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन मंडल को पत्र भेज कर गुमशुदा पत्नी और बच्ची तलाश कराए जाने की मांग की है।

### डीएम ने आईजीआरएस संदर्भो की समीक्षा बैठक

**बस्ती , 03 जून (तरूणमित्र)।** आईजीआरएस संदर्भो की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। उन्होने विभागवार अधिकारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि आईजीआरएस से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा स्वयं अपने देख-रेख में किया जाय। शिकायत का स्थलीय निरीक्षण कर पोर्टल पर समयान्तर्गत अपलोड किया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री संदर्भ (जनता दर्शन), शासन संदर्भ से संबंधित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करें तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होने कहा कि जिन विभागों की प्रगति खराब है, वे विभाग प्रगति में सुधार के लिए प्रयास करें।उन्होने यह भी कहा कि शिकायतों का निस्तारण इस तरह से किया जाय कि असंतुष्ट श्रेणी के संदर्भो की संख्या न्यून से न्यूनतम रहें।

### 54 वें जन्म दिन पर संगोष्ठी, रक्तदान शिविर 5 को

बस्ती - विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के संयोजन में गोरक्ष पीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54 वें जन्म दिन पर 5 जून गुरूवार को दिन में 10 बजे से प्रेस क्लब सभागार में रक्तदान और संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में राजमाता श्रीमती आशिमा सिंह और मुख्य वक्ता के रूप में महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ह्यरानाह्न कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। इसी क्रम में महासंघ के सरयू प्रसाद शुक्ल, कुलदीप मिश्र, चन्द्रशेखर कमलापुरी, अजय मिश्र, प्रमोद पाण्डेय, महन्थ गिरिजेश दास, विजय शंकर शुक्ल, सौरभ तिवारी के साथ ही महासंघ के अनेक पदाधिकारी महासंघ की भूमिका, रक्तदान के औचित्य आदि पर कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे।

# रिश्वत मामले में लेखपाल निलंबित

**देवरिया , 03 जून (तरूणमित्र)।** एसडीएम बरहज विपिन द्विवेदी ने बताया कि राजस्व निरीक्षक की जांच आख्या के आधार पर तहसील बरहज में तैनात लेखपाल सूरज कुमार सिन्हा को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित लेखपाल सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कथित रूप से एक व्यक्ति से कार्य के बदले रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तहसील प्रशासन ने लेखपाल सूरज कुमार सिन्हा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। एसडीएम ने बताया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**देवरिया, 03 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर की उपस्थिति में आगामी गंगा दशहरा, बकरीद एवं जगन्नाथ रथ यात्रा जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परंपरा को बनाए रखते हुए त्योहारों को आपसी तालमेल व भाई-चारे के साथ मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद के अवसर पर नमाज ईदगाह और मस्जिद के भीतर क्षमता अनुसार ही पढ़ा जाए। बाहर सड़क पर नमाज पढ़ने से बचें। किसी भी दशा में प्रतिबधिंत पशुओ की कुबार्नी नही की जाये।

# देव आई हॉस्पिटल आई जिसका भव्य उद्घाटन विधायक राम प्रताप ने निभाई

चन्द्रभान उपाध्याय

**उतरौला (बलरामपुर),3 जून (तरुण मित्र)।** व्हाइट हाउस मैरिज हॉल के निकट नव निर्मित ः देव आई हॉस्पिटलः का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि विधायक राम प्रताप वर्मा व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मंगल देव सिंह रहे। विधायक राम प्रताप वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। समारोह में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, सम्मानित पत्रकार बंधु और स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी, गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में नेत्र रोगों के इलाज के लिए एक अत्याधुनिक अस्पताल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। देव आई हॉस्पिटल इस कमी को पूरा करेगा और बड़ी संख्या में लोगों को नेत्र चिकित्सा की सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अस्पताल न केवल क्षेत्र के लोगों की आंखों की



रोशनी लौटाने का माध्यम बनेगा, बल्कि स्वास्थ्य सुविधाओं में भी एक नई इबारत लिखेगा।पूर्व विधायक मंगल देव सिंह ने डॉ. अरुण पाठक, उनके परिवारजनों और हॉस्पिटल की पूरी टीम को इस उत्कृष्ट पहल के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग नेत्र रोगों की विश्वसनीय और किफायती चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।देव आई हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. अरुण पाठक ने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा से गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरण और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तैनात की जाएगी ताकि मरीजों को सर्वोत्तम इलाज मिले।स्थानीय लोगों ने अस्पताल की स्थापना को एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि इससे पहले नेत्र चिकित्सा के लिए उन्हें बलरामपुर या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। अब क्षेत्र में ही विशेषज्ञ इलाज मिलने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी।अस्पताल के उद्घाटन के दौरान आयोजकों ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि देव आई हॉस्पिटल, मरीजों के भरोसे को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।इस मौके पर एसडीएम न्यायिक अवधेश कुमार,तहसील दार सत्यपाल प्रजापति, डा0अमित वर्मा, महिपाल चौधरी, राकेश तिवारी, हेमंत जायसवाल, राधेश्याम वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, डॉ एहसान खां, डॉ हिना कौशर फैसल हसन रिजवी।

# दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच की दर्दनाक मौत

**गोंडा, 03 जून (तरूणमित्र)।** जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के कहोबा चौकी अंतर्गत महेवा गोपाल गांव के पास उस वक्त हुआ, जब दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 45 वर्षीय मीना देवी, उनका 25 वर्षीय बेटा रंजीत और दूसरी मोटरसाइकिल सवार 25 वर्षीय युवक मनोज वर्मा की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मीना देवी और रंजीत मनकापुर से दर्शन कर अपने गांव सोठिया लौट रहे थे, जबकि मोतीगंज गढ़ी निवासी मनोज वर्मा बाइक से मनकापुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान महेवा गोपाल गांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कहोबा चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल स्थित गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों का पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मोतीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिलों को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों वाहनों की रफ्तार तेज थी, जिससे यह टक्कर घातक साबित हुई। गांव में तीन लोगों की एक साथ मौत की खबर से शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय लोगों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।दूसरी तरफ बीती रात कर्नलगंज में भी हुआ था सड़क हादसा इससे पूर्व कर्नलगंज थाना क्षेत्र के भंभुआ अंतर्गत अहरौरा मोड़ पर बीती रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही भंभुआ चौकी इंचार्ज अंकित सिंह अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की। संभावना है कि रात में किसी अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के पचमरी गांव निवासी मन्नू (32) पुत्र रामसूरत तथा श्रवण (32) पुत्र कल्लू एक बाइक से स्थानीय बाजार जा रहे थे।

## सुदरकांड पाठ :सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग, महाप्रसाद वितरण

**गोंडा , 03 जून (तरूणमित्र)।** जेठ माह के चौथे मंगलवार को श्रृंगार कुंज ठाकुरद्वारा श्री चित्रगुप्त मंदिर राजा मोहल्ला में दुर्गेश श्रीवास्तव व सोनिका ने कौशल उपाध्याय ग्रुप द्वारा जा पर कृपा राम की होई ।ता पर कृपा करहि सब कोई ।। के मुखार बिंदु से सुंदरकांड पाठ का गुणगान किया गया ।समस्त भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान हनुमान जी के जय जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।पाठ के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम देर शाम तक चला और भक्तजन श्रद्धा भाव से जुड़े रहे।इस आयोजन में दुर्गेश सोनिका, देवेश पूनम, चिराग, दिया, हर्ष लतिका, शालिनी, वर्षा, अमन, आन्या, अर्श, नमन, कुहू, राजी, कृपाराम, ब्रिजेश, आदि सैकड़ो भक्तों ने प्रतिभाग किया।

## तीन दिन में अतिक्रमण हटायें मंडी सचिव नही तो होगी कार्रवाई-उपनिदेशक

**गोंडा , 03 जून (तरूणमित्र)।**नवीन सब्जी एवं फल व गल्ला मंडी करनैलगंज में व्यापारियों से वसूली कर अतिक्रमण कराने की शिकायत व अतिक्रमण का वीडियो उच्चाधिकारियों को भेजने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के उपनिदेशक ने मंडी सचिव मुकेश जायसवाल को कड़ी फटकार लगाते हुए तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाकर उसका वीडियो भेजने को कहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि संलिप्तता मिली तो सचिव के विरुद्ध कार्रवाई के लिए संस्तुति आयुक्त एवं निदेशक से की जायेगी। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के उपनिदेशक (प्रशासन व विपणन) इरा प्रजेस ने मंडी सचिव मुकेश जायसवाल को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में अवैध अतिक्रमण की वीडियो देखा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि मंडी स्थल में अतिक्रमण है, यह हाल तब है जब देवीपाटन मंडल के आयुक्त व निदेशक ने 29 मार्च को ही मंडी स्थल से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि सभापति के माध्यम से पुलिस का सहयोग लेकर तीन दिन में अतिक्रमण हटवाकर उसकी वीडियो उपलब्ध कराएं, अन्यथा आयुक्त एवं निदेशक को कार्रवाई के लिए संस्तुति कर दी जाएगी। मंडी सचिव मुकेश जायसवाल ने बताया कि टीम गठित कर दी है, जल्द ही अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर दिया जाएगा।




## पालिका अध्यक्ष नेहा ने मुख्यमंत्री से किया पालिका क्षेत्र के परियोजनाओं के स्वीकृति की मांग



**बस्ती , 03 जून (तरूणमित्र)।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नेहा वर्मा और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट किया। अध्यक्ष नेहा वर्मा ने मुख्यमंत्री से नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिये विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृत कराने की आग्रह किया।

नेहा वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पूरा समय देकर नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि अति शीघ्र परियोजनाओं को स्वीकृति के लिये सन्दर्भित करा दिया जायेगा। अध्यक्ष नेहा वर्मा ने बताया कि उन्होने मुख्यमंत्री से नगर पालिका क्षेत्र के सीमा विस्तार कराये जाने की मांग किया। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि बस्ती नगर पालिका क्षेत्र के सीमा विस्तार प्रक्रिया पर तेजी से काम चल रहा है और शीघ्र दिशा निर्देश जारी होगा।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विकास के कई सन्दर्भो पर विस्तार से वार्ता हुई और उन्होने हर स्तर पर विकास हेतु सहयोग का आश्वासन दिया है।

# आपदा राहत कार्य के लिए डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश

**बस्ती , 03 जून (तरूणमित्र)।** जनपद में संभावित बाढ़ के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो के संचालन की कार्ययोजना तैयार किये जाने के सम्बंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक के दौरान जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सम्भावित बाढ़ के दौरान शासन के मंशानुसार बचाव एवं राहत कार्य के संचालन हेतु फुलप्रुफ कार्य योजना तैयार की जाय। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता बाढ दिनेश कुमार को निर्देश दिया कि तटबंधो की सुरक्षा हेतु संचालित कार्यो को बाढ़ से पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाय। बाढ़ के दौरान तटबंधो की सुरक्षा एवं कटान के प्रभावी नियंत्रण के लिए समय से आवश्यक सामग्री की आवश्यकता सुनिश्चित करा ली जाय। बाढ़ क्षेत्र का सघन भ्रमण कर तटबंधो के रैटहोल, रैनकट इत्यादि कटान सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक मरम्मत कार्य समय से करा लिए जाय ।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ के दौरान वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न, पशुओं के लिए भूसे आदि की व्यवस्था के लिए समय पूर्व ही टेण्डर इत्यादि की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व के अनुभवों का लाभ लेते हुए ऐसी प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें कि आपदा के समय जन-धन का नुकसान कम से कम हो तथा राहत एवं बचाव कार्य भी निर्बाध ढंग से संचालित किये जा सकें। उन्होने कहा कि आवश्यकतानुसार नावों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा नावों पर लाईफ-जैकेट जैसे जीवन रक्षक उपकरण भी उपलब्ध रहें।




जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ राहत केन्द्रों एवं शरणालयों का भी समय पूर्व आवश्यक मरम्मत एवं रंगाई पुताई करा दी जाए। ऐसे स्थानों पर प्रसाधन, पेयजल एवं प्रकाश के भी माकूल बन्दोबस्त भी अवश्य किये जाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को बाढ़ से पूर्व ही चिन्हित कर लिया जाय ताकि बाढ आने की दशा में उन्हें आस-पास के चिकित्सालयों में शिफ्ट किया जा सके। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों मे बाढ़ से पूर्व चिकित्सा एवं टीकाकरण शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत पशुओं का उपचार एवं टीकाकरण सुनिश्चित करा लें।

## कृषि सेवा केंद्र पर लूट,तोड़फोड़ व हमला मामले में मुकदमा दर्ज

**गोण्डा , 03 जून (तरूणमित्र)।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत छतौनी चौराहे पर स्थितकृषि सेवा केंद्र पर 31 मई शनिवार की शाम को लूट व हमला मामले में ग्राम बुढ़वलिया निवासी विनय कुमार मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित विनय कुमार मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका भाई अंकित कुमार मौर्य छतौनी चौराहे पर कृषि सेवा केंद्र संचालित कर रहा है। बीते 31मई की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर से छतौनी चौराहे पर पहुंचा। तो देखा की आरोपीगण कृषि सेवा केंद्र पर उसके भाई को गाली देते हुए गोली मारकर जान से खत्म करने की धमकी दे रहे थे। मौके पर पहुंचकर वह बीच बचाव करते हुए मामले को शांत करने का प्रयास करने लगा।

# डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

## संस्थागत प्रसव में वृद्धि लाने के करें प्रयास: डीएम

**बांदा, 03 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे.रीभा ने आज आकांक्षी विकास खंडो में संचालित विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को संस्थागत प्रसव में वृद्धि लाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्राइवेट अस्पतालों में संस्थागत प्रसव की सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई निजी अस्पताल इस निर्देश का पालन नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध रजिस्ट्रेशन निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने वीएचएनडी दिवस को और अधिक प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए तथा टीवी रोग नियंत्रण कार्यक्रममें प्रगति लाने को निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड कमासिन में ह्वर घर नल जल योजनाङ की प्रगति पर असंतोष जताते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने कमासिन में कृषि से संबंधित फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की स्थिति को बेहतर बनाने हेतु बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नेटवर्क की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करें।



भूगर्भ जल अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ने भूजल स्तर में वृद्धि हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने एवं पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ शीघ्रता से पहुंचाने की बात कही। कौशल विकास योजना के अंतर्गत लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बिसंडा में रिवाल्विंग फंड में वृद्धि लाने हेतु भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा।

## मेला का सदर विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**बांदा, 03 जून (तरूणमित्र)।** नगर क्षेत्र के जीआईसी मैदान पर लगे बांदा महर्षि बामदेव मनोरंजन मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू भी मौजूद रहीं। इस दौरान सदर विधायक का, कार्यक्रम संयोजक नीरज निगम एवं प्रदर्शनी संचालक प्रवीण कुमार द्विवेदी, पंकज निगम एवं राघवेंद्र (बादल) ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया साथ ही अन्य पदाधिकारियों का भी स्वागत किया। मेला का उद्घाटन फीता काटने के पश्चात सदर विधायक ने मेले के मंदिर में पहुंचकर भगवान गणेश की आरती उतारी एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जिला कारागार में गायत्री महायज्ञ बैठक संपन्न

**चित्रकूट, 03 जून (तरूणमित्र)।** जिला कारागार मे 51कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की बैठक का आयोजन जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। सभी बंदियो के बीच साधना की शुरूआत गायत्री मन्त्र लेखन से शुरूआत की गयीं।

गायत्री शक्तिपीठ संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहाकि दिमाग का जीपीएस थोड़ा विगड़ा की हमारे अंदर विचार लड़खड़ाया और ऐसा कार्य किया की जेल मे आप आ गये। गायत्री मंत्र का जीपीएस दिमाग मे लगाकर रखें तो कभी भी कुमार्ग मे नहीं जा सकते और दुःख नहीं भोगना पड़ेगा। भोपाल से आये जेल कार्यक्रम के समन्वयक प्रेमलाल कुशवाहा ने मन्त्र लेखन के लाभ समझाये गायत्री मन्त्र गुरुमन्त्र हैं इसे ही गुरु मान सकते है और गुरु दीक्षा मन्त्र दीक्षा प्राप्त कर गायत्री मन्त्र साधना का लाभ लें सकते हैं। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने सभी को समझाया की आप इसे एकांत वास साधना के रूप मे सकारात्मक रूप मे लेकर जीवन साधना मे बदल कर समय और दुःख दोनों का सदुपयोग कर सकते है।

## घरो तक नहीं पहुंच पाया पानी, जबरन तालियां बजा रहे भाजपाई

**चित्रकूट, 03 जून (तरूणमित्र)।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन से हर घर जल योजना को लेकर हर कार्यक्रम में भाजपाई जनता के बीच में तालियां बजाकर योजना की सफलता का ढिंढोरा पीटते है। जबकि इस योजना की सच्चाई धरातल पर कुछ और ही है। कनेक्शन करने के दौरान लाभार्थी का आधार अपलोड कर दिया जाता है। घरों के बाहर पाइप लाइन बिछाकर नल लगाकर कनेक्शन की संख्या बताकर पानी देने के दावे किए जा रहे है। जिले में जल जीवन मिशन योजना में रैपुरा बांध से संचालित परियोजना से गांव नागर, लक्ष्मणपुर, छेरिहा, जरवा, मारकुंडी, बराह, गोपीपुर, रामपुर, मानिकपुर, कोटा कंदैला, चुरेह केषरूवा, ऐलहा बढ़ैया, चमरौहा, सकरौहा, हनुवा पतेरिया, मदना, ऐंचवारा, चरदहा, माराचांद्रा, सरैंया आदि गांव संतृप्त होने है। लेकिन कार्य पूरा नहीं हो पाया है। भेडा अमचुर नेरूवा की टंकी आधी बनी है। लक्ष्मणपुर टंकी से रामपुर पानी नहीं जा रहा है। ऊंचाडीह में पुरानी पानी टंकी से ही पानी संचालित है। कोटा कंदैला के मजरा घूराटार में टंकी अधूरी है। इसी तरह बहिलुपरवा से सीडब्ल्यूआर रूख्मा, मडैयन, कर्का की टंकियो में पानी नहीं जा रहा है।

# पृथक राज्य आंदोलन : बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने सौंपा ज्ञापन

**झांसी, 03 जून (तरूणमित्र)।** बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की मांग को लेकर बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय मंत्री पुनीत अग्रवाल ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र दशकों से शासन की उपेक्षा का शिकार रहा है।

यहाँ के जल, जंगल और जमीन पर लगातार संकट गहराता जा रहा है। खेती-बाड़ी संकट में है, रोजगार के अवसर नगण्य हैं, और पलायन एक सामाजिक त्रासदी बन चुका है। उन्होंने कहा कि पृथक राज्य के बिना इस क्षेत्र की पहचान, संस्कृति और संसाधनों का संरक्षण संभव नहीं है। इस अवसर पर मुख्य रूप से यज्ञेश



गुप्ता संगठन महामंत्री, पुनीत अग्रवाल राष्ट्रीय मंत्री, संजय अग्रवाल क्षेत्रीय सह संयोजक, चौधरी फिरोज खां क्षेत्रीय महामंत्री, संजय बाल्मीकि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, सचिन झासिया, जिला अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा, दीपक साहू, ज्ञानेश्वर कुशवाहा, इस्माइल खा,रहीस मो, वीरेन्द्र झा, गोविन्द दास वर्मा, विशाल ठाकुर, रोहित परिहार, अनिल झा, संदीप गुप्ता, महंत गिरधारीदास, मुकेश वर्मा ,सैंडी सोलोमन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न

**चित्रकूट, 03 जून (तरूणमित्र)।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में राजपूत गन हाउस में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा की जिला कार्यकारिणी का बहुत जल्द घोषणा होगी तथा जनपद चित्रकूट के पांचो ब्लाकों में संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पांचो ब्लाकों में बैठक कर नई ब्लाक कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। जनपद के कांग्रेस पदाधिकारीयो एवं कार्यकताओं से अनुरोध है कि अपने अपने घरों में कांग्रेस पार्टी का झंडा अवश्य लगाए। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडे ने कहा जनपद में संगठन खड़ा करने में हम लोग हर संभव मदद एवं सहयोग करेंगे।

# जब कमिश्नर खुद बने मरीज! परखी ऑनलाइन ओपीडी की हकीकत

- नदारद मिले चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई
- ऑनलाइन ओ.पी.डी. न करने वाले चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई

**झांसी, 03 जून (तरूणमित्र)।** मरीजों को उनके नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र से ऑनलाइन जोड़कर वरिष्ठ चिकित्सकों के परामर्श के लिये चलायी जा रही ऑनलाइन ओ.पी.डी. व्यवस्था की उस समय हकीकत सामने आ गयी जब कमिश्नर झाँसी बिमल कुमार दुबे स्वयं एक मरीज बनकर कॉल लगाने लगे। कुछ चिकित्सक दिखते हुये भी कॉल अटेन्ड नहीं कर रहे थे तो कुछ ने अपना वीडियो बंद कर रखा था।



कुछ चिकित्सक तो अपने निर्धारित समय पर ऑनलाइन भी नहीं दिख रहे थे जिस पर कमिश्नर ने सख्त रूख दिखाते हुये ए.डी. हैल्थ डा. सुमन को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

मालूम है कि मण्डलायुक्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सुधार हेतु लगातार पहल कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार एक सी.एच.ओ. को अपने कक्ष में बुलाकर अपने आप को मरीज के रूप में पंजीकृत कराते हुये जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज और नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों के मेडिकल ऑफिसर से ऑनलाइन कन्सलटेशन के लिये कॉल बुकिंग की। मेडिकल कॉलेज के ऑनलाइन ओ.पी.डी. हब में कॉल करने पर किसी चिकित्सक ने कॉल अटेन्ड नहीं किया, फिर उन्होंने जिला चिकित्सालय झाँसी में कॉल लगाया जहाँ के दो चिकित्सक डा. प्रताप सिंह और डा. अनूप दिवेदी ने कॉल अटेन्ड किया परन्तु इनके अतिरिक्त और कोई चिकित्सक ऑनलाइन नहीं पाया गया। फिर कमिश्नर ने नाम बदलकर नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सकों से परामर्श चाहा तो डा. मूलचन्द्र वर्मा ने वीडियो कॉल अटेन्ड नहीं किया जिस पर कमिश्नर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। मरीज बनकर कॉल लगाने का सिलसिला लगभग 30 मिनट तक जारी रहा और कमिश्नर ने लगभग 10 चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श हेतु कॉल किया।

कमिश्नर द्वारा ऑनलाइन ओ.पी.डी. व्यवस्था की कमियों को चिन्हित कर उन्हें दूर करने एवं पोर्टल पर पंजीकृत सभी चिकित्सकों को निर्धारित समय ऑनलाइन रहने के निर्देश दिये गये। मौके पर ए.डी. हैल्थ डा. सुमन, मण्डलीय परियोजना प्रबंधक आनन्द चौबे एवं रीजनल मैनेजर सुरेन्द्र सिंह, सी.एच.ओ. दिगारा देवेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# समझौते का प्रस्ताव नहीं माना तो कर दी हत्या, पुलिस बता रही आत्महत्या

## पीड़ित पक्ष ने घंटाघर पर किया प्रदर्शन

**ललितपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में नामजद लोगों पर राजीनामा के लिए लगातार दबाव बनाने, धमकाने के आरोपों के बाद शिकायतकर्ता का शव कुछ ही दिनों बाद खेत में लगे महुआ के पेड़ से लटका मिलने के मामले में कार्यवाही करने की फरियाद लेकर पीडित पक्ष मंगलवार को मुख्यालय पहुंचा। यहां घण्टाघर पर महिलाओं ने परिजनों के साथ जमकर प्रदर्शन किया। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम तिलहरी में रहने वाले मर्दन सिंह पुत्र भगवानदास यादव ने पुलिस अधीक्षक के नाम तहरीर पुलिस को देकर बताया था कि बीती 30 अप्रैल की रात जण्डैल यादव पुत्र सरवर ने उसके घर में घुसकर महिलाओं से छेड़छाड़ की थी। चीख-पुकार मचने पर उसके भाई व भाभी ने जण्डैल को पकड़ लिया और उसके पास से तौलिया, कपड़ा, मोबाइल व आधार कार्ड छीन लिया था। मामले की सूचना जखौरा पुलिस को दी गयी थी। जिस पर पुलिस ने जण्डैल के खिलाफ 3 मई को बीएनएस की धारा 74 व 333 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की।

आरोप है कि मामले में गांव के प्रधान ने आरोपित युवक का साथ दिया, जिसके चलते उक्त लोग पीड़ित के रिश्तेदार के यहां पहुंच कर राजीनामा का दबाव डालने लगे थे। बताया कि 6 मई को उक्त लोग उसकी भाभी के मायके पहुंचे और वहां शिकायतकर्ता राहुल से राजीनामा कराने की बात कहने लगे। इसके एवज में उक्त लोगों ने 2 लाख रुपये भी देने की बात रखी, लेकिन बात यहां नहीं बनी। बताया कि 7 मई



को उक्त लोगों ने प्रधान के हस्तक्षेप की बात कहते हुये राहुल के साथ अप्रिय घटना कारित करने की बात कही। आगे बताया कि राहुल बीती 8 मई को अपनी मां व भाभी से निमंत्रण में जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। अगले दिन गांव की महिला मंजेश ने परिजनों को सूचना दी कि राहुल का शव खेत में लगे महुआ के पेड़ से लटका हुआ है। पीड़ित पक्ष ने इस प्रकरण में राहुल की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। इसी मामले में कार्यवाही न होने के चलते घण्टाघर पर उन्होंने प्रदर्शन कर न्याय की मांग की।

# संघर्ष सेवा समिति एवं सैनिकों ने सैन्य क्षेत्र में संयुक्त रूप से किया पौधरोपण

**झाँसी, 03 जून (तरूणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति द्वारा पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 30 मई से 5 जून तक प्रत्येक दिन संघर्ष सेवा समिति के सदस्यों द्वारा विविध स्थानों पर पौधरोपण का पुनीत कार्य किया जा रहा है। पौधारोपण के क्रम में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप सरावगी हंसारी स्थित सैन्य क्षेत्र में पौधरोपण करने पहुंचे जहां कैप्टन लोकेश के नेतृत्व में भारतीय सेवा के जवानों एवं संघर्ष सेवा समिति के सदस्यों ने 21 पेड़ लगाकर स्वच्छ वातावरण स्थापित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से अभय यादव, आनंद चौहान, रोहन वर्मा, विधि वर्मा, अनिल वर्मा, पंकज, संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, महेंद्र रायकवार, सुशांत गुप्ता, राकेश अहिरवार के साथ आर्मी कैप्टन लोकेश व सेना के जवान उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### मण्डल स्तर पर होगा त्रिस्तरीय गठन, बनेगा मीडिया कॉर्डीनेटर

**ललितपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर संगठन सृजन की एक बैठक पूर्व नगर अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन उसके पश्चात मंडल स्तर पर गठन त्रिस्तरीय होगा एक मीडिया कॉर्डिनेटर बनाया जाएगा। जिला महामंत्री रामनरेश दुबे ने कहा हमको संगठन घटाना नहीं बढ़ाना होगा। हर प्रकोष्ठ अध्यक्ष को घर पर पार्टी का झंडा ओर नाम नामांकित करना होगा। बैठक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, पूर्व अध्यक्ष राकेश रजक, मोहन सिंह चंदेल, नेहा, रामनरेश दुबे, मकरंद किलेदार विक्की, रफीक अली, ब्रजेश शांडिल, दीपक रायकवार, भरोसेलाल कुशवाहा, हरदेव सिंह, सीताराम राय, मुन्नालाल चंदेल, भईया जमौरा ने आदि उपस्थित थे।




### पियक्कड़ चालकों के विरुद्ध चला चेकिंग अभियान

**ललितपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने बिना नंबर प्लेट/फाल्टी नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, ड्रिंक एण्ड ड्राइव, ब्लैक फिल्म के खिलाफ अभियान चलाकर आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन करें प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 103 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान करते हुए 06 दो पहिया वाहनों और एक 4 पहिया वाहन में ब्लैक फिल्म और नशे की हालत में वाहन चलते हुए पाए जाने पर सीज किया गया।

# साहस का परिचय देने पर पुलिसकर्मी सम्मानित

**ललितपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** विगत 25 मई को देवगढ़ जंगलों में बौद्ध गुफा के पास मधुमक्खियों के झुंड द्वारा निरीक्षण करने वाले अधिकारियों पर अचानक हमला कर दिया गया था, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई थी। सीडीओ कमलाकांत पांडे के गनर के पद पर तैनात सिपाही चन्द्रपाल बघेल द्वारा अत्यंत साहसिक एवं प्रशंसनीय कार्य किया गया। मधुमक्खियों के अचानक हमले की स्थिति में उन्होंने अद्वितीय सूझबूझ, साहस एवं तत्परता का परिचय देते हुए अपने वरिष्ठ अधिकारी को गंभीर संकट से सुरक्षित बाहर निकाला। आरक्षी चंद्रपाल उपरोक्त के इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की व उनके उत्साह वर्धन हेतु 25 हजार रुपये का नगद इनाम व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया।



## रालोद के बुंदेलखंड प्रभारी ने की किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की घोषणा

**ललितपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** कस्बा जाखलोन में लोकदल के बुंदेखंड प्रभारी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के एसपीजी सिक्योरिटी आफिसर अनिल कुमार शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया एवं उनके नेतृत्व में रालोद पार्टी ललितपुर के किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की घोषणा की गई। इस मौके पर नए किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शंकर सिंह को फूल माला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर पार्टी के बुंदेलखंड प्रभारी अनिल कुमार शर्मा के अलावा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बुन्देलखंड के 6 जिलों में श्रीअन्न आधारित फूड प्रोसेसिंग प्लांट जल्द होंगे शुरू

**झांसी, 03 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत बुन्देलखंड के 6 जिलों में कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकेजिंग सह विपणन केंद्रों के निर्माण का चल रहा काम लगभग पूरा हो गया है। प्रोसेसिंग प्लांट के लिए मशीनों की खरीद और इंस्टालेशन का काम जल्द शुरू होगा।

इसी महीने किसानों को श्री अन्य आधारित बीजों का वितरण किया जाएगा। झांसी, बांदा, ललितपुर, महोबा, जालौन और हमीरपुर जिलों में प्रोसेसिंग प्लांट के निर्माण का काम पिछले वर्ष नवंबर और दिसंबर के महीने में शुरू हुआ था। योगी सरकार ने प्रत्येक मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकेजिंग सह विपणन केंद्र की स्थापना के लिए 95 लाख रुपये खर्च करने की घोषणा की है। मिलेट्स प्रोसेसिंग केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देना, प्रोसेसिंग करना और उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने में मदद प्रदान करना है। प्रोसेसिंग केंद्रों पर अत्याधुनिक प्रोसेसिंग मशीनों को लगाने की प्रक्रिया शुरू हो रही है, जिससे मोटे अनाज की बेहतरीन प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है।बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ एन के बाजपेयी ने बताया कि मशीनों की खरीद और इंस्टालेशन का काम जल्द शुरू हो जाएगा। इस महीने किसानों को बीज प्रदान किया जाएगा। इससे तैयार होने वाली उपज को इस केंद्रों में प्रोसेस किया जाएगा।



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**

**17वां(वि०/यां०) वृत्त, लो०नि०वि०, लखनऊ**

**पत्रांक: 1151/7(1)CBW-17E/M/2025** **दिनांक:30/05/2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ०प्र० की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रतिशत दर के आधार पर **दिनांक 05/06/2025 से दिनांक 20/06/2025** तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य जमा करा कर निविदा कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदा दिनांक 20/06/2025 को दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 20/06/2025 को अपरान्ह 03:30 बजे कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। यदि दिनांक 20/06/2025 को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

| क्र० सं० | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य कराने वाले खण्ड का नाम | सम्बन्धित वृत्त का नाम | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का नाम | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | राजभवन मुख्य भवन स्थित अन्नपूर्णा हॉल की छत पर लगे विद्युत केबिल ट्रे को कवर करने का कार्य। | 4.60 + 18% जी०एस०टी० | 0.46 | 677.00 | 30 दिन | कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ | अधीक्षण अभियंता, 17वां(वि०/यां०) वृत्त, लो०नि०वि०, लखनऊ | मुख्य अभियंता (वि०/यां०), लो०नि०वि०, लखनऊ | लो0नि0वि0 में "ए" श्रेणी में विद्युत कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदार। |

**सामान्य शर्ते:**

1- निविदा सम्बन्धित जानकारी दिनांक 19/06/2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।
2- टी-1 की सामान्य शर्तें मान्य होंगी। प्रपत्र टी-4, टी-5 एवं टी-6 (मूल में) निर्धारित प्रारूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
3- निविदा की वैधता 90 दिन के लिये होगी। निविदा के साथ रू0 100 का नॉन ज्यूडीशियल स्टैम्प पेपर वैधता हेतु लगाना अनिवार्य होगा। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा।
4- सशर्त निविदा अस्वीकृत की जा सकती है।
5- आयकर/जी०एस०टी०/लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
6- कॉलम सं० 5 मे अंकित धरोहर धनराशि (**Refundable**) जो शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक से निर्गत एफ०डी०आर० एवं डाकघर से जारी एन०एस०सी० के रूप में कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ के पद नाम में बंधक होगी तथा कॉलम सं० 6 मे अंकित निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य जो शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक से जारी डिमान्ड ड्राफ्ट (**Non-refundable**) के रूप में कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ के नाम से देय होगा।
7- कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा उसी क्रम में एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
8- अधोहस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी को बिना कोई कारण बताए एक या समस्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

U.P. 234521 dt. 02/06/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

**(पारितोष सिंह)**
**कार्य अधीक्षक**
**अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०) लो०नि०वि०, लखनऊ**

**(आर० एम० श्रीवास्तव)**
**अधीक्षण अभियंता**
**17वां (वि०/यां०) वृत्त लो०नि०वि०, लखनऊ**



# परिवहन एवं यातायात विभाग ने संचालित वाहनों के विरुद्ध चलाया अभियान

## एक सैकड़ा वाहनों का किया चालान व तीन वाहनों को किया सीज

**बांदा, 03 जून (तरूणमित्र)।** मंगलवार को जिलाधिकारी जे.रीभा ,पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निदेर्शों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,ए आरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह,सीओ यातायात के. के. त्रिपाठी, पीटीओ रामसुमेर यादव,यातायात प्रभारी संजय मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात सुरक्षा अभियान के तहत आज कचेहरी चौराहे पर बांदा में परिवहन विभाग,पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से डग्गामार वाहनों, बसों,दोपहिया वाहनों पर हेलमेट ना लगाना, ट्रिपल सवारी, मोबाइल ईयर फोन पर बात करना,चार पहिया वाहनों पर शीट बेल्ट का प्रयोग ना करना, चार पहिया वाहनों पर काली फिल्म का चढ़ा होना, नो पार्किंग पर वाहनों का खड़ा होना आदि सभी यातायात सुरक्षा के साधनों, मानकों का प्रयोग न किए जाने के तहत सघन अभियान चलाकर पीटीओ राम सुमेर यादव, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने 100 वाहनों का चालान किया और 03 वाहनो को सीज किया,और लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक भी किया गया।

जिलाधिकारी जे.रीभा के द्वारा जनपद बांदा में यातायात सुरक्षा को लेकर संबंधित विभागों को दिए थे निर्देश की बांदा जनपद पर कोई भी वहां अनाधिकृत रूप से संचालित नहीं होने चाहिए। वहीं बांदा जनपद में यातायात व्यवस्था व सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बांदा पुलिस द्वारा 26 मई 2025 से 04 जून 2025 तक सभी ई रिक्शा वाहनों के सत्यापन का अभियान चलाया जा रहा है यातायात बूथ बाबूलाल चौराहे मैदान प्रांगण में आज तक 1500 से अधिक ई रिक्शा वाहनों के सत्यापन यातायात टीम के द्वारा किए गए हैं जिसमें यातायात प्रभारी संजय मिश्रा,उप निरीक्षक यातायात त्रिलोकी नाथ पांडे सहित संबंधित विभागीय लोग मौजूद रहे।



इसी अनुपालन में प्रतिदिन प्रशासन द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है परिवहन,यातायात, पुलिस विभाग आप सभी वाहन चालकों से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करें बिना उचित दस्तावेज, फिटनेस,बीमा, रजिस्ट्रेशन ,के वाहनों का संचालन कदापि ना करे। वहीं शहर में संचालित ई रिक्शा संचालकों से अपील है कि वह अपने ई रिक्शे का रजिस्ट्रेशन और आधार कार्ड की प्रति लाकर के निर्धारित स्थान पर आसानी से सत्यापन करा लें यह सत्यापन अभियान आज 04/06/25 तक चलाया जा रहा है इसे और आगे भी बढ़ाया जाएगा।

# वर्षा जल के संचयन व जल संकट से निपटने के लिए तालाबों का संरक्षण आवश्यक : डीएम



कदौरा/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा नगर पंचायत कदौरा के कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत बन रहे सदर तालाब के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अन्य जल स्रोतों की स्थिति का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

नाला सफाई कार्य पर असंतोष जताते हुए सफाई कार्य को वर्षात से पूर्व निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर में वार्डों में नालियो की सफाई कार्य को अनुश्रवण किए जाने पर बल दिया। उपजिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी को नगर सफाई कार्य योजना के अनुसार करने के निर्देश दिए गए। नगर भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने धोबीपुर, बम्हौरी, खेड़ापति और मंशामता तालाब सहित नगर क्षेत्र के कुल 13 तालाबों के संरक्षण और विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कदौरा को स्पष्ट रूप से निर्देशित कर कहा कि नगर स्थित जलाशयों को प्रदूषित करने वाले कारकों और व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें ताकि जल निर्मल रहे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जलाशयों की महत्ता को देखते हुए इनकी साफ-सफाई, गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और नियमित रखरखाव को प्राथमिकता दी जाए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम की शुरुवात सरोवर के किनारे वृक्षारोपण कर किराया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि तालाबों के पाथवे (मार्ग) पर सजावटी एवं छायादार पौधे लगाए जाएं, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिले, बल्कि तालाब परिसर का सौंदर्य भी बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि पौधरोपण से आने वाले

### ● जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कदौरा के कार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

समय में क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और लोगों को शुद्ध वायु भी मिलेगी। उन्होंने तालाबों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, जलभराव की स्थिति बनाए रखने और स्थानीय लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल के संचयन और जल संकट से निपटने के लिए तालाबों का संरक्षण बेहद आवश्यक है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि इन प्राकृतिक जल स्रोतों को जीवंत और उपयोगी बनाया जा सके। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना शिवहरे, उप जिलाधिकारी शुशील सिंह, सीओ अबधेश सिंह, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील, सीएनडीएस से प्रोजेक्ट मैनेजर रंजीत कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रक ने कार में मारी टक्कर, एक की मौत

जालौन/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। शुक्रवार को भाभी के अंतिम संस्कार में सम्मलित होने के लिये देवर अपने परिवार के साथ आये थे। सड़क दुर्घटना में परिवार के तीनों लोग घायल हो गये थे। उपचार के दौरान देवर की मौत हो गयी। आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दवगरान निवासी यश पुत्र हरिशंद्र ने बताया कि मां की मौत के अंतिम संस्कार में सम्मलित होने के लिये चाचा डा. अमर सिंह पुत्र बद्रीप्रसाद, चाची पत्नी ऊषा व भतीजा धवल गाजियाबाद से आये थे। अंतिम संस्कार के बाद घर वापस जा रहे थे। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के पास बगल में चल रहे ट्रक चालक ने टक्कर मार दी थी। टक्कर से परिवार के तीनों लोग घायल हो गये थे। वहीं चाचा डा. अमर सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

## लव जिहाद की शिकार हुयी हिन्दू बेटी को सकुशल वापस लाने पर पुलिस टीम को किया सम्मानित

उन्नाव, 03 जून (तरूणमित्र)। गत 21 मई को जनपद उन्नाव के थाना दही अंतर्गत राजे पुर उर्फ वाजिद पुर की एक हिन्दू लड़की को इस्टाग्राम के माध्यम से राजस्थान का रहने वाले जिहादी युवक द्वारा बहका कर राजस्थान के एक कस्बे में ले गया। लड़की के गायब होने की सूचना थाना दही में दी गयी थी व 'नर सेवा नारायण सेवा' के संस्थापक वा भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने सीओ नगर सोनम सिंह व थाना प्रभारी दही से मिल हिन्दू बेटी की सकुशल वापसी की मांग की थी जिस पर थाना प्रभारी दही ने मुकदमा दर्ज कर टीम गठित कर जल्द बेटी को वापस लाने का अस्वासन दिया था पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के नेतृत्व में उन्नाव पुलिस तत्परता व जिम्मेदारी के साथ कार्यवाही में अग्रसर रहती है। थाना दही पुलिस टीम ने राजस्थान से हिन्दू लड़की को बचाकर सकुशल लाने में सफल रही व लड़की को उसके माता पिता के सुपुर्द किया जिस पर परिजनों ने विमल द्विवेदी सहित पुलिस टीम का आभार जताया वही पुलिस की सक्रियता व कार्यशैली से प्रभावित होकर 'नर सेवा नारायण सेवा' के संस्थापक वा भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने थाना दही प्रभारी संजीव कुमार व उनकी टीम को पुष्प



गुच्छ व अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया व उन्नाव पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर सहित पुलिस टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा की शोशल मिडिया जिहाद से नई पीढ़ी व बहन बेटियों को बचने व समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है और हिन्दू समाज को इस लड़ाई में साथ होना होगा। जिससे हम अपनी बहन बेटियों को सुरक्षित रख पाए सरकार से अपील की ऐसे मामलो में और सख्त कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, धर्मेंद्र शुक्ला, अभी तिवारी, राकेश राजपूत सहित आधा दर्जन लोगो ने पुलिस टीम का आभार जताया।

# इप्टा कार्यशाला हमारी सोच को बदलने का माध्यम: दीप्ती

कोंच/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा इकाई कोंच के द्वारा न्यू सिटी सूरज ज्ञान मॉर्डन पब्लिक स्कूल में चल रही 25वीं निशुल्क ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला में नियमित रंगकर्मी अपनी प्रतिभा को निखारने में पसीना बहाने में लगे हुए है।

कार्यशाला में प्रतिभाग कर रही प्रतिभागी दीप्ती द्विवेदी ने कार्यशाला के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इप्टा की यह कार्यशाला हमारे सोचने के ढंग को तोड़ती है। हम यहां केवल अभिनय नहीं कर रहे हम खुद को खोज रहे हैं। हमने यहां मंच से पहले अपने भीतर के डर को हराया है। अब जब हम बोलते हैं तो वो सिर्फ. संवाद नहीं होता वो एक पुकार होती है, जो समाज की चुप गलियों में गूंजती है।

### ● समाज की कुरीतियों की नाटक के माध्यम से उधेड़ेंगे बखेड़िया : उन्नति

इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए कक्षा 9 की संवेदनशील व प्रखर प्रतिभागी उन्नति सोनी ने कहा कि हमारे आस-पास समाज ने कई झूठी दीवारें बना रखी हैं जाति धर्म, लिंग, उम्र, प्रतिष्ठा, परंपरा और इन सब दीवारों के पीछे छुपी हैं कुरीतियाँ बाल विवाह, घरेलू हिंसा, पितृसत्ता, दहेज, और सबसे बड़ी चुप्पी लेकिन इप्टा की इस कार्यशाला ने हमें ये दीवारें दिखाईं और इन्हें तोड़ने का हथियार भी दिया वह है नाटक।

प्रतिभागी अनुभा पटेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इप्टा के नाटक मनोरंजन नहीं बल्कि आंदोलन है। इस कार्यशाला में भाग ले रहे बच्चों और किशोरों के लिए अभिनय केवल शौक नहीं रहा। यहां स्वर की ताकत, मौन के प्रभाव, और शब्दों की चोट को सिखाने के साथ-साथ सिखाया जा रहा है ह्यसोचना, सवाल करना और समाज को आईना दिखाना।

प्रतिभागी नैना सोनी का कहना है कि हर प्रतिभागी जो इस कार्यशाला में आ रहा है, अब रंगकर्मी नहीं केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि एक जागरूक नागरिक भी बन रहा है। इप्टा के मार्गदर्शकों ने इस मंच को केवल अभिनय का केंद्र नहीं रहने दिया, उन्होंने इसे आत्म-मंथन और सामाजिक बदलाव की प्रयोगशाला बना दिया।

कोमल अहिरवार ने कहा कि नाटकों, नुक्कड़ों और संवादों के जरिए यह प्रतिभागी समाज के हर उस हिस्से तक अपनी आवाज ले जाएंगे, जहां आज भी अंधेरा है।

अंकुर राठौर ने कहा कि ये वही बच्चे हैं जिन्हें कभी बोलने से डर लगता था, जिन्हें मंच से घबराहट होती थी। लेकिन अब, इन्हीं आंखों में रोशनी है, इन्हीं होठों पर विद्रोह है, और इन्हीं पाँवों में परिवर्तन की दिशा है।

कार्यशाला की शुरूआत इप्टा गीत बजा नगाड़ा शांति के साथ हुई। तदोप्रान्त नाटक लोकगीत एवं जनगीतों का भी अभ्यास के साथ साथ विभिन्न व्यायामों को कराया गया। इस अवसर पर यूनिस, साहना खान, नव्या झा, प्रतिज्ञा राठौर, राधिका पचैरी, आंशी सोनी, उन्नति झा, मान्या, गौरी, परी कुशवाहा आदि रंगकर्मी उपस्थित रहे। संचालन पारसमणि अग्रवाल ने किया।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया भण्डारे का आयोजन



उन्नाव, 03 जून (तरूणमित्र)। बड़ा चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर के पास नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा एवं नि. जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा भानू मिश्रा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को सुंदरकांड व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। दोपहर 11 बजे सुंदरकांड व बजरंग बली की आरती के साथ भंडारे व प्रसाद वितरण की शुरूआत हुई। जिसमें पूड़ी सब्जी, हलुआ, लस्सी समेत फलों का वितरण श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों को किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह 'सनी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

### ● बजरंग बली बाबा की कृपा और प्रेरणा से ही हमें जनसेवा की शक्ति मिलती है : भानू मिश्र

आनन्द अवस्थी, जिला महामंत्री भाजपा बिपिन मिश्रा, सभासद मोनू दीक्षित, सर्वेश गुप्ता, मनीष शुक्ला, बृजेश पाण्डेय, सुशील तिवारी, अनिल अवस्थी, भाजपा नेता ज्ञानेंद्र शुक्ला, समाज सेवी अवधेश सिंह, प्रख्यात कवि स्वयं श्रीवास्तव, समाज सेवी प्रभात सिन्हा, कवि अनिरुद्ध सौरभ, समाज सेविका निम्मी अरोड़ा, कविता त्रिवेदी, गुड़िया चौहान सहित सभासद गण, प्रबुद्ध जन एवं भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव, 03 जून (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने दो लोगों को बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर चोरी हुई बाइक को बरामद किया है। थाना पुलिस ने क्षेत्र के फूलमती मन्दिर के पास विजय खेड़ा तिराहे के पास से मुखबिर की सूचना पर कुछ समय पूर्व चोरी हुई बाइक चोरी के मामले में आरोपित चिरंजू पुरवा निवासी आयुष पुत्र जमुना निषाद और अंकुश उर्फ उमाकांत पुत्र कन्हैयालाल को गिरफ्तार किया है और विधिक कार्यवाही करते हुए कोर्ट में पेश करने के लिए भेज दिया है।

### मजार के बाहर खड़ी बाइक गायब

जालौन/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। मजार के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बाइक चोरी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस बाइक चोरों की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी पूजा पत्नी दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उसके पति 31 मई की शाम बाइक लेकर कोंच रोड स्तिथ मजार गए थे। बाइक मजार के बाहर खड़ी करके वह मजार के पास चले गए। कुछ समय बाद जब वह वापस आए तो बाइक गायब थी। बाइक के गायब होने पर उसने बाइक की काफी तलाश की लेकिन बाइक का कहीं कोई पता नहीं चला। पीड़ित की सूचना पर पुलिस बाइक चोरों की तलाश कर रही है।

### एआईएमआईएम ने बकरीद व्यवस्था को ले एसडीएम को सौंपा पत्र

कोंच/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। आल इंडिया मजलिसे इत्तहादुल मुस्लमीन के यूथ जिलाध्यक्ष चिराग हुसैन की अगुआई में दिन मंगलवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को सम्बोधित पत्र सोंपते हुए बताया कि 7 जून को ईदुल-जुहा का पर्व है। जिसमें ईदगाह सहित अधिकांश मस्जिदों में सामूहिक नमाज के बाद अनुमन्य पशुओं की बलि होती है और घरों के अलावा नगर के कई स्थानों में सामूहिक सांझेदारियाँ बड़े पशुओं की कुबार्नी की प्राचीन परंपरा है जो लगातार तीन दिन चलती है। इस दौरान नमाज स्थलों के आस पास सफाई व्यवस्था व पानी की टैंकरों से उपलब्धता करवाते हुए आवारा जानवरों पर रोक लगाते हुए कुबार्नी वाले स्थानों पर तीन दिनों तक पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करते हुए कुबार्नी के जानवरों की अनुपयोगी सामग्री को तीन दिनों तक नगर पालिका से सफाई की व्यवस्था कराते हुए नियमित जल आपूर्ति बिजली आपूर्ति को बहाल रखा जाए। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष वाहिद कुरैशी, फिरोज, अयाज, अहमद हाजी, आजाद, राजू, नन्नू, राजा, सन्नू, अनस, राईन, शाहरुख, मुहम्मद नईम आदि मौजूद रहे।

### सिद्धार्थ ने जेईई एडवांस में 10000वीं रैंक हासिल कर की सफलता प्राप्त

जालौन/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। नगर के मोहल्ला खंडेराव निवासी राधामोहन शुक्ला के बेटे सिद्धार्थ शुक्ला इस समय जेईई की तैयारी कर रहे थे। शुरू से ही मेधावी रहे सिद्धार्थ ने हाईस्कूल की परीक्षा 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ पास की थी। तो इंटरमीडिएट 97.4 प्रतिशत अंकों से पास किया था।उनकी मां कंचन शुक्ला ग्रहणी हैं और उनके पिता कृषि से जुड़े हुए है। सिद्धार्थ ने बताया कि उन्होंने सात से आठ घंटे रोजाना पढ़ाई की लेकिन पढ़ाई का समय तय नहीं किया। अधिकांश पढ़ाई रात के वक्त की।

## एसडीएम से पीने के पानी की लाइन जुड़वाए जाने की लगाई गुहार

कोंच/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। ट्यूबबेल से पानी पीने बाली लाइन मोहल्ले में पड़ी हुई है लेकिन वह टूटी पड़ी है। जिस पर मोहल्ले वासियों ने एसडी एम को एक प्रार्थना पत्र देकर जुड़वाए जाने की मांग की है। मलिन बस्ती मोहल्ला गोखले नगर स्थित दरिद्र नारायण सेवा समिति के पीछे ट्यूबबेल से पानी पीने वाली लाइन डली हुई है लेकिन वह लाइन टूटी पड़ी है। जिसके सम्बन्ध में कई बार जोड़ने के लिए प्रार्थना पत्र दिए लेकिन लाइन को नहीं जोड़ा गया और इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की गम्भीर समस्या खड़ी हो रही है। मोहल्लेवासियों ने एसडीएम से जल्द ही उक्त टूटी पड़ी पानी की लाइन को जुड़वाए जाने की गुहार लगाई है।

# पानी की समस्या को लें मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

जालौन/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझ रहे मोहल्ला कछोरन और तोपखाना के निवासी पेयजल संकट के चलते परेशान हैं। इलाके में लगे अधिकांश सरकारी हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, वहीं एक मात्र सरकारी नलकूप भी बार-बार खराब हो जाता है। पानी की सप्लाई रुक जाने से स्थानीय लोग विशेषकर महिलाएं और बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इसी समस्या को लेकर अधिवक्ता ने एसडीएम शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

एसडीएम विनय कुमार मौर्य को सौंपे गए शिकायती पत्र में अधिवक्ता मुलायम सिंह यादव ने बताया कि मोहल्ला कछोरन व तोपखाना क्षेत्र में गर्मी के चलते पानी की मांग बढ़ गई है, लेकिन इसके विपरीत वहां की जल व्यवस्था चरमरा गई है। क्षेत्र में लगे अधिकतर सरकारी हैंडपंप या तो खराब हैं या बेहद कम पानी दे रहे हैं। ऐसे में लोगों को आसपास के मोहल्लों में जाकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी नलकूप से से कई मोहल्लों की जलापूर्ति होती



है, लेकिन वह भी आए दिन खराब हो जाता है, जिससे जल संकट और गहरा जाता है। उन्होंने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए और नलकूप की तकनीकी खामी को तत्काल ठीक कराया जाए ताकि लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना न पड़े। वहीं, एसडीएम ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी और जल संस्थान के अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान कराने आश्वासन दिया।

## डीएम ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण



कदौरा/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत कदौरा स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने खुद अपने हाथों से गौवंशों को गुड़ और चना खिलाया, जिससे गौसेवा के प्रति उनका सरोकार स्पष्ट रूप से नजर आया। उन्होंने कहा कि गोवंशों की देखरेख हेतु प्रशासन इसके लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, चारे-पानी की उपलब्धता और पशुओं के स्वास्थ्य की स्थिति की भी बारीकी से जायजा लिया। नगर पंचायत कदौरा के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि गौशाला की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें और गोवंशों की देखभाल में कोई कमी न हो। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना शिवहरे, उप जिलाधिकारी शुशील सिंह, सीओ अबधेश सिंह, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील, संबंधित अधिकारी, नगर पंचायत प्रतिनिधि और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण व टूलकिट को करें आवेदन 15 तक

उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रभात यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद जालौन में पारम्परिक कारीगरों के लियें ट्रेडवार लक्ष्य बढ़ई, नाई, दर्जी, लोहार, राजमिस्त्री एवं हलवाई आदि ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान कियें जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहें है। आवेदन दिनांक 15.06.2025 तक वेबसाइट पर योजना का चयन करते हुये आवेदन कर सकते है। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बंध में बताया कि आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पास की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस०सी०/एस०टी०/ओ०बी०सी वर्ग के लिये), आयु प्रमाण पत्र, आवेदक उत्तर प्रदेश/जनपद का मूल निवासी होना चाहिये, आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहियें (आयु की गणना आवेदन की तिथि से होगी), परम्पारिक कारीगर का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पालिका अथवा नगर पंचायत के सम्बन्धित वार्ड सदस्य से निर्गत किया होना चाहियें, परिवार का केवल एक ही सदस्य आवेदन करने हेतु पात्र होगा। परिवार का आशय पति एवं पत्नी से है, आवेदन कर्ता साक्षात्कार के समय इस बात का लिखित शपथ पत्र 10 रू0 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करेगा कि आवेदक ने पूर्व में या उसके पति/पत्नी ने योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट का लाभ नहीं लिया है।

## अवैध अतिक्रमण बन्द करवाने की मांग

जालौन/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। खाद के गड्ढों पर जबरन अतिक्रमण कर मिट्टी डालने और अवैध रूप से निर्माण करने एवं रोकने पर झगड़े पर आमादा होने की शिकायत ग्रामीण ने सीओ को शिकायती पत्र देकर की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमा निवासी कुलदीप कुमार ने सीओ को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में सरकारी भूमि पर खाद के गड्ढे हैं। इन गड्ढों पर गांव के ही कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा करना चाह रहे हैं। इसके लिए वह खाद के गड्ढों पर मिट्टी डालकर उन्हें बंद कर रहे हैं। साथ ही उस पर निर्माण करना चाहते हैं। इसको लेकर जब उन्हें रोका तो वह झगड़ा फसाद पर आमादा हैं। पीड़ित ने सीओ से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण पर दिया जोर

उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। नोडल (वेब पोर्टल) जिला भूगर्भ जल प्रबंधन भरतदीप ने बताया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम-2019 के अन्तर्गत राज्य में भूमिगत जल संरक्षित, नियंत्रित करने एवं भूमिगत जल का सतत प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिये उसे दोनों परिमाणात्मक और गुणात्मक स्थायित्व प्रदान करने के लिये विशेष रूप से भूजल संकटग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया गया एवं सभी औद्योगिक, वाणिज्यक, अवसंरचनात्मक, आर०ओ० प्लांट और सामूहिक उपयोगकताओं को भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एन०ओ०सी०)/पंजीकरण का प्राविधान किया गया है इसके अतिरिक्त भूजल कूप निर्माण की समस्त ड्रिलिंग संस्थाओं का पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया गया है। अतः समस्त औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक और सामूहिक उपयोगकताओं अधिष्ठान यथा होटलों/लॉजों/ आवासीय कालोनियों/रिजार्टों/निजी चिकित्सालयों/परिचार्या गृहों/कारोबार क्षेत्रों/मॉल्स/वाटर पार्क/गाड़ी धुलाई सेंटर एवं खेल परिसरों, स्टेडियमों इत्यादि सहित वर्तमान प्रस्तावित भूजल उपयोगकताओं को आदेशित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल अधिनियम-2019 की धारा 39 के अन्तर्गत बिना पंजीकरण/अनापत्ति प्रमाण-पत्र के भूगर्भ जल दोहन करने हेतु दोषी पाये गये व्यक्ति/समूह/संस्था को 02 से 05 लाख रुपए तक जुमार्ना अथवा 06 माह से 01 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों निर्धारित किये गये है।

अतः उपरोक्त श्रेणी के उपयोक्ता तत्काल भूगर्भ जल विभाग के वेब पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर पंजीकरण/अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें, इसके अतिरिक्त आवेदन से सम्बन्धित किसी भी अन्य जानकारी के लिए हाइड्रोलॉजिस्ट (कार्यालय सीनियर जियोफिजिसिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, प्रताप भवन, नन्दनपुरा, शिवपुरी रोड, झॉसी), नोडल (वेब पोर्टल), जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद, जनपद-जालौन से सम्पर्क कर सकते है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप एक सप्ताह के अन्दर अनापत्ति एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र हेतु ऑन-लाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में आपकी फर्म के विरूद्ध राष्ट्रीय हरित अधिकरण एवं उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम-2019 में निहित प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसका समस्त उत्तरदायित्व आप स्वयं का होगा।

# प्रभु श्रीराम का जीवन मर्यादा, सेवा और सत्य का प्रतीक : महाराज अनुज

जालौन/उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। क्षेत्रीय ग्राम कैंथ स्थित खेरेश्वर हनुमान एवं शंकर मंदिर परिसर में चल रहे 11कुंडीय श्रीराम महायज्ञ और साप्ताहिक रामकथा महोत्सव के तीसरे दिन रामकथा वाचक अनुज महाराज ने तीसरे दिन की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान श्रीराम के बाल्यकाल, गुरु वशिष्ठ द्वारा शिक्षा दीक्षा और उनके धर्मनिष्ठ जीवन के प्रारंभिक प्रसंगों पर प्रकाश डाला।

रामकथा वाचक अनुज महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन मयार्दा, सेवा और सत्य का प्रतीक है। उनके चरित्र से हमें यह सीख मिलती है कि व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी संयम नहीं



खोना चाहिए। उन्होंने बालकांड का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार श्रीराम ने अपने भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के साथ गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की और फिर यज्ञ रक्षा के लिए महर्षि विश्वामित्र के साथ वनगमन किया। इस दौरान उन्होंने ताड़का वध कर धर्म की रक्षा की। कहा कि आज के समय में हमें श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जीवन


### ● कथा वाचक ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन मर्यादा, सेवा और सत्य का प्रतीक

में संयम, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा की भावना को अपनाना चाहिए। कथा के दौरान श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारों का घोष करते रहे और भक्ति रस में सराबोर हो गए। महायज्ञ की अग्निहोत्रीय क्रियाएं यज्ञाचार्य डॉ. शिवशंकर शुक्ला और रामबाबू त्रिपाठी की अगुवाई में संपन्न की गईं। यज्ञ मंडप में उपस्थित यजमानों ने विधिपूर्वक आहुतियां दीं और राष्ट्र, समाज व परिवार की सुख-शांति की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

# खुद्दाम ने कुल शरीफ की फातिहा पढ़ने के साथ मुल्क में अमन चैन की मांगी दुआ

उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। कुल शरीफ की फतिहा के साथ ही हजरत बेरी वाले बाबा का सालाना 85वां उर्स संपन्न हो गया। खुद्दाम नासिर अली व नाजिर अली ने कुल की दुआ में दुनिया में अमन और लोकतंत्र की कामना करते हुए आतंकी जमातों से बचने की तलख की। इससे पूर्व कव्वाली की दूसरी बज्म में जोरदार मुकाबला हुआ।

कव्वालो ने अकीदत व सामाजिक सरोकारों वाले शेर सुनाकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कव्वाल अनीस नबाब ने पढ़ा, बस्ती बस्ती गली गली में, शाहों का न बजीर का, देख लो आकर बजाता है डंका, बेरी वाले पीर का। इससे पहले फैजान रजा अजमेरी ने पढ़ा, सजी है महफिल बेरी वाले बाबा की, दीवाने खुशियाँ मना रहे है, कसम खुदा की अली का सदका बेरी वाले बाबा लुटा



### ● कव्वालों ने बटोरी श्रोताओं की तालिया

रहे है। दोनों ही कव्वालो ने कव्वाली प्रस्तुत कर लम्हा को यादकार बना दिया। उक्त कव्वाल जोड़ी ने सोने के कलश वाले ख्वाजा, मोईन मोईन मोईन ख्वाजा, इसराइल के लश्कर को अल्लाह डूबने वाला है। इस बेजोड़ मुकाबले को सुनने के लिए लोग अपनी जगह पर डटे रहे और अपनी फरमाइश के मुताबिक कलाम सुनते रहे। इस बीच वह रूहानी मंजर आया जब अकीदतमंदो की आंखों से आंसुओं को सैलाब वह उठा। बाबा के कुल शरीफ के दौरान लोग भावुक हो उठे। जायरीनो के लिए जगह-जगह लंगर के आयोजन किये गये। जिसमें जमकर लंगर को छका गया। उर्स में आये हुये मेहमान चेयरमैन प्रतिनिधि विजय चैधरी, गुलशेर सेठ, नजम हाशमी, पप्पू पठान, आरिफ कादरी, मुन्ना अंसारी, टिंकू शताब्दी, शोएब मिर्जा व नफीस पठान का उर्स कमेटी के अध्यक्ष अनुभव चतुर्वेदी व चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार ने सर पर पगड़ी बांधकर का स्वागत किया। संचालन अपनी मुहावरेदार भाषा शैली से पप्पू थापा ने किया। इस दौरान भिक्के खां, फिरोज कैसेट, जुबैर खान, अब्दुल रब सुनार, अकील अहमद, रिजवान खान, छोटू शाह सहित सैकड़ो लोगो की उपस्थिति रही।

### चौकी इंचार्ज ने संभाली सुरक्षा की कमान

उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। बेरी वाले बाबा के उर्स मुबारक में दूसरे दिन अकीदतमंदो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें मौजूद पुलिस कर्मियों के भी पसीने छुटते नजर आए। इस दौरान चौकी इंचार्ज विनोद कुमार सिंह ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली और उन्होंने पॉइंट टू पॉइंट पहुंचकर प्रोग्राम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने का कार्य किया। जिसकी सराहना पूरे शहर में की जा रही है।

### ऑक्टोपैड, ढोलक व तबले की धुन पर झूमें लोग

उरई, 03 जून (तरूणमित्र)। हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक इंसानियत के सूफी बुजुर्ग हजरत सैयद बेरी वाले बाबा के प्रोग्राम शुरू होने से पहले जैसे ही कव्वाल फैजान रजा अजमेरी के सजिंदो के द्वारा ऑक्टोपैड, ढोलक व तबले से देशभक्ति के लिए कर्मा फिल्म की धुन, दिल दिया है, जान भी देंगे, ये बतन तेरे लिए बजी तो कव्वाली प्रोग्राम में पधारे सैकड़ो हिंदू मुस्लिम समाज के लोग झूमते नजर आए।

# बकरीद त्यौहार को ले सवेदनशील स्थलों पर शान्ति व्यवस्था बनाए रखें-एडीएम



**मैनपुरी, 03 जून (तरूणमित्र)।** अपर जिला मजिस्ट्रेट श्याम लता आनन्द ने बताया कि जनपद में ईद-उल-जुहा (बकरीद) का त्यौहार चन्द्र दर्शन के अनुसार दि. 07 जून को मनाया जाना प्रस्तावित है। उन्होने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने नगरीय क्षेत्र की नालियों, सड़कों की विशेष सफाई व्यवस्था के साथ-साथ नमाज अदा होने वाली मस्जिदों, ईदगाहों के समीप व प्रमुख मार्गों, स्थानों पर चूना डलवाने की व्यवस्था करें, पानी की निर्बाध आपूर्ति हेतु ट्यूबेल ऑपरेटर को आदेशित करें पानी की टंकियों को भरते हुये टंकियों, टैंकरों की ब्लीचिंग से सफाई कर उसमें शुद्ध व स्वच्छ पीने का पानी भरवाकर नमाज अदा करने वाले स्थलों तथा ईद मिलन समारोह स्थल पर निर्बाध रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें साथ ही अपने-अपने क्षेत्र की ईदगाहों एवं अन्य स्थानों पर आवारा पशुओं को स्वच्छन्द विचरण न करने देने के पुख्ता प्रबन्ध किये जायें, उनके मालिकों को लिखित व मौखिक रूप से भी कड़े निर्देश निर्गत करने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार सफाई कर्मचारी की ड्यूटी भी लगायी जाये।

उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा है कि वह खाद्यान्न का वितरण समय से सुनिश्चित करायें, अधिशाषी अभियंता उ.प्र. पावर कारपोरेशन ईद-उल-जुहा के पर्व पर अवाधित विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त कार्यों एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालन करने के साथ-साथ पर्याप्त सतर्कता, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्ण उत्तरदायी होंगे। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि ईद-उल-जुहा के अवसर पर जिले के सभी संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त सतर्कता, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, जिससे किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति उत्पन्न न हो।

## पट्टे की दुकानें बेचने पर तीन दुकानदारों को भेजा नोटिस

**मथुरा, 03 जून (तरूणमित्र)।** अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के द्वारा आज से पांच दशक पहले बलदेव में बनाई गई। उन दुकानों में से तीन लाभार्थियों ने अपनी दुकान को बेच दिया। इस प्रकरण को समाज कल्याण विभाग ने गंभीरता से लिया है। निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिलों से ऐसे पट्टों की जांच करकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब इन दुकान के पट्टे धारकों को जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल ने नोटिस जारी किया है। करीब पचास साल पहले जनपद के शहरी क्षेत्रों में 200 दुकानें इस उद्देश्य से बनाई गई कि जो बेरोजगार अनुसूचित जाति के हैं वे अपना व्यवसाय करके अपने कस्बों में रोजगार करके अपना व परिवार का पालन कर सकें। जिसके तहत बलदेव, महावन, बरसाना, छाता सहित कई कस्बों में ये दुकानें बनी थीं। बलदेव कस्बे में अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम द्वारा बनाई गई दुकान संख्या चार, पांच, छह के पट्टे धारक ने अपनी दुकान को दूसरे व्यक्तियों को बेच दिया। इस संबंध में शिकायत हुई तो जिलाधिकारी ने इसकी जांच कराई गई। जिसमें पट्टे की दुकान बेचने के आरोप सही मिले। जिस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल ने इन तीनों दुकानस्वामियों को नोटिस जारी करके शीघ्र जबाव मांगा है।

# हत्या : मां की पेंशन के लिए भाई को मार दी गोली

**मथुरा, 03 जून (तरूणमित्र)।** थाना फरह इलाके के गांव रैपुरा जाट में दिनदहाड़े हुए हत्या की घटना से अफरा तफरी मच गई और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसपी सिटी राजीव कुमार कई स्थानों की फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी के जरिए हत्यारों की तलाश में जुट गए। घटना की जानकारी देते हुए एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि रैपुरा जाट स्थित केनरा बैंक के सामने कार में साथियों के साथ आए युवक ने अपने सगे भाई पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फायरिंग में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्यारोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि भधाया गंगाधर निवासी 48 वर्षीय ओमवीर का अपने भाई प्रेम से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार की दोपहर ओमवीर रैपुरा जाट स्थित केनरा बैंक से रुपये निकालने गया था। इसी दौरान वहां कार सवार युवकों ने उसके ऊपर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दिनदहाड़े बाजार में फायरिंग से लोगों में अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इधर उधर छिपकर अपनी जान बचाई। मृतक ओमवीर और प्रेम दोनों सगे भाइयों के बीच में मां की पेंशन निकालने को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी झगड़े के दौरान प्रेम और उसके साथियों ने तमंचा निकालकर ओमवीर पर फायरिंग कर दी जिसके चलते ओमवीर की मौत हो गई है।

# गंगा दशहरा कल, जिला प्रशासन ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप



**मथुरा, 03 जून (तरूणमित्र)।** गंगा दशहरा पांच जून को मनाया जाएगा। नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। यमुना में विश्राम घाट सहित दूसरे घाटों पर बडी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। वृंदावन, गोकुल आदि के घाटों पर भी स्नान पर्व होगा।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में दूरदराज से ट्रेक्टर ट्रालियों में भर कर लोग आते हैं। जिला प्रशासन ने स्नान पर्व को लेकर बडे पैमाने पर तैयारी की है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने गंगा दशहरा पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मंदिरों और घाटों के आसपास सफाई गोताखोरों की तैनाती सीसीटीवी निगरानी चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की नगर निगम को घाटों पर सफाई बैरीकेटिंग कंट्रोल रूम चेंजिंग रूम और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। घाटों पर गोताखोर तैनात किए जाएंगे और यमुना का जलस्तर भी बढ़ाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की जाएगी। यमुना के किनारे स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएंगे और शहर में जगह जगह पानी की प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी। यमुना के घाटों पर कपड़े चेंज करने के लिए अस्थाई स्नान घर बनाए जाएंगे इसके अलावा घाटों पर वॉलिंटियर भी तैनात किए जाएंगे ताकि श्रद्धालु गहरे पानी में स्नान करने से बचें यमुना के घाटों पर साफ सफाई और बैरिकेडिंग कराई जाएगी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की जाएगी नगर निगम के अधिकारी एवं पुलिस फोर्स भी तैनात रहेंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो मथुरा में गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालु यमुना में स्नान करने आते हैं।

विश्राम घाट सहित दूसरे घाटों का निरीक्षण किया गया है। यहां करीब 22 घाट हैं। सभी घाटों की सफाई कराई गयी है। आज से यमुना जी में बैरीकेडिंग कराई जा रही है। विश्राम घाट के सामने वाले घाटों पर भी बैरीकेडिंग और दूसरी व्यवस्थाएं की जा रही है। यमुना के लक्ष्मीनगर की ओर भी मेला लगता है वहां भी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक व्यवस्थाएं दिये जाने का प्रयास किया जा रहा है। स्टीमर पर लाइफ जैकेट का अभाव है, इसे भी सुनिश्चत कराया जा रहा है। एसडीआरएफ, पीएसी, 36 गोताखोरों की व्यवस्था की गई है।

-चंद्र प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी

# आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**मेरठ, 03 जून (तरूणमित्र)।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 की निदेशक मंडल की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में आयुक्त के समक्ष गत बैठक में लिये गये निर्णयों का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया तथा वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। 15 वर्ष से अधिक अवधि पूरी कर चुके वाहनों की नीलामी के संबंध में प्रस्ताव रखा गया, जिस पर आयुक्त द्वारा अनुमति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसो में ईटीएम एवं एफसीएसए के अनुबंध को विस्तारित किये जाने, सेवाप्रदाता एजेन्सियों के अनुबंध को विस्तारित किये जाने सहित अन्य प्रस्ताव रखे गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह, उपाध्यक्ष एमडीए संजय कुमार मीणा, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, आरटीओ हिमेश तिवारी, अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधियों ने बनाई मथुरा डीएम की फेंक आईडी

**मथुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी मथुरा की फेक आईडी जनरेट कर लोगों से लेनदेन के लिए संपर्क किया। बड़ी संख्या में लोगों से संपर्क किया गया तो यह बात जिलाधिकारी तक पहुंच गई।

उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी और पुलिस को शिकायत दी। थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इसके बाद साइबर सेल कोर पुलिस इस कृत्य को अंजाम देने वाले की तलाश में जुटी है। डीएम के नाम से फेक आईडी लोगों से रुपये ऐंठने के लिए बनाई गयी जिलाधिकारी सीपी सिंह आईएएस के नाम पर किसी ने व्हाट्सएप के माध्यम से उनके परिचितों से लेनदेन की कोशिश की। जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी ने इसकी सूचना साइबर सेल को दी। आनन फानन में तत्काल ही फेक व्हाट्सएप आईडी बनाने वाले अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सोमवार को जिलाधिकारी का फोटो लगाते हुए मोबाइल नंबर 8562098330804 पर नाम चंद्र प्रकाश सिंह लिखकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों से सम्पर्क साधना शुरू कर दिया। जिलाधिकारी की इस फेक व्हाट्सएप आईडी से संबंधित व्यक्ति ने मीटिंग में अपनी (जिलाधिकारी) व्यस्तता दशार्ते हुए किसी आवश्यक कार्य के लिए लेनदेन की बात की है। विभिन्न लोगों के साथ इस फेक व्हाट्सएप आईडी से लेनदेन के संदेश की सूचना जल्द ही जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के पास पहुंच गई। तत्काल ही जिलाधिकारी ने इस घटनाक्रम की जानकारी साइवर सेल को दी। साथ ही इसकी रिपोर्ट थाना सदर बाजार में दर्ज कराई गई है।

## पेज 1 का शेष...

### सूबे में अग्निवीरों को...

कारण होमस्टे संचालकों को केंद्र सरकार के निधि प्लस पोर्टल पर पंजीकरण कराना पड़ता था। अब राज्य सरकार की इस नई नीति के तहत वे स्थानीय निकायों की अनापत्ति लेकर सरल प्रक्रिया से पंजीकरण कर सकेंगे। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं राशन कार्डधारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों व अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इन भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुन्देलखण्ड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जनपद 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्रावधान किया गया है।

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017' के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रा.लि., बाराबंकी को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन / सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपये, सिल्वर्टन पल्प एंड पेपर्स प्रा. लि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपये, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेंट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

### हमारी सेना ने आठ...

हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इसके बारे में बताएंगे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 10 मई को रात करीब 1 बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य भारत को 48 घंटे में घुटने टेकने पर मजबूर करना था। उनकी ओर से कई हमले किए गए और किसी तरह से उन्होंने इस संघर्ष को बढ़ा दिया, जबकि हमने वास्तव में केवल उनके आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था। उन्होंने सोचा था कि ऑपरेशन 48 घंटे तक चलेगा, जो करीब 8 घंटे में ही खत्म हो गया और फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हवाई युद्ध का सवाल है तो ऑपरेशन सिंदूर ने इतिहास रच दिया। विरोधी के खिलाफ सफल ऑपरेशन किए गए, जिससे सटीकता और आक्रामक इरादे के साथ अंदर तक लगातार ऑपरेशन करने में भारत की क्षमता साबित हुई है।

यह एक बड़ी उपलब्धि थी कि हम विरोधी के हवाई रक्षा नेटवर्क को भेदने में सक्षम थे। सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता की अस्थायी समाप्ति है। हमें अपनी चौकसी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि हम लंबे समय तक संघर्ष में नहीं पड़ना चाहते थे। हमने ऑपरेशन पराक्रम में अपना अनुभव देखा है। हम लगभग नौ महीने तक वहां रहे। इसमें बहुत अधिक खर्च होता है, सब कुछ बाधित होता है। सीडीएस ने कहा कि जहां तक पाकिस्तानी पक्ष का सवाल है तो मैं दो अनुमान लगा सकता हूं। पहले, वे बहुत लंबी दूरी पर तेजी से चीजें खो रहे थे और उन्होंने सोचा कि अगर यह कुछ और समय तक जारी रहा तो और अधिक नुकसान होने की संभावना है और इसलिए उन्होंने टेलीफोन करके सीजफायर का प्रस्ताव रखा।

### हरिद्वार जमीन घोटाला...

इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सात अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में निलंबित किए जा चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कार्मिक विभाग ने जिन सात अधिकारियों को निलंबित किया है कि उनमें हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और मौजूदा डीएम कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, हरिद्वार के तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार, हरिद्वार तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जारी बयान में कहा कि हमारी सरकार ने पहले ही दिन से स्पष्ट किया है कि लोकसेवा में पद नहीं बल्कि कर्तव्य और जवाबदेही महत्वपूर्ण है। चाहे व्यक्ति कितना भी वरिष्ठ हो, अगर वह जनहित और नियमों की अवहेलना करेगा तो कार्रवाई निश्चित है। हम उत्तराखंड में भ्रष्टाचार मुक्त नई कार्य संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। सभी लोक सेवकों को इसके मानकों पर खरा उतरना होगा। पूर्व में रविंद्र कुमार दयाल- प्रभारी सहायक नगर आयुक्त (सेवा समाप्त)आनंद सिंह मिश्रवाण- प्रभारी अधिशासी अभियंता (निलंबित)लक्ष्मी कांत भट्ट- कर एवं राजस्व अधीक्षक (निलंबित)दिनेश चंद्र कांडपाल- अवर अभियंता (निलंबित)वेदपाल- सम्पत्ति लिपिक (सेवा विस्तार समाप्त)पर कार्रवाई हो चुकी है।

### यमुना में नहाने गई...

वहीं घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गांव में मातम पसर गया। घटना के बाद राहत बचाव कार्य में रास्ता सबसे बड़ी मुश्किल बना। गांव का रास्ता ठीक न होने के कारण एंबुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। जिस कारण गांव के ही लोगों को अपने निजी वाहन बाइक से बच्चियों को अस्पताल ले जाना पड़ा। नदी में डूबने से पहले बहनों ने रील भी बनाई।

इसमें दिख रहा है कि सभी बहनें नदी में नहा रहीं हैं, लेकिन इसके बाद दर्दनाक घटना हुई। बहनों की डूबकर मौत हो गई।सभी मृतक आपस में रिश्तेदार थीं। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। दृश्य देख लोगों की आंखों के आंसू भी नहीं रुके। हर किसी की आंखें नम हो गईं। अपर पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह ने बताया 6 बच्चियों डूबी थीं। दो को बचा लिया गया था। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। कच्चा रास्ता होने के कारण राहत और बचाव कार्य में मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

### 8 जून को अंतरिक्ष...

गए उच्च मानकों पर जोर दिया। गगनयात्रियों के लिए प्रशिक्षण अगस्त 2024 के पहले सप्ताह में संयुक्त राज्य अमेरिका में शुरू हुआ था। अब पूरे देश की नजरें 8 जून पर टिकी हैं। नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पैगी व्हिटसन वाणिज्यिक मिशन की कमान संभालेंगी, जबकि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पायलट के रूप में काम करेंगे। दो मिशन विशेषज्ञ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी परियोजना के अंतरिक्ष यात्री पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विज़िनएव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू हैं।

मिशन की अवधि और गतिविधियों में 14 दिनो की अवधि में चालक दल आईएसएस पर प्रयोग, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और शैक्षिक आउटरीच का आयोजन करेगा। वास्तव में एक्सिओम-4, एक्सिओम स्पेस के उस दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके तहत पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया जाएगा। एक्स-4 इसरो और नासा के बीच महत्वपूर्ण सहयोग का भी प्रतीक है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की बढ़ती उपस्थिति को उजागर करता है। यह मिशन आई.एस.एस. पर गतिविधियों में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों की भागीदारी को सुगम बनाएगा, मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की क्षमताओं को बढ़ाएगा तथा अंतरिक्ष विज्ञान में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देगा।

# योग दिवस मनाये जाने को ले डीएम ने अधिकारियों व योग प्रशिक्षकों संग की समीक्षा बैठक



**जौनपुर, 03 जून (तरूणमित्र)।** जनपद में आगामी 21 जून को 11वां अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिनेश चंद्र ने सम्बंधित अधिकारियों एवं योग प्रशिक्षकों के साथ बैठक कर समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की मुख्यालय स्तर पर प्रमुख घाटों, पार्कों, विकास खंड एवं तहसीलों पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए 15 जून से 21 जून तक योग कार्यक्रम चलाया जाये इसी प्रकार उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तहसील, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग का कार्यक्रम निरंतर निर्धारित तिथियों को कराया जाए।

21 जून को मुख्य कार्यक्रम शाही किला जौनपुर में किये जाने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर कमल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉक्टर मनीषा अवस्थी, नगर मजिस्ट्रेट, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, धर्मेंद्र कुमार सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक, दीपक श्रीवास्तव कार्यालय सहायक, अरविंद यादव योग प्रशिक्षक, विकास यादव, सोनू यादव, मनोज कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम की जनसुनवाई में आई 10 शिकायतें

**मथुरा, 03 जून (तरूणमित्र)।** मंगलवार को नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में सुबह 10 बजे से जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायतकताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 10 शिकायत प्राप्त हुयी, जिनमें से चार शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित छह शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

# मिनी बस इको कार से टकराकर पलटी, 17 यात्री घायल

**मथुरा, 03 जून (तरूणमित्र)।** श्रद्धालुओं को लेकर गोवर्धन होकर जयपुर जा रही मिनी बस मंगलवार सुबह आठ बजे बस को बचाने में सामने से आ रही इको से टकरा कर पलट गई। घटना में जयपुर और मथुरा के 17 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। ब्रज में मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना की यात्रा करने के बाद श्रद्धालुओं को लेकर मिनी बस वापस जयपुर जा रही थी। मंगलवार सुबह आठ बजे सौंख रोड पर महमदपुर चौराहा के समीप बस से टक्कर बचाने के लिए मिनी बस की सामने से आ रही इको को टक्कर मारकर पलट गई। हादसे के बाद श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर दौड़े। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर मिनी बस में फंसे श्रद्धालुओं को निकलने का कार्य शुरू किया। पुलिस पहुंच गई और एंबुलेंस की मदद से 17 घायलों को सीएचसी गोवर्धन भेजा गया।

# कलेक्ट्रेट स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में चोरी

**-चौकी से चंद कदमों पर हुई चोरी की वारदात पुलिस के लिए चुनौती**

**मथुरा, 03 जून (तरूणमित्र)।** सिविल लाइन स्थित रजिस्ट्रार ऑफिस में रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर अंदर चोरी के उद्देष्य से अंदर घुसे थे, तिजोरी से छेड़छाड़ की गई लेकिन कोई पैसा नहीं गया है। दस्तावेजों के साथ कोई तो कोई छेड़छाड़ हुई या नहीं यह पता लगाया जा रहा है। ऑफिस स्टाफ का कहना है हम सुबह ऑफिस आए तो देखा जंगला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। खबर लिखे जाने तक साफ नहीं हो पाया है कि चोर लेकर क्या गया हैं। शक है कि कुछ जरूरी दस्तावेज और कैश गायब हो सकता है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई गई और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया ताकि कोई पुख्ता सुराग मिल सके। लोग सवाल उठा रहे हैं कि इतने संवेदनशील ऑफिस में, जो सरकारी दस्तावेजों और संपत्ति के रजिस्ट्रेशन से जुड़ा होता है, वहां सुरक्षा के नाम पर क्या व्यवस्था है? इससे पहले भी इसी ऑफिस में लाखों रुपये की चोरी हो चुकी है लेकिन अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार जांच शुरू होती है, मगर कुछ दिन बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। ये ऑफिस बहुत अहम है। यहां हजारों लोग हर हफ्ते आते हैं, लेकिन ना सीसीटीवी ठीक से लगे हैं और ना ही रात में सुरक्षा गार्ड। ये लापरवाही नहीं तो और क्या है चौकी से चंद कदमों पर हुई यह वारदात पुलिस के लिए चुनौती बन गई है अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या इस बार भी पुलिस की जांच सिर्फ फॉर्मेलिटी बनकर रह जाएगी या फिर कोई ठोस कार्रवाई की जाएगी? वहीं इस पूरे मामले में पुलिस का कहना है हमारी टीम लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए है। जैसे ही कोई नया अपडेट आता है, हम आपको जानकारी देंगे।


## कार्यालय : जलकल विभाग, नगर निगम जोन-4 गोमती नगर-लखनऊ

प.सं.-67/निविदा/ईई-4/2025-26 दिनांक-02/06/2025

### अल्पकालीन निविदा-सूचना

एतद्द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु जलकल विभाग नगर निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक निविदाएं दिनांक 13.06.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश (नान रिफन्डेबल) कैश काउण्टर जोन-4 में जमा करके दिनांक 13.06.2025 अपरान्ह 2.00 तक प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारण से अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर प्राप्त व खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। निविदा के साथ धरोहर राशि एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंक गारंटी जो अधिशासी अभियन्ता, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के नाम बंधक को जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि की निविदा मान्य नहीं होगी। शेष नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में उल्लिखित हैं।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन-4 के अन्तर्गत विभिन्न 5 स्थानों पर लगे नलकूप नेहरू इन्केल्व, विकास खण्ड-3, विभूति खण्ड, विनीत खण्ड-6 एवं विशाल खण्ड-2 में प्री ग्रेविल की सप्लाई का कार्य कराये जाने हेतु। | रू० 200.00 | रू० 5000.00 |
| 2. | जोन-4 के अन्तर्गत न्यू हाई कोर्ट गेट-नं.-2 से विजयीपुर गांव तक 300 एम.एम. डाया की सीवर लाईन एवं मेनहोल सफाई का कार्य कराये जाने हेतु। | रू० 300.00 | रू० 9000.00 |
| 3 | जोन-4 के अन्तर्गत गोमती नगर वार्ड-37 श्री दुर्गेश पाण्डे के घर के पास बेहनन पुरवा बिहारपुर में समरसेबिल पम्प की रिबोरिंग का कार्य कराये जाने हेतु। | रू० 150.00 | रू० 3500.00 |
| 4 | जोन-4 के अन्तर्गत रफी अहमद किदवई वार्ड डिगडिगा विशाल खण्ड में श्री विकास यादव के घर के पास समरसेबिल पम्प की रिबोरिंग का कार्य कराये जाने हेतु। | रू० 150.00 | रू० 3500.00 |
| 5 | जोन-4 के अन्तर्गत राजीव गांधी प्रथम एवं रफी अहमद वार्ड में विभिन्न 5 स्थानों पर समर सेबिल पम्प की मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु। | रू० 150.00 | रू० 3500.00 |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-4


स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# मरीजों की अनदेखी करने वाले पांच सरकारी डॉक्टर होंगे बर्खास्त

- उपमुख्यमंत्री के आदेश पर प्रमुख सचिव की कार्रवाई




लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार और काम में लापरवाही बरतना 5 डॉक्टरों को भारी पड़ा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशान्त कु ?मार और डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यो के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को इन डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थी।

डिप्टी सीएम ने बताया कि अपर निदेशक, लखनऊ मंडल ने 30 मई को आकस्मिक निरीक्षण कराया। निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरांवा से बलिया में स्थानान्तरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश प्रमुख सचिव को दिये गये हैं। वहीं, अनधिकृत रूप से बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की गयी है। अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी 2025 को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूर्ण करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई (वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई) में 21 जनवरी 2021 को की गई थी।

उन्होंने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। लिहाजा दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इस दौरान डॉ.बृजेश यादव को लखनऊ मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय और डॉ.संदीप कुमार को आजमगढ़ मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।

लखनऊ के लोक बन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ.ऊषा चन्द्रा बिना सूचना अनधिकृत रूप से गैरहाजिर हैं। उनके विरूद्ध भी विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। बलरामपुर स्थित मेमोरियल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा रंजन के विरूद्ध भी चिकित्सालय की साफ-सफाई न रखने, मरीजों के चिकित्सकीय कार्यों एवं पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने हेतु आरोप-पत्र देकर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं।

## निरीक्षण, संवाद व सुधार की पहल में डीजीपी का गुजरा पहला दिन



- वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रमुख मुद्दों पर की चर्चा
- मुख्यालय परिसर में बनी कैंटीन का किया निरीक्षण
- मीडिया के सामने अपनी प्राथमिकताओं को किया साझा

लखनऊ । यूपी के नवनियुक्त कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक डीजीपी राजीव कृष्ण का पुलिस मुख्यालय में पहला दिन सोमवार को बेहद व्यस्तताओं और महत्वपूर्ण बैठकों व निरीक्षणों से भरा रहा। सुबह वह अपने निर्धारित समय पर पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद उन्होंने मुख्यालय में मौजूद विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की और सीधे अपने कार्यालय में पहुंचे। कार्यालय में पहले से मौजूद विभागीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ उन्होंने पुलिस व्यवस्था, संचालन व प्रमुख मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। राजीव कृष्ण ने मुख्यालय परिसर में स्थित विभिन्न प्रमुख इकाइयों का भी दौरा किया और उनका गहराई से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यप्रणाली को समझा, व्यवस्थाओं की समीक्षा की और सुधार की संभावनाओं को मौके पर ही चिन्हित किया।

पुलिस कर्मियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने मुख्यालय परिसर में बनी कैंटीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की सफाई, भोजन की गुणवत्ता और अन्य व्यवस्थाओं को देखा और कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। इसके साथ ही वह शिकायतकताओं से भी मिले और उनकी बातों को गंभीरता से सुना। दिन के अंतिम चरण में डीजीपी राजीव कृष्ण ने मीडिया से बातचीत की, जिसमें उन्होंने पुलिस व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। पूरे दिन उन्होंने पुलिसकर्मियों से गर्मजोशी से मुलाकात की, जिससे पुलिस बल में उत्साह का माहौल देखा गया। उनका यह पूरा दौरा और संवादात्मक शैली यूपी पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर साझा किया गया, जो उनके समर्पण और सक्रिय नेतृत्व का परिचायक है।

## श्री हरेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भंडारे का भव्य आयोजन



लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। बालागंज के हरीनगर स्थित श्री हरेश्वरनाथ महादेव मंदिर में ज्येष्ठ के चौथे मंगलवार को भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर संरक्षक अवधेश कुमार और मंदिर सेविका सुधा कश्यप ने बताया सभी भक्तों ने सुन्दरकाण्ड का पाठ किया। जिसके बाद छोला चावल और बूंदी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बालागंज वार्ड के पार्षद कमलेश कुमार पटेल, एडवोकेट आरएन पटेल, दरशथलाल पांडेय, विवेक दूबे, सुमित निगम, अंशु सक्सेना, शुभम, आशीर्वाद विश्वकर्मा, फूलचंद्र, सूरज कश्यप, इंदुदेवी, अंशु दूबे, स्वेता, समेत सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।



बड़े मंगल पर दुबग्गा में लगे भंडारे में प्रसाद वितरण करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह। छाया: तरूणमित्र

## क्रूरता : कुत्तों को बिरयानी में जहर खिलाया, चार की तड़प-तड़पकर मौत

- तालकटोरा इलाके का मामला
- लगभग दस कुत्तों ने खाई जहरीली बिरयानी

लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। तालकटोरा के राजाजीपुरम इलाके के टैक्सी स्टैंड के पास लगभग दस कुत्तों को चिकन बिरयानी में जहर मिलाकर खिला दिया गया। इससे चार कुत्ते तड़प-तड़पकर मर गए। बाकी के छह कुत्तों का एनजीओ के डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। घटना राजाजीपुरम टैक्सी स्टैंड के पास की है।

सोमवार-मंगलवार की रात 2-3 बजे के बीच कुत्तों को बिरयानी खिलाई गई। इलाके के लोगों ने मंगलवार की सुबह कुछ कुत्तों को तड़पते देखा। फिर एनजीओ और पुलिस को सूचना दी। एनजीओ के डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे। तालकटोरा पुलिस ने कुत्तों की बॉडी पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाई। पुलिस को मामले में अब तक कोई तहरीर नहीं मिली है। जीव आश्रय एनजीओ के सदस्य शशि शेखर ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना मिली। मौके पर पहुंच कर देखा तो 4 कुत्तों की मौत हो चुकी थी और 6 तड़प रहे थे। 2 की कंडीशन बेहद गंभीर थी। 4 कुत्तों को मौके पर और 2 को एनजीओ के ऑफिस में इलाज किया जा रहा है। घटना स्थल के पास रहने वाले सौरभ ने बताया कि किसी ने मीट में जहर मिलाकर कुत्तों को दिया। उसे खाने के बाद कुत्तों की हालत खराब हो गई।

चार कुत्ते तड़पने लगे। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। कुछ देर में तड़पते हुए शांत हो गए। उनकी मौत हो गई। बचे हुए कुत्ते तड़प रहे हैं। एनजीओ वालों ने इन कुत्तों के इलाज में बहुत मदद की है। क्षेत्रीय लोगों में घटना को लेकर काफी गुस्सा है। सूचना पर तालकटोरा पुलिस पहुंची थी। लोगों ने पुलिस से ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हम लोग चाहते हैं कि ऐसा करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। जीव आश्रय फाउंडेशन के सदस्य शुभम प्रताप सिंह ने बताया कि कुत्तों के साथ ऐसा प्लान करके किया गया है। जिसने भी किया है, उसकी मानसिकता अच्छी नहीं है। बाकी मोहल्ले के लोग कोऑपरेटिव हैं। उन्होंने रेस्क्यू करने में हमारी काफी मदद की। डीसीपी विश्वजीत सिंह ने बताया-कुत्तों की डेडबॉडी पोस्टमॉर्टम के लिए भेजी गई है। स्थानीय लोगों से तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### ई-रिक्शा चालक को मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने एक ई-रिक्शा चालक को मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की पहचान सैफुल्लाह उर्फ सैफ (22 वर्ष, निवासी बहराइच) के रूप में हुई है। पुलिस ने चोरी किए गए मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा को भी बरामद कर लिया है पुलिस के अनुसार, 26 मई 2025 की रात को ठाकुरगंज निवासी श्रीमती प्रीति सोनी ने शिकायत दर्ज की थी कि सुल्तानपुर नर्सरी, मलौली पुलिया के पास एक ई-रिक्शा चालक ने उनका ओप्पो और लावा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इस आधार पर थाना गोसाईगंज में मुकदमा दर्ज किया गया। मंगलवार को पुलिस ने अभियुक्त सैफुल्लाह को गिरफ्तार किया।

### नशे में धुत युवकों ने प्रापर्टी डीलर पर लात-घूसे बरसाए

लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। नाका इलाके में खाना पैक कराने आए प्रापर्टी डीलर की दबंगों ने बेहरमी से पिटाई कर दी। प्रापर्टी डीलर को कई जगह गंभीर चोटें आईं। वहां मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। निशातगंज गली नंबर- 5 निवासी राशिद सिद्दीकी प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। रविवार-सोमवार की रात करीब 12:15 बजे निजी काम से चारबाग गए थे। काम निपटाने के बाद बाला जी होटल के पास खाना पैक कराने लगे। वह खाना लेकर निकल रहे थे, तभी वहां उनके मोहल्ले के ललित चौधरी, रोहित, शनि सैनी और शुभम गुप्ता पहुंच गए। सभी नशे में धुत थे। रोहित ने राशिद को अपशब्द कहते हुए बदतमीजी शुरू कर दी। राशिद विरोध करते हुए आगे बढ़ गए। इस दौरान रोहित ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। जिसकी वजह से राशिद के सिर, मुंह, नाक व अन्य जगहों पर गंभीर चोट आई। मारपीट होता देख इलाके में भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बचाने का प्रयास किए तो दबंग उनको भी मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान किसी व्यक्ति ने पूरी मारपीट का वीडियो बना लिया। से सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले में इंस्पेक्टर नाका ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

### परियोजना अधिकारी की कार खाई में गिरी, मौत

लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। लखीमपुर में परियोजना अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ. अजय सीतापुर के परसेहरा माल इलाके में कार से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार बेकाबू होकर खाई में पलट गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉ. अजय कुमार सिंह लखनऊ के रहने वाले थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उनकी पत्नी रेनू और बेटा आयुष्मान कार से सीतापुर की ओर निकले। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के नन्दना गांव के पास पहुंचने पर उन्हें डॉ. अजय की मृत्यु की खबर मिली। यह सुनते ही दोनों कार से उतर कर रेलवे ट्रैक की तरफ भागे। राहगीरों ने मां-बेटे को दौड़कर पकड़ लिया और बीकेटी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को थाने ले जाकर समझाया-बुझाया और शांत कराया। डॉ. अजय अपने बीमार बच्चे का हालचाल जानने गए थे। वह दोपहर करीब 12 बजे पलिया में होने वाली जिलास्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए लौट रहे थे। एक कुशल अधिकारी के रूप में जाने जाने वाले डॉ. अजय की मृत्यु से स्थानीय प्रशासन और उनके सहकर्मियों में शोक की लहर है।

## लोकबंधु अस्पताल में बना पहला ई-कोर्ट रूम

लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। लोकबंधु अस्पताल में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए ई कोर्ट में पहली सुनवाई की गई । लोकबंधु के एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने सुनवाई में अस्पताल में बने ई कोर्ट के जरिए अपनी गवाही दी। ई कोर्ट के जरिए डॉक्टरों की गवाही शुरू हो गई है। निदेशक डॉ संगीता गुप्ता ने बताया की अस्पताल के डॉक्टरों को अब गवाही के लिए सीएमओ या दूसरे जिलों में नहीं जाना होगा। इससे डॉक्टर की ओपीडी और ओटी प्रभावित नहीं होगी।

लोकबंधु जिले का पहला ऐसा सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां से अब वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए डॉक्टरों की गवाही शुरू हो गई है। दूसरे अस्पतालों में केंद्र न होने से जिले भर के डॉक्टर गवाही देने के लिए सीएमओ कार्यालय में बने ई-कोर्ट रूम में जाते रहे हैं। शासन के निर्देश पर लोकबंधु अस्पताल में एक कमरे को ई-कोर्ट बनाया गया है, जिसमें कंप्यूटर समेत अन्य जरूरी उपकरण लगाए गए हैं। लोकबंधु अस्पताल से पहली गवाही इस ई-कोर्ट से वहां के एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने दी है। इससे उन्हें सीएमओ कार्यालय या कोर्ट नहीं जाना पड़ा। उन्होंने गवाही देने के साथ ही अस्पताल के काम भी निपटाए। वहीं, सीएमओ आफिस में बने ई कोर्ट रूम से अब तक 20 से अधिक डॉक्टरों की गवाही हो चुकी है। उन्हें गवाही के लिए कोर्ट की दौड़ नहीं लगानी पड़ी।

### डाक्टरों की गवाही के लिए अब नहीं जाना होगा सीएमओ कार्यालय

बलरामपुर, सिविल, बीआरडी महानगर, आरएलबी समेत किसी भी अस्पताल में अभी तक ई-कोर्ट रूम की सुविधा नहीं है। सभी डॉक्टर कोर्ट एविडेंस के लिए सीएमओ कार्यालय में बने ई-कोर्ट रूम के जरिए गवाही देने आते रहे हैं। इस दौरान डॉक्टर की ओपीडी और ओटी प्रभावित होती रहती है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि पहले डॉक्टरों को विभिन्न जिलों में जाकर कोर्ट में गवाही देनी पड़ती रही है। कोर्ट में गवाही देने के लिए डॉक्टर को छुट्टी लेनी पड़ती थी, जिससे मरीजों को परेशान होती थी। अब अस्पतालों में ई-कोर्ट बनने से मरीजों को फायदा होगा। साथ ही डॉक्टरों का समय भी बचेगा और उन्हें छुट्टी नहीं लेनी पड़ेगी।

### ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, रातभर गुल रही बिजली

लखनऊ। कटनी के कमता पावर हाउस क्षेत्र के विमल नगर मोहल्ले में बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। 2 से 3 जून की आधी रात करीब 12:30 बजे शिव मंदिर के सामने लगे ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होने की वजह से आग लगी। जब आग की लपटें तेज होने लगीं तो लोगों ने बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण आसपास के कई इलाकों की बिजली सप्लाई पूरी रात बंद रही। हनुमान मार्केट, शंकरपुरी, विमल नगर, कल्याणी बिहार और वासुदेव नगर जैसे इलाकों में लोग गर्मी और अंधेरे में पूरी रात परेशान रहे। बिजली ना होने से कई घरों में इन्वर्टर भी जवाब दे गए। बिजली विभाग की टीम ने रातभर काम किया और सुबह तक ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कर बिजली सप्लाई दोबारा शुरू कर दी।

### धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों संग पुलिस अधिकारियों ने की बैठक

लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से दक्षिणी जोन में पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के उतरतिया स्थित गणपति रेस्टोरेंट में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने की। बैठक में क्षेत्रीय धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकताओं, संभ्रांत नागरिकों एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए बकरीद पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए अहम निर्देश बैठक के दौरान पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी समुदायों से आग्रह किया कि कुबार्नी, साफ-सफाई और सार्वजनिक स्थलों की मयार्दा का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और ऐसे मामलों में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

## कार सवार महिला ने तीन को रौंदा, एक की मौत




लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। मदेयगंज इलाके में तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने सड़क किनारे खड़े 3 लोगों को रौंद दिया। उसके बाद खंभे से टकरा गई। घायलों को उपचार के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई। बच्चे और महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। जोरदार टक्कर लगने से दो स्कूटी और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

फुटपाथ के किनारे रखा दुकान का सामान टूट गया। क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना मंगलवार दोपहर 3 बजे शिया पीजी कालेज के सामने हुई। कार महिला चला रही थी। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। कार पंकज कुमार गुप्ता के नाम पर रजिस्टर्ड है। घटना में 45 वर्षीय वीरेंद्र पांडेय की मौत हो गई। वह ज्वाला देवी मंदिर, खदरा लखनऊ के रहने वाले थे। बांसमंडी भानूटोला, सीतापुर रोड लखनऊ निवासी 10 वर्षीय दक्ष सोनकर की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

अज्ञात महिला भी अस्पताल में भर्ती है। वह क्षेत्र में भीख मांगकर जीवनयापन करती थी। घटनास्थल काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है। सड़क पर काफी भीड़ थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रफ्तार अधिक होने के कारण कार बेकाबू हो गई। गनीमत रही कि खंभे से टकराकर रुक गई। वर्ना और बड़ा हादसा हो जाता।

### यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए मंडलायुक्त ने अवध चौराहें का औचक निरीक्षण



लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू बनाने के लिए मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने अवध चौराहें का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेतु निगम के संबंधित अधिकारी ने बताया कि अवध चौराहें के निर्माणधीन अंडरपास की लंबाई 887.36 मीटर है। जिसमे से 100 मीटर बॉक्स पोसिंग का कार्य किया जाना है। 2 रिंग मशीन, 1 हाइड्रा,1 जेसीबी, 2 कंक्रीट पंप व 1 मिनी स्केक्टर द्वारा मौके पर कार्य कराया जा रहा है। सेतु निगम के संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की 26 दिसंबर 2026 निर्माणधीन अंडरपास के सिविल कार्य की पूर्ण होने की समयावधि निहित की गई है। मंडलायुक्त ने उपस्थिति संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सेतु निगम द्वारा निर्माणधीन अंडरपास के कार्यो की गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखते हुए संपूर्ण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मेंन पावर व मशीनरी की संख्या में भी बढ़ोतरी करते हुए दिन-रात कार्य कराया जाए। जिससे निर्धारित समयावधि में संपूर्ण कार्य पूर्ण हो सके। उक्त के पश्चात निर्माणधीन अंडरपास की मंडलायुक्त ने मैप के माध्यम से वस्तुस्थिति की जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि बिजली व पुलिस से किसी प्रकार बंदोबस्त में समस्या आए तो हमें तत्काल अवगत कराया जाए साथ ही कार्य करने के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न होने के भी निर्देश दिए।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बेगरियामऊ गांव में मंगलवार की शाम एक दुखद घटना सामने आई, जिसमें 18 वर्षीय अजीत उर्फ मुरली पुत्र मुनेश्वर ने अपने घर की दूसरी मंजिल पर छत की कुंडी में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई।जानकारी के अनुसार अजीत उर्फ मुरली अपने परिवार के साथ बेगरियामऊ गांव में रहता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। मंगलवार की शाम उसने अपने घर की दूसरी मंजिल पर साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही शुरू की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। गोसाईगंज थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस ने तत्काल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, हालांकि मृत्यु के सटीक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## बादलों की छाया में बड़े मंगल पर जमकर बंटा प्रसाद

लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। राजधानी के जानकीपुरम, अलीगंज, विकास नगर, मड़ियांव, गोमतीनगर, फैजुल्लागंज, चौक, ठाकुरगंज, बालागंज सहित विभिन्न स्थानों पर चौथे बड़े मंगल पर जमकर प्रसाद बंटा। राजधानी में पूरे दिन बदरी छायी रहीं,इसके कारण लोगों ने घर से निकलकर प्रसाद का जमकर आनंद लिया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, बूंदी और शरबत का प्रसाद वितरित किया गया।

### चौथे मंगल पर लखनऊ में लगे स्टॉल



नगर निगम के लालालाजपत राय वार्ड के पार्षद राघव राम तिवारी द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों के लिए प्रसाद सहित वीवीआईपी लोगों के लिए भी व्यवस्था की गई थी। पारसद ने युवाओं से धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। भंडारे की सफलता में कई लोगों का योगदान रहा।

वहीं विकास नगर में डंडहिया पेट्रोल पम्प के पास हिमांशु मिश्रा, बृजेश मिश्रा, सुमेश पांडेय, अरुण शर्मा, धरम सिंह यादव सहित प्रवेश कुमार ने भंडारे का आयोजन किया।

कमलापुरी महासभा के नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समाजसेवी और युवा उद्यमी तरुण कमलापुरी ने भड़नारे का आयोजन किया। इस भंडारे में बीजेपी नेता प्रदीप कमलापुरी और युवा फाइनेंस एडवाइजर पवन गुप्ता भी पहुंचे।

भंडारे में कमलापुरी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जेपी गुप्ता भी मौजूद रहे। बालागंज के हरीनगर के श्री हरेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर संरक्षक अवधेश कुमार और मंदिर सेविका सुधा कश्यप ने बताया सभी भक्तों ने सुन्दरकाण्ड का पाठ किया। जिसके बाद छोला चावल और बूंदी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बालागंज वार्ड के पार्षद कमलेश कुमार पटेल, एडवोकेट आर.एन पटेल, दरशथलाल पांडेय, विवेक दूबे, सुमित निगम, अंशु सक्सेना, शुभम, आशीर्वाद विश्वकर्मा, फूलचंद्र, सूरज कश्यप, इंदुदेवी, अंशु दूबे, स्वेता, समेत सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

### जेठ के चौथे बड़े मंगल पर बूंदी, पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल बांटा



लखनऊ, 03 जून (तरूणमित्र)। गोसाईगंज में जेठ माह के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर क्षेत्र में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। पहाड़ नगर टिकरिया रेलवे क्रासिंग के पास आर डी प्लाजा में भक्तों के सहयोग से विशेष भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी और कढ़ी-चावल का वितरण किया गया। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान ठंडे पानी की व्यवस्था भी की गई थी। भक्तों ने हनुमान जी के जयकारे लगाए। वहीं बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर में चल रहे भंडारे में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा श्री श्याम परिवार की ओर से 13 मई से आयोजित किया जा रहा है।

श्री श्याम मंदिर समिति के शिवम दुबे ने बताया कि शनिवार को करीब पांच हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर आने वाले दर्शनार्थी और श्रद्धालुओं के लिए यह भंडारा प्रतिदिन 11 जून तक चलेगा। उन्होंने बताया कि भक्तजन शाम पांच बजे श्याम बाबा की इच्छा तक यहां प्रसाद प्राप्त कर सकेंगे। रोज यहां तीन से पांच हजार श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया जाता है।